


शैलपुत्री पूजा

नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि चंद्रमा, सभी भाग्य का प्रदाता, देवी शैलपुत्री द्वारा शासित होता है और चंद्रमा के किसी भी बुरे प्रभाव को आदि शक्ति के इस रूप की पूजा करने से दूर किया जा सकता है।

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्षः 15 | अंकः 06 | मूल्यः ₹ 3.00/- | पेज : 12 | रविवार | 15 अक्टूबर, 2023

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper




## महिला अपराध के खिलाफ सीएम योगी की चेतावनी, कहा, बहुत वक्त दे चुके, अब होगी कड़ी कार्रवाई

# ‘मिशन शक्ति 4.0’ का आगाज

- सीएम योगी बोले, बीसी सखी बनकर महिलाओं ने गांवों में बैंक की कमी को पूरा किया
- वाराणसी में मिशन शक्ति 4.0 के लिए बाइक पर शिलांग से पहुंची सीआरपीएफ महिला बटालियन
- सीएम योगी बोले, महिला थाना क्षेत्र में जो भी सेंध लगाएगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

शारदीय नवरात्रि से पहले सीएम योगी ने शनिवार लखनऊ से मिशन शक्ति के चौथे चरण का आगाज किया। मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर महिला सशक्तिकरण रैली को रवाना किया। इस दौरान सीएम ने महिला अपराध को लेकर कड़े शब्दों में चेतावनी दी। कहा, ऐसे अपराधियों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। संभलने के लिए उन्हें बहुत वक्त मिल चुका है। अगर अब भी नहीं चेत पाए तो एक्शन होगा। वहीं, वाराणसी में भी सीएम योगी ने वर्चुअली मिशन शक्ति का आगाज किया। इस मौके पर शिलांग से वाराणसी बाइक से पहुंची सीआरपीएफ महिला बटालियन और बाइकर्स ने रैली निकाली। वहीं सीएम योगी ने 3 महिला विशिष्ट अतिथियों पद्मश्री हेमा प्रभा सोतिया, इसरो वैज्ञानिक ऋतु करिधल श्रीवास्तव, एचसीएल की सीईओ रोशनी नाडर सहित 25 महिलाओं को सम्मानित किया।



### 5 केडी से रवाना हुई रैली 1090 चौराहे पर खत्म होगी

महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की पुलिस अधीक्षक रूचिता चौधरी ने कहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास से रैली को फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। यह रैली 5 कालीदास मार्ग से रवाना होकर उदादेवी चौराहा, क्लार्क अवध, केजीएमयू चौराहा, कोनेश्वर मंदिर, आई चौराहा और पॉलिटेक्निक चौराहा होते हुए 1090 चौराहे पर समाप्त होगी। रैली के इन पड़ाव पर संबंधित थाना क्षेत्र की विशिष्ट महिलाएं मौजूद रहेंगी। इस दौरान क्षेत्र की महिलाएं और बेटियां भी मौजूद रहेंगी। सभी को मिशन शक्ति और नारी सशक्तिकरण से जुड़ी सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दे रही हैं।

### जिनके लिए योजना बनती है, उन्हें पता नहीं चलता

सीएम योगी ने कहा कि सरकार हमेशा जरूरतमंदों को ध्यान में रखकर योजना बनाती है। सरकार की नीयत कभी खराब नहीं होती है। लेकिन कई बार उन लोगों को जानकारी ही नहीं होती है, जिनके लिए ये प्रोग्राम बनाया जाता है। इसलिए उनको सही जानकारी सही समय पर देना जरूरी होता है। सरकार इस दिशा में तेजी से काम कर रही है।

### अपराधियों को सजा दिलवाने में यूपी आगे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का ये कार्यक्रम पूरे प्रदेश में लोकप्रिय हुआ है। साथ ही अपराध करने वाले लोगों को सजा दिलवाने में यूपी देश के अग्रणी राज्यों में हैं। महिला थाना क्षेत्र में जो भी सेंध लगाने की कोशिश करेगा उससे सख्ती के साथ निपटा जाएगा।

### महिला पीआरवी की गाड़ियां हुईं शामिल

पुलिस अधीक्षक ने बताया, रैली में 80 पिंक स्कूटी, 6 फोर व्हीलर, डायल 112 की 20 गाड़ियां (महिला पीआरवी) और एंबुलेंस मौजूद हैं। रैली में पहला वाहन खुली जिप्सी है, जिस पर 1090 का मैस्कॉट मौजूद हैं। यह वाहन पीए सिस्टम (पब्लिक एड्रेस सिस्टम) से लैस है। जिससे मिशन शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित जिंगल प्रसारित किए जाएंगे।

### पुलिस में 20 परसेंट महिला कर्मियों को भर्ती किया

इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि हमने यूपी पुलिस में 20 परसेंट महिला कर्मियों को भर्ती किया। उन्हें महिला बीट के रूप में तैनाती दी और ये गांव-गाव जाकर महिला अपराध को रोकने के लिए निरीक्षण और जागरुकता का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 31 लाख निराश्रित महिलाओं को मासिक पेंशन दे रही है।

### सीएम योगी ने तीन महिला विशिष्ट अतिथियों पद्मश्री हेमा प्रभा सोतिया, इसरो वैज्ञानिक ऋतु करिधल श्रीवास्तव, एचसीएल की सीईओ रोशनी नाडर को सम्मानति किया

### इसरो वैज्ञानिक ऋतु करिधाल श्रीवास्तव बोलीं, घर आकर अच्छा लगा

कार्यक्रम में सीएम योगी ने इसरो वैज्ञानिक ऋतु करिधाल श्रीवास्तव को विशिष्ट सम्मान दिया। इस मौके पर ऋतु करिधाल ने कहा कि मुझे अपने घर आकर बहुत अच्छा लग रहा है। मुझे बहुत समय बाद यहां आने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि मेरी शुभकामनाएं हैं कि यूपी लगातार ऐसा ही अच्छा काम करता रहे। ऋतु करिधाल इसरो की वैज्ञानिक हैं और लखनऊ की रहने वाली हैं। भारत के ऐतिहासिक चंद्रयान मिशन 3 को ऋतु ने ही लीड किया था। उन्होंने लखनऊ यूनिवर्सिटी से ही उन्होंने पढ़ाई की है। फिलहाल वो वो केरल में रह रही हैं।

### ‘गांव में बैंक की कमी को महिलाएं पूरा कर रहीं हैं’

सीएम ने कहा कि आज प्रदेश में महिला स्वावलंबन के कई कार्य हो रहे हैं। 50 हजार गांवों में बीसी सखी बेहतरीन काम कर रही हैं। पहले गांवों में बैंकों की कमी थी लेकिन बीसी सखी ने गांवों में बैंक की कमी को दूर किया है। बीसी सखी, बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंस सखी बन कर लोगों की मुसीबत के समय मदद कर रही हैं। इन महिलाओं को सरकार की तरफ से 6 महीने की ट्रेनिंग भी दी जाती है।

### वाराणसी में नमो घाट से बाइक रैली रवाना

वाराणसी में भी मिशन शक्ति 4.0 का आगाज किया गया। पुलिस लाइन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसे सीएम योगी ने लखनऊ से वर्चुअली शुरू किया। नमो घाट पर पुलिस अधिकारियों ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाइकर्स शहर के प्रमुख मार्गों से होकर पुलिस लाइन पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लिया।

### प्रदेश के सभी जनपदों में हो रहा लाइव प्रसारण

आज से शुरू हुए मिशन शक्ति अभियान के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रदेश के सभी जनपदों में किया गया। जहां प्रभारी मंत्री समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में गृह विभाग की ओर से मिशन शक्ति की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही मिशन शक्ति अभियान की प्रगति पर लघु फिल्म प्रदर्शित की जाएगी।






यूपी में बिजली दर बढ़ाने पर आमादा पावर कॉर्पोरेशन

## प्रदेश में 30 से 35 फीसदी महंगी हो सकती है बिजली

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पावर कॉर्पोरेशन ने चौथी बार कॉस्ट डाटा बुक में कोई बदलाव नहीं किया है। यदि पावर कॉर्पोरेशन के प्रस्ताव को विद्युत नियामक आयोग ने हरी झंडी दी तो बिजली कनेक्शन की नई दरों में 30 से 35 फीसदी वृद्धि हो जाएगी। यानी पावर कॉर्पोरेशन बिजली दर बढ़ाने पर आमादा है। सितंबर में पावर कॉर्पोरेशन ने विद्युत वितरण निगमों की ओर से नियामक आयोग में प्रस्ताव भेजा था। भारी विरोध के बाद आयोग ने दरें संशोधित कर प्रस्ताव देने का निर्देश दिया था लेकिन 11 अक्तूबर को दाखिल किए गए संशोधित कॉस्ट डाटा बुक में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिली तो छोटे व बड़े उद्योगों की सिक्योरिटी राशि में 50 से 100 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में उद्योगों के लिए नए कनेक्शन की दरों में 100 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि हो सकती है। इसका सीधा भार कनेक्शन धारक पर पड़ेगा। उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कोड रिव्यू पैनल के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि हर स्तर पर बिजली दरें बढ़ाने का विरोध किया जाएगा। जल्द ही जब आयोग रिव्यू पैनल सब कमेटी की बैठक बुलाएगा तो उसमें अव्यवहारिक दरों का विरोध करेंगे।

### प्रीपेड मीटर की दरें तय नहीं, उठ रहे सवाल

नई कॉस्ट डाटा बुक में अभी भी स्मार्ट प्रीपेड मीटर की दरों को पावर कॉर्पोरेशन ने दाखिल नहीं किया है। जबकि सभी बिजली कंपनियों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के टेंडर हो चुके हैं। फाइनल और नई दरें तय हो चुकी हैं। ऐसे में दरों को न प्रस्तावित करने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। आयोग की ओर से बुलाई जाने वाली सप्लाई कोड रिव्यू पैनल की बैठक में उपभोक्ता परिषद इस बढ़ोतरी का विरोध करेगा। साथ ही पैनल की बैठक में उपभोक्ता परिषद उपभोक्ता सामग्री की गैर तर्कसंगत दरों को लेकर भी खुलासा करेगा।

### नए संयोजन में सिक्योरिटी में सर्वाधिक प्रस्तावित दरें

- स्मॉल एंड मीडियम पावर 1,350 रुपये प्रति किलोवाट, अब बढ़कर 3000 रुपये प्रति किलोवाट 122 प्रतिशत
- नॉन इंडस्ट्रियल लोड 4,500 रुपये प्रति केवीए, अब बढ़कर 6000 रुपये प्रति केवीए 33 प्रतिशत
- लार्ज एंड हैवी 2,200 रुपये प्रति किलोवाट, अब बढ़कर 5,000 रुपये प्रति किलोवाट 127 प्रतिशत
- चार्जिंग सबस्टेशन 400 रुपये प्रति किलोवाटए अब बढ़कर 3,000 रुपये प्रति किलोवाट 650 प्रतिशत

## नवरात्र में मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलों के बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बाद प्रदेश के दूसरे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की है। योगी सरकार के नवरात्र में मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलों के बीच राज्य के भाजपा नेताओं की भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात को बहुत अहम माना जा रहा है। पाठक ने नई दिल्ली में नड्डा से मुलाकात का खुलासा अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स किया है। यूपी कैबिनेट में घोसी उपचुनाव के बाद से ही फेरबदल के कयास लगाए जा रहे हैं। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान को योगी मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है।

## डराने वाला आंकड़ाः यूपी में हर साल 14700 बच्चे हो रहे कैंसर ग्रस्त, 30 फीसदी ही पहुंच पाते हैं अस्पताल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश में हर वर्ष करीब 14,700 बच्चे कैंसर ग्रस्त हो रहे हैं। इनमें से मात्र 30 फीसदी बच्चे ही कैंसर उपचार केंद्र तक पहुंच पाते हैं। शेष 70 फीसदी को राज्य के भीतर या बाहर के अस्पताल में पहुंच नहीं है। यह कहना है स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा का। वह शनिवार को बचपन के कैंसर पर हो रही परामर्शदात्री कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और कैनकिड्स किड्सकैन के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि डब्ल्यूएचओ ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर चाइल्डहुड कैंसर (जीआईसीसी) ने 2030 तक भारत जैसे कम आय वाले



देश के लिए 60 फीसदी जीवित रहने की दर का लक्ष्य रखा गया है। इससे अतिरिक्त 10 लाख लोगों की जान बचाई जा सकेगी। 60 फीसदी उत्तरजीविता हासिल करने के लिए शत प्रतिशत बच्चों की देखभाल की व्यवस्था करनी होगी। उन्होंने कहा कि जांच केंद्र बढ़ाने और उन्हें अपग्रेड करने की जरूरत है। मरीज को फॉलोअप के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) स्तर पर सुविधा देने की तैयारी है।

### जांचने के लिए फ्रंट लाइन वर्कर को प्रशिक्षित किया जाएगा

डॉ. मनोज शुक्ल ने कहा कि कैंसरग्रस्त बच्चों की देखभाल और प्राथमिक स्तर पर जांचने के लिए फ्रंट लाइन वर्कर को प्रशिक्षित किया जाएगा। ताकि जल्द से जल्द कैंसर की बीमारी की पहचान हो सके। इस दौरान डॉ. अर्चना कुमार ने कैंसर से जुड़ी विभिन्न जानकारी दी। कैनकिड्स किड्सकैन की अध्यक्ष पूनम बगई बताया कि प्रदेश में 11 उपचार केंद्र, तीन देखभाल केंद्र और एक राज्य देखभाल समन्वय केंद्र स्थापित किए गए हैं।

## पब्लिक सर्वेंट स्वास्थ्य मंत्री को मरीजों पर नहीं आता तरस, प्रसूताओं के भोजन में भी घोटालाः अखिलेश



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से बदहाली का शिकार है। अस्पतालों में प्रसूताओं और मरीजों को मिलने वाले भोजन में भी घोटाला किया जा रहा है। सरकार और पब्लिक सर्वेंट स्वास्थ्य मंत्री मरीजों की हालत पर तरस नहीं खा रहे हैं। अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि बलरामपुर के सरकारी अस्पतालों में प्रसूताओं को घटिया क्वालिटी का भोजन दिया जा रहा है। समय से नाश्ता-खाना नहीं दिया जा रहा है। लखनऊ के लोहिया अस्पताल में दूसरे जिलों से आने वाले मरीजों के ठहरने की कोई व्यवस्था नहीं होने से मरीज और तीमारदार बाहर खुले में लेटने को मजबूर हैं। देवरिया में पिछले दिनों 35 बेड पर 52 बच्चों का इलाज होते पाया गया। केजीएमयू और लारी अस्पताल में मरीजों को तमाम परेशानियां उठानी पड़ रही है।

### बरेली के पीड़ित परिवारों से कल मिलेंगे सपाई

सपा का एक प्रतिनिधिमंडल 16 अक्तूबर को बरेली में सीबीगंज की प्रिया कश्यप और फरीदपुर के गांव डभौरा में पीड़ित परिवार से मिलेगा। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महासचिव अता उर रहमान, विधायक शहजिल इस्लाम विधायक, पूर्व सांसद प्रवीन सिंह ऐरन और सपा जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप शामिल रहेंगे।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# जिन्हें भाई माना उन्होंने दरिंदगी कर मार डाला

## पिता बोला, हमसे लाश का सौदा करते रहे, कर्ज उतारने के लिए पड़ोसी भाइयों ने किया बच्चे का अपहरण

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बदायूं।

मेरा बेटा अक्सर पड़ोसी के घर में खेलने जाता था। पड़ोस के दंपती को अम्मी-अब्बू कहता था। उनके लड़कों को अपना भाई मानता था। उस दिन भी वो उनके घर खेलने गया था। तभी उनके दोनों बेटों ने अपहरण कर लिया। उसे उठाकर गन्ने के खेत में ले गए। उसी दिन बेटे की हत्या कर दी। उसके बाद झूठ बोलकर लाश के नाम पर फिरौती में 4.20 लाख रुपए मांगते रहे। पकड़े जाने के डर से वे हमारे साथ ही बेटे को ढुढ़वाते भी रहे। लेकिन मैंने फोन करने वाले की आवाज पहचान ली थी और पुलिस को बता दिया था। पुलिस हमारे घर पहुंची और पड़ोस के लड़के को उठा



लिया। उसके बाद फिर मेरे बेटे की लाश ही मिली। जिस लड़के को मेरा बेटा अपना भाई कहता था, उसने ही दरिंदगी की। ये सुनकर मेरी रूह कांप गई। मेरे बेटे की जान बहुत मुश्किल से निकली होगी। वो रोया होगा, तड़पा होगा लेकिन ये दरिंदे नहीं पसीजे और उसकी हत्या कर दी। ये दर्द है बदायूं के उस पिता और मां का, जिनके 8 साल के दुलारे बेटे की हत्या उनके ही पड़ोस में रहने वाले शाहरुख और उसके भाई ने कर दी। उसके बाद लाश का सौदा करते रहे। वे बच्चे को मारने के बाद भी पीड़ित परिवार से फिरौती मांगते रहे। हम आपको हत्या के पीछे के कारण और पूरे परिवार का दर्द पढ़वाते हैं।

### रैली देखने निकला था बच्चा, फिर मिली लाश

फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के एक कस्बा में रहने वाला 8 साल का मासूम बुधवार दोपहर लापता हो गया था। घटना से कुछ देर पहले भाजपा के पूर्व विधायक कुशाग्र सागर भी मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत यहां पहुंचे थे। बच्चा घर से यही कहकर निकला था कि वह रैली देखने जा रहा है। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद भी मासूम नहीं मिला, तो परिजन थाने पहुंचे। यहां पुलिस ने कहा कि पहले खुद तलाश करो। वहीं गुरुवार को पिता के मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि तुम्हारे बेटे का अपहरण हो चुका है। उसकी वापसी के लिए 4.20 लाख रुपए की फिरौती भी मांगी गई। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, तो पुलिस एक्टिव हुई और मासूम की गुमशुदगी दर्ज कर ली।

### पिता को आवाज सुनकर हो गया था शक

पिता के शक के आधार पर पुलिस ने आरोपी शाहरुख को पकड़ लिया। फिर उसी की निशानदेही पर गुरुवार रात को उघैती थाना क्षेत्र के चनी गांव में गन्ने के खेत में मासूम की लाश बरामद कर ली। बताया जाता है कि पिता ने शाहरुख की आवाज पहचान ली थी। यही बात उसने पुलिस को बताई, तो पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया था। पुलिस का शक पड़ोसी पर इसलिए भी गहरा गया था, क्योंकि फिरौती मांगने वाले नंबर को जब सर्विलांस पर लिया गया तो उसकी लोकेशन भी पीड़ित के गांव की मिली थी। पीड़ित बच्चे के पिता पंजाब में रहकर फल का काम करते हैं। पिता ने रुंधे गले के साथ बताया, मेरे चार बच्चों में मासूम सबसे छोटा था। वह तीसरी क्लास में पढ़ता था। मेरा बच्चा पड़ोस में रहने वाले सद्दीक के घर पूरे दिन आता-जाता था।

### ‘कई बार दरिंदगी की, छोड़ देता तो भी पकड़ा जाता’

इसके अलावा छात्र के गले में काला निशान मिला था, जिससे उसकी गला घोंटकर हत्या का पुष्टि हुई। डेडबॉडी पर शर्ट के अलावा कोई कपड़ा नहीं था। प्राइवेट पार्ट पर भी जख्म के निशान मिले थे। जिस पर आरोपी ने कई अटेम्प्ट में हैवानियत करने की बात भी कबूल की। उसने बताया, मैंने जब रकम मांगी, तो बच्चे ने ये बात भी सुन ली थी। उसे मैं छोड़ देता, तो भी पकड़ा जाता। इसके डर से हत्या में भाई सबाबुल और एक और आरोपी गुल्लू को भी शामिल किया। हत्या के बाद लाश खेत में फेंक दी।

### हाथ फैलाकर बेटा मांग रही मां

बच्चे की मां बार-बार हाथ फैलाकर रोते हुए अपना बेटा मांगती रही। पड़ोसियों को कोसती रही कि मैं सब कुछ दे दूंगी, लेकिन मेरा बेटा तो मुझे लौटा दो। वो मेरे कलेजे का टुकड़ा मुझे लौटा दो। ये मंजर देखकर आसपास मौजूद भीड़ भी रोने लगती है। सब उसे ढांढस बंधाते हैं कि अब बेटा नहीं रहा। हत्यारों ने उसे नहीं छोड़ा।

# प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति अभियान-4 का हुआ शुभारम्भ

**✻ प्रभारी मंत्री, सांसद, जिलाधिकारी व एसपी ने जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना**

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

स्वतंत्र प्रभार, प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप, सांसद आर.के. पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलायी जा रही मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति अभियान-4 के तत्वाधान में आयोजित विभिन्न महिला सम्बन्धी सरकारी इकाईयों की जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर योजना का शुभारम्भ किया गया। इसी प्रकार की रैलियों का शुभारम्भ करते हुये मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ से मिशन शक्ति चतुर्थ चरण का शुभारम्भ शनिवार को किया गया है, उसी के साथ सभी 75 जनपदों में जनपदीय रैली का आयोजन किया जाना था। जिसके क्रम में आज का कार्यक्रम किया गया है।

विभिन्न महिला सम्बन्धी सरकारी इकाईयों की जागरुकता रैली का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने किया। रैली में बड़ी संख्या में महिला पुलिस कर्मी, महिला होमगार्ड, जिला प्रोवेशन अधिकारी एवं समाज कल्याण विभाग की महिलाएं, एम्बुलेंस, महिला पीआरवी आदि शामिल हुए। साथ ही बड़ी संख्या में एनसीसी के बच्चे, जीजीआईसी एवं केन्द्रीय विद्यालय की बालिकाओं ने बड़ी उत्साह के साथ भाग लिया। यह जागरुकता रैली राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज चित्रकूट से प्रारम्भ होकर एलआईसी तिराहा से ट्राफिक चैराहा होते हुये



पुरानी कोतवाली पर समाप्त हुई। रैली में उपस्थित बालिकाओं एवं महिलाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों से परिचित कराते हुये महिला सुरक्षा, स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण के प्रति प्रोत्साहित किया गया। आज से प्रारम्भ हो रहे शारदीय नवरात्रि की अवधी में सभी विभागों द्वारा महिलाओं, बालिकओं पर केन्द्रित योजनाओं पर बल देते हुये जनजागरुकता के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

मिशन शक्ति अभियान-4 के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर, लाइन्स निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रों में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा शारदीय नवरात्रों में शक्ति दीदी द्वारा भ्रमण कर महिलाओं, बालिकाओं के सम्बन्ध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। शारदीय नवरात्रों के दौरान सभी बड़े पूजा पण्डालों एवं मंदिरों के आस पास शक्ति दीदी ड्यूटी देंगी, जिससे महिलाओं को किसी प्रकार की असहज स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही महिला चैपाल के जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन करेंगीं। सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिलाओं, बालिकाओँ को मिशन शक्ति व शक्ति दीदी के तहत सार्वजनिक स्थलों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराए जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन, अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया जायेगा। महिलाओं, बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ यूपी 112, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप 181, महिला हेल्प लाइन 1076, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बूलेन्स सेवा 108, साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारियां दी जायेंगी। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी राजापुर, नोडल अधिकारी मिशन शक्ति निष्ठा उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी अजीत कुमार पाण्डेय, थानाध्यक्ष महिला थाना शालिनी सिंह भदौरिया आदि मौजूद रहे।

# पितृ विसर्जन अमावस्या में बलिदानियों के तर्पण को किया पिण्डदान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



पितृ विसर्जन अमावस्या पर जग-सुमंगलम संस्था द्वारा माँ भारती, भारतीय संस्कृति, धर्म की सेवा व रक्षा के लिए बलिदान हुए वीर बलिदानियों के तर्पण के लिए मन्दाकिनी- पयस्विनी नदी के पुल घाट पर पिण्ड दान किया। पिण्डदान के बाद कार्यकर्ताओं ने घाट पर स्वच्छता अभियान चलाकर पॉलिथीन व कचरा एकत्र किया।

संस्था के कार्यकारी निदेशक आलोक पाण्डेय ने कहा कि माँ भारती को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने को तथा धर्म व संस्कृति को विधर्मियों से बचाने को अनेकों ज्ञात व अज्ञात वीरों ने अपना बलिदान किया है। वह सभी अमर बलिदानी हमारे पुरखे ही हैं, उनके तर्पण के लिए हम प्रतिवर्ष पिण्डदान करते हैं। पुरखों का तर्पण हमारा कर्तव्य है। स्वच्छता पर विचार अभिव्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि जल स्रोत स्वच्छ रहे यह संकल्प पितृपक्ष में हम सबको लेना है। स्वच्छ जल, स्वच्छ पर्यावरण हमारे पूर्वज हमें सौंपकर गये थे। हमें भी अपनी भावी पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण देने का संकल्प पूर्ण करना है। हमे राष्ट्र, संस्कृति, समाज व पर्यावरण से संघर्ष नहीं इनका संरक्षण करना है।

अखिलेश रैकवार ने कहा कि हम सबको प्रयास करना होगा। स्वच्छता श्रमदान से हम सब बदलाव ला सकते हैं। आदित्य सुखेन्द्र ने कहा कि गांव, घर में स्वच्छता श्रमदान में लोग योगदान कर रहे हैं। गौरव करवरिया ने कहा कि युवा शक्ति को आगे आकर नेतृत्व करना होगा। इस मौके पर ओम रैकवार, राघव, गीताराम सेन, श्रद्धांशु, पुष्पराज आदि मौजूद रहे।

# बेसिक शिक्षा विभाग में उजागर हुआ भ्रष्टाचार और पक्षपात

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

शिक्षकों की छोटी-छोटी कमियों के चलते जिला बेसिक शिक्षाधिकारी द्वारा शिक्षकों को निलंबित किया जा रहा है। साथ ही वेतन रोका जा रहा है। वहीं शिक्षिका द्वारा नियमविरुद्ध अवकाश लेकर गलत ढंग से वेतन लेकर वित्तीय गबन करने और विद्यालय की छात्रा से बाल मजदूरी करवाने के बावजूद केवल अस्थाई वेतन रोकने की कार्यवाही की गयी है। इससे प्रतीत हो रहा कि जिला बेसिक शिक्षाधिकारी चित्रकूट शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाई मे भेदभाव करते हैं। शिकायतकर्ता अधिवक्ता जिला न्यायालय प्रयागराज उत्तम द्विवेदी ने कहा कि जिला बेसिक शिक्षाधिकारी द्वारा साल भर से शिक्षिका को बचाया जा रहा है। जबकि शिक्षिका ने 100 दिन से अधिक फर्जी मेडिकल अवकाश लिया है और 100 दिन से अधिक समय का अनियमित वेतन लेकर वित्तीय गबन किया है। साथ ही विद्यालय की छात्रा से अपने घर व विद्यालय में बाल मजदूरी कराई है। इसके बावजूद जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने केवल अस्थाई वेतनवृद्धि रोकने की कार्यवाही की है। जबकि चित्रकूट ब्लॉक की एक शिक्षिका के 14 की जगह 18 आकस्मिक अवकाश लेने के कारण उसका अग्रिम आदेश तक वेतन रोका गया था और पहाडी ब्लॉक की एक शिक्षिका के अवैतनिक अवकाश की सूचना न देने के कारण प्रधानाध्यापक व ब्लॉक के बिल लिपिक को निलंबित कर दिया गया, लेकिन शिक्षिका निहारिका श्रीवास्तव द्वारा 100 दिन से अधिक फर्जी मेडिकल अवकाश लेकर विद्यालय से गायब रहने व परीक्षा ड्यूटी के नाम पर तीन दिन विद्यालय से गायब रहने के कारण तथा विद्यालय की छात्रा से अपने घर व विद्यालय में मजदूरी कराने की पुष्टि जांच अधिकारी ने की है। इन गम्भीर आरोप के बाद भी जिला बेसिक शिक्षाधिकारी शिक्षिका को बचाकर शासन की आंखों मे धूल झोकने का प्रयास कर रहे हैं। खण्ड शिक्षाधिकारी द्वारा इस शिकायत को जांच मे सत्य पाया गया, लेकिन जिला बेसिक शिक्षाधिकारी द्वारा शिक्षिका को बचाया जा रहा है। इसलिए जिला बेसिक शिक्षाधिकारी की शिकायत शासन स्तर पर कई जायेगी।

## जनशिकायत प्रकोष्ठ के कर्मियों को जनशिकायत पोर्टल का दिया गया प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में जिला कोर्डिनेटर मनीष वर्मा द्वारा जनपद के समस्त थानों में नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर, महिला हेल्प डेस्क में नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों तथा पुलिस कार्यालय स्थित जनशिकायत प्रकोष्ठ शाखा में नियुक्त पुलिस कर्मियों को पुलिस मुख्यालय लखनऊ द्वारा नवसंचालित जनशिकायत पोर्टल पर कार्य करने से सम्बन्ध में एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में पुलिस कर्मियों को बताया कि जनपद में थाना स्तर एवं उच्चाधिकारी के पास आने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों को जनशिकायत पोर्टल पर फीड किया जायेगा। साथ ही उस प्रार्थना पत्र की जांच होने के बाद जांच रिपोर्ट भी फीड की जायेगी।

# 76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की तैयारियां जोरों पर

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में निरंकारी मिशन का 76वां वार्षिक संत समागम, पिछ्ले 75 वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्यता पूर्वक 28, 29 एवं 30 अक्तूबर को सत्गुरू माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के पावन सान्निध्य में आयोजित होने जा रहा है। यह जानकारी शिवभवन ने दी।

समागम अर्थात संतों का संगम, इस पावन अवसर की तैयारियां पूर्ण समर्पण एवं चेतनता के साथ भक्तों द्वारा की जा रही है। बच्चे, युवा और वृद्ध सभी पूरे जोश के साथ बढ़-चढ़कर इन सेवाओ में तनमयता पूर्वक योगदान दे रहे है। कही पर मैदानों को समतल करने के लिए मिट्टी से भरे तसलों की सेवा। छोटे-छोटे बच्चे भी सेवा का भरपूर आनंद प्राप्त कर रहे है। यह सब कुछ आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए किया जा रहा है। संतों द्वारा संगतों के लिए टैन्ट लगाना, शामियानों की व्यवस्था में सहायता करना इत्यादि जैसे कार्य भी हर्षोल्लास पूर्वक



किये जा रहे है। सेवा के लिए सतगुरु माता भी अकसर अपने विचारों में यही समझाते है कि तन मन धन से की गयी सेवा सदैव ही सर्वोत्तम कहलाती है। जिससे हमारा सर्वत्र रूप में कल्याण होता है। इस पावन संत समागम में समस्त भारतवर्ष के अतिरिक्त दूर देशों से भी लाखों की संख्या में आने वाले सभी श्रद्धालु भक्तों के लिए समुचित प्रबन्ध व्यवस्था की जा रही है। निरंकारी सेवादल के भाई-बहन नीली एवं खाकी वर्दी पहने हुए रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और एयरपोर्ट पर आने वाले सभी श्रद्धालु भक्तों का स्वागत करने और उन्हें उनके पूर्व निर्धारित निवास स्थान पर पहुंचाने का प्रबन्ध करते हुए दिखाई देंगें।

# नाबालिग ई-रिक्सा चालकों के चलते यातायात व्यवस्था चरमराई

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

शहर में ट्रैफिक व्यवस्था पूरे तरीके से धड़ाम हो गयी है। ट्रैफिक के जवान पिकेट प्वाइट पर नहीं दिखते इतना ही नहीं एकाएक बढ़ी ई-रिक्शा की आमद से जहां नाबालिंग चालकों द्वारा वाहन मनमानी ढंग से चलाया जाता है। वहीं बेतरतीबी से खडे ई-रिक्शा से प्रायः शहरवासियों को जाम के झाम से जूझना पड़ता है। जिसके चलते दिनों दिन लोगों का रूझान इसकी तरफ बढ़ता जा रहा हैं। यही नहीं ऑटो एवं ई-रिक्शा संचालकों से पुलिस की मिलीभगत से कई स्थानों पर की जा रही अवैध वसूली भी पिछले काफी समय से चर्चा का विषय बनी हुयी है।



बढती ई-रिक्शा आमद व मनमाने ढंग से नाबालिग चालकों द्वारा संचालित ई-रिक्शा से शहरवासियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ई-रिक्शा चालकों द्वारा जहां अपने वाहनों को बेतरतीबी से खड़ा किया जाना आम बात हो गयी है। वही सवारियां देखते ही इन चालकों द्वारा वाहन जहां के तहां खड़े करने के बाद पीछे चल रहे वाहन को यह तो अचानक ब्रेक लगानी पड़ती है। यह फिर वह दुर्घटना का भी शिकार हो जाता है। इतना ही नहीं रिक्शा चालकों द्वारा गली कूचों में भी रिक्शे ले जाने से गलियों में भी जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इन ई-रिक्शा को बेरोक टोक नाबालिग चालक भी चलाते हुए देखे जा सकते है।

इस ओर संबंधित विभाग द्वारा ठोस कदम न उठाये जाने के चलते रिक्शा संचालक अपनी मनमानी करने से बाज नहीं आते। शहर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को चुस्त एवं दुरूस्त बनाये जाने की जिम्मेदारी टैऊफिक जवानों की हैं इसके लिये बकायदे आधा दर्जन से अधिक पिकेट प्वाइट बनाये गये हैं लेकिन इन पिकेट प्वाइंटो में ट्रैफिक जवान सिर्फ अवैध वसूली में ही मस्त रहते हैं। जिसके चलते ई-रिक्शा चालकों के हौसले बुलंद हैं।

## उद्योग व्यापर संगठन ने श्रद्धालुओं को वितरित किया प्रसाद

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन द्वारा सर्वपितृ शनिचरी अमावस्या के पावन अवसर पर चित्रकूट धाम कर्वी में व्यापारी नेताओं ने हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया। नवरात्रि की सर्वपितृ अमावस्या के अवसर पर चित्रकूट धाम कर्वी रेलवे स्टेशन परिसर में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने भगवान कामतानाथ की परिक्रमा व मंदाकिनी स्नान को आए हजारों श्रद्धालुओं को हलवा प्रसाद का वितरण कर पुष्प वर्षा की। व्यापारियों का यह कार्यक्रम प्रत्येक माह की अमावस्या में किया जाता है। समाजसेवी व व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने कहा कि सेवा ही संकल्प है। भक्तों की सेवा चित्रकूट धाम के नागरिकों के लिए सबसे बड़ा सौभाग्य है। भगवान प्रभु श्री राम की नगरी चित्रकूट धाम एक धार्मिक आध्यात्मिक और ऐतिहासिक तीर्थ है। जहां पर प्रत्येक अमावस्या को लाखों श्रद्धालु बड़ी आस्था लेकर आते हैं।

# मच्छरजनित मरीजों की बढ़ रही संख्या, स्वास्थ्य विभाग अनजान

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

शहर सहित ग्रामीणांचलों में मच्छरजनित घातक बीमारियों ने तेजी से पैर पसारना शुरू कर दिया है। चिकित्सकों के क्लीनिकों पर मौसमी रोगों के शिकार लोगों की कतारें लगी हुई है। वहीं ग्रामीणांचलों में झोलाछाप चिकित्सकों की पौबारह हो रही है, परन्तु जनपद का स्वास्थ्य विभाग चैन की नींद सो रहा है।

विभाग के आला अधिकारी भी संक्रामक रोगों की रोकथाम की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कर पा रहे हैं। जिससे गरीब मरीजों का बुरा हाल है। शहर की मलिन बस्तियों व देहात क्षेत्र में मच्छरों का भारी प्रकोप है। साफ-सफाई व डीडीटी का छिड़काव बरसात के पूर्व न कराये जाने से घातक मच्छरों की तादात दिन दूनी रात चैगुनी बढ़ती जा रही है इसलिए प्रतिदिन सैकड़ों लोग मच्छरजनित मलेरिया, वायरल फीवर, मस्तिष्क ज्वर जैसे संक्रामक रोगों के शिकार हो रहे हैं। निजी चिकित्सकों के क्लीनिक पर उपरोक्त रोगों से पीड़ितों की कतार दिन पर दिन लम्बी होती जा रही है। शहर के गली मोहल्ले व ग्रामीण इलाकों में झोलाछाप चिकित्सकों की पौबारह हो रही है।

बगैर डिग्री डिप्लोमा धारी ये चिकित्सक मरीजों के अभिभावकों की जेबों में खुलकर डाका डाल रहे है। वहीं सरकारी अस्पतालों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थित बेहद खराब है। यहां जब मरीज पहुंचता है तो चिकित्सक नदारत मिलते हैं। स्वास्थ्य महकमे की इस लापरवाही का ही भरपूर फायदा झोलाछाप डाक्टर उठा रहे हैं और इनके उपचार से मरीज भी जल्दी ठीक नहीं हो रहे हैं।

इस बाबत चिकित्सकों का कहना है कि विगत वर्षों में बरसात के मौसम में अधिकांश मलेरिया तथा वायरल के रोगी ही उनके पास आते थे, लेकिन अब दिमागी बुखार गर्दन तोड़ बुखार और डेंगू, चिकनगुनिया ज्वर के शिकार लोगों की भी संख्या में इजाफा हो रहा है। एक ओर जनपद में प्रतिदिन सैकड़ों लोग मच्छरजनित घातक रोगों का शिकार हो रहे हैं। वहीं जनपद का स्वास्थ्य विभाग चैन की नींद सो रहा है। जनपद में मच्छरों की रोकथाम का जिम्मा विभाग के मलेरिया उन्मूलन विभाग का है जो कि खुद मलेरिया ग्रस्त होकर रह गया है।

# वरासत में फर्जीवाड़ा का आरोप, वारिस हुये भूमिहीन

**जन एक्सप्रेस । खागा/फतेहपुर**

तहसील क्षेत्र के यमुना तटवर्ती गॉव महावतपुर असहट मे वरासत फर्जीवाडा का मामला सामने आ रहा है। वारिसो ने जिलाधिकारी सहित तहसील प्रशासन को शिकायती पत्र देकर राजस्व लेखपाल पर आरोप लगा रहे है कि सॉठ-गॉठ के चलते उनकी पुस्तैनी जमीन की वरासत अन्य के नाम दर्ज करके भूमाफियाओ को बेचवा दिया। जब कि वारिस लगातार वरासत के लिए तहसील के चक्कर काट रहे है और अधिकारियो के चौखटो में दस्तक देकर न्याय की गुहार लगा रहे हैं।

वारिस संज्ञानी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि मेरे बाबा स्व0 दीनदयाल पुत्र भरोसा की मृत्यु 1995 मे हो गयी थी और मेरे दादी गंगिया की भी मृत्यु हो चुकी है। जिसके बाद मेरे पिता बदलुआ पुत्र दीनदयाल अपनी पुस्तैनी जमीन की वरासत के लिए तहसील व राजस्व लेखपाल के चक्कर काट रहे थे लेकिन वरासत नही हो पायी मात्र आश्वासन ही मिलता रहा है। इसी दौरान 2005 मे पिता बदलुआ की भी मृत्यु हो गयी।

जिसके तीन पुत्र फूलचन्द्र, रामदास व संज्ञानी है। जब कि लेखपाल ने पुस्तैनी जमीन को सुन्दरिया पत्नी रामप्रताप निवासी पिपरहा डेरा मजरे महावतपुर असहट के नाम 13 जून 2023 को दर्ज करके भूमाफिओ के हाथ सौदा कराकर बेचवा दिया। शिकायत कर्ता संज्ञानी ने हल्का लेखपाल पर आरोप लगाते हुये कहा कि लेखपाल विपिन यादव ने षडयन्त्र करके हम तीनो वारिसो की हक की जमीन अन्य के नाम दर्ज करके हमको भूमिहीन कर दिया। जिससे हमारे परिवार भुखमरी के कगार पर है और लगातार तहसील प्रशासन सहित उच्चाधिकारियो से न्याय की गुहार लगा रहे है। जिससे हमारे परिवार भुखमरी के कगार पर है और लगातार तहसील प्रशासन सहित उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगा रहे हैं।

# डीएम ने महिला सशक्तिकरण जागरूकता रैली 'मिशन शक्ति' को दिखाई झण्डी

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**




शारदीय नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर 'मिशन शक्ति' के विशेष अभियान फेस-4 का कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी सी. इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने संयुक्त रूप से दो पहिया वाहनों, चार पहिया वाहनों को महिला सशक्तिकरण जन जागरूकता रैली को हरी झंडी व गुब्बारे छोड़कर रवाना किया। रैली कलेक्ट्रेट से पटेल नगर चैराहा, वर्मा तिराहा, ज्वालागंज चैराहा, बाकरगंज, सदर अस्पताल होते हुए पत्थरकटा चैराहा से कलेक्ट्रेट में समाप्त हुई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कलेक्ट्रेट में बनाए गए दुर्गा शक्ति सेल्फी प्वाइंट में सेल्फी लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य है कि महिलाओ को सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के प्रति मातृशक्ति को जागरूक करना, जिसके लिए सरकार की मंशानुरूप विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकारी, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी-कर्मचारी व मातृशक्तियॉ उपस्थित रहीं।

# पांच दिनों से गायब महिला का शव जंगल से बरामद

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

खखरेडू थाना क्षेत्र से एक महिला विगत पॉच दिनो से गायब थी परिजन लगातार महिला की खोजबीन मे लगे थे। वही गॉव के ही ज्रगल मे बाजरे के खेत के बीच मे महिला का शव पडा देख ग्रामीणो ने थाना पुलिस को सूचना दिया।

सूचना पर पहुॅची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पहचान कराया तो गायब महिला के रुप मे पहचान हुई। जहॉ परिजनो ने पति पर ही हत्या का अरोप लगा रहे है। वही पुलिस जॉच मे लगी है। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के बसवा से विवाहिता रन्नो देवी पत्नी सुमेर 45 वर्ष विगत पॉच दिनो से गायब थी। मृतका के भाई राजू ने पति सुमेर पर हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दिया है। वही बताया कि जीजा सुमेर के गॉव की ही एक महिला से अबैध सम्बन्ध है। जिसका विरोध मृतका कर रही थी।

जिसके चलते जीजा अपनी प्रमिका के साथ मिलकर बहन की हत्या कर दिया है और शव को जंगल मे बाजरे के खेत मे फेक दिया है। अबैध सम्बन्ध के चलते बहन की हत्या किया गया है और आत्महत्या का रुप दिया जा रहा है।

थाना प्रभारी ने बताया कि बसवा गॉव मे बाजरे के खेत मे महिला का शव बरामत हुआ है। शव के पास ही सल्फास की डिब्बी मिली है। जिससे जाहिर हो रहा है कि महिला द्वारा सल्फास खाकर आत्महत्या किया गया है। वही शव को पोस्ट मार्टम हेतु भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर कार्यवाही किया जायेगा। वही शव को पोस्ट मार्टम हेतु भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर कार्यवाही किया जायेगा।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | रविवार | 15 अक्टूबर 2023



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.8 (+2.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 19.0 (-0.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 88 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 36 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.2 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# दादा पर छह साल की मासूम पोती से यौन उत्पीड़न करने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




बीते दिन शहर में रिश्तों को कलंकित कर देने वाला एक मामला सामने आया । थाना नौबस्ता क्षेत्र में निवास करने वाली एक विवाहिता पुलिस कमिश्नर कार्यालय अपनी छह साल की छोटी सी बच्ची को लेकर पहुंची और बताया कि उसके ससुर उसकी बच्ची के साथ अमानवीय हरकतें कर उसके नाजुक अंगों से छेड़छाड़ करते हैं। विवाहिता का आरोप था कि पति भी उसके ससुर के द्वारा अंजाम दिए जा रहे घिनौनी कृत्य का विरोध करने की जगह खुद पीड़िता को घर से निकाल देने और पागल घोषित करवा देने की धमकी देता है। बीते दिन शनिवार को थाना नौबस्ता क्षेत्र में निवास करने वाली एक विवाहिता ने पुलिस कमिश्नर के कार्यालय में पहुंचकर जनसुनवाई में शिकायतें सुन रहे अधिकारी को पत्र देते हुए बताया कि उनके ससुर द्वारा उनकी 6 वर्ष की बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न किया जा रहा है। विवाहिता ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि उनके ससुर द्वारा उनकी 6 वर्ष की मासूम बच्ची के गुप्त अंगों में हाथ लगाकर जब उसे दबाया गया तो उनकी मासूम बच्ची को काफी तकलीफ हुई पेशाब करने में भी तकलीफ होने लगी। इसके बाद जब उनके द्वारा अपनी मासूम बच्ची से पूछा गया तो उसने सब कुछ खुल करके बता दिया कि यह सब घटनाएं उसके दादू द्वारा उसके साथ की जा रही हैं। इस मामले में विवाहिता ने अपने पति से जब सब कुछ बताया तो पति ने उल्टे उसे ही धमकाया और घर से निकलवा देने पागल घोषित करवा देने की धमकी तक दे डाली है। पीड़िता ने शनिवार को पुलिस कमिश्नर के कार्यालय में जनसुनवाई कर रहे अधिकारी को सारी कहानी बता डाली। जनसुनवाई कर रहे पुलिस अधिकारी द्वारा उचित कार्रवाई का आसान आश्वासन दिया गया है।

# महापौर संग चट्टा संचालकों की बैठक के बाद रुका अभियान

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शहर की महापौर प्रमिला पांडे के द्वारा चट्टों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बाद बीते दिन शनिवार को चट्टा संचालकों और नगर निगम के अधिकारियों के मध्य प्रमिला सभागार में एक बड़ी वार्ता का दौर चला। इस दौरान स्वयं मुखिया के रूप में महापौर भी वहां पर उपस्थित रहीं। प्रमिला सभागार में लगभग ग्यारह बजे से चट्टा संचालकों और नगर निगम के अधिकारियों के बीच बैठक आरंभ हुई। इस दौरान महापौर प्रमिला पांडे द्वारा सभी चट्टा संचालकों को यह निर्देश दिया गया कि सौ कुंतल गोबर का शुल्क ?1200 देय होगा। चट्टा संचालकों के बार-बार कारोबार ठप होने का अनुरोध करने पर महापौर ने छह महीने के लिए अभियान को स्थगित करने का ऐलान किया है। महापौर ने यह भी निर्देश दिया कि यह आदेश सिर्फ 6 महीने तक ही लागू रहेगा यदि चट्टा संचालकों द्वारा उनके क्षेत्र व उनके आसपास गोबर पाया गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। चट्टा संचालकों को यह भी आश्वासन दिया गया कि स्थाई चट्टा बनाने हेतु शासन स्तर पर बात करेंगी। बैठक में प्रमुख रूप से अपर नगर आयुक्त पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. निरंजन एवं समस्त जोनल स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### चेस्ट हॉस्पिटल में तैनात कर्मचारी संग मारपीट

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** शहर के थाना स्वरूप नगर क्षेत्र स्थित जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध मुरारी लाल चेस्ट हॉस्पिटल में कार्यरत एक कर्मचारी द्वारा कुछ लोगों द्वारा मारपीट करने और जबरन गाड़ी में भरने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। थाना स्वरूप नगर में तहरीर देते हुए पीड़ित कर्मचारी अनिल कुमार ने बताया कि वह डॉक्टर मुरारी लाल चेस्ट हॉस्पिटल में कार्यरत है। उसे एक व्यक्ति द्वारा फोन करके कहा गया था कि वह अस्पताल में प्राइवेट रूम का इंतजाम कर दे जिस पर कर्मचारी के द्वारा इनकार किया गया तो जच्चा बच्चा के सामने चार पहिया वाहन यूपी 78 एच ए 6576 से उतरे लोगों ने उसे मारा पीटा और जबरन इस गाड़ी में भरकर ले जाने लगे, पीड़ित के शोर मचाने पर जब लोग दौड़े तो वह सभी भाग गए। स्वरूप नगर थाने की पुलिस ने पीड़ीत से मिली तहरीर के आधार पर जॉच शुरू कर दी है।

### पीएनसी के वाहन से बाइक सवार बुजुर्ग घायल, प्रधान ने दी धरने की चेतावनी

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** बिठूर थाना क्षेत्र के मंधना चौराहे पर शनिवार की सुबह पीएनसी कंपनी की तेज रफ्तार मिक्सर मशीन की टक्कर से बाइक बिधनू थाना क्षेत्र के ओरक्षी निवासी बालकृष्ण यादव उम्र 62 वर्ष घायल हो गया और उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। जानकारी होने पर ग्राम प्रधान राहुल सिंह अपने समर्थकों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और वहां से गुजर रहे पीएनसी के कुछ डंपरों को हाइवे किनारे खड़ा करा लिया।ग्राम प्रधान राहुल सिंह ने बताया करीब दो माह पहले पीएनसी अधिकारी मनोज शर्मा से मांग की थी कि डंपरों का संचालन रात में किया जाए लेकिन उनकी मांग की अनसुना कर दिया गया।प्रधान ने बताया अगर अब उनकी मांग नही मानी गयी तो वे ग्रामीणों और व्यापारियों के संग मिल पीएनसी के खिलाफ मंधना चौराहे पर धरना देंगे।



### स्त्रियाँ पहचान के संकट से रहीं हैं गुजर: प्रो0 सविता सिंह

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** स्त्री जन्म नहीं लेती उसे बनाया जाता है। समाज की अपनी संस्कृति, रुढ़ियों, परम्पराओं और पित्रसत्तात्मक परिवेश के माध्यम से स्त्री बनायी जाती है। उक्त उद्गार वी0एस0एस0डी कॉलेज, कानपुर में राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित एकल व्याख्यान में इग्नू की निदेशक प्रो0 सविता सिंह द्वारा व्यक्त किया गया। प्रो0 सविता सिंह ने कहा कि सम्पत्ति की संकल्पना ने जड़-चेतन वस्तुओं और जीवों के साथ ही स्त्री को भी सम्पत्ति की श्रेणी में ला दिया। प्रो0 सविता सिंह ने कहा कि श्रम की संकल्पना ने स्त्रियों को दासश्रम की श्रेणी में ला दिया। तथा समानता और भिन्नता का दार्शनिक विश्लेषण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 बिपिन चन्द्र कौशिक ने अपने उद्बोधन में स्त्रियाँ पहचान के संकट से गुजर रही हैं। उनकी माँग समानता की है। यदि पुरुषों के समान ही स्त्री को भी समान अवसर, समान शिक्षा, समान आजीविका प्राप्त हो तो वर्गभेद समाप्त हो जाएगा। कार्यक्रम में राजनीतिशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो0 विजयपाल ने नारी स्वातन्त्रम के लिए उल्लेखनीय प्रयासों पर प्रकाश डाला। ।कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन असि0 प्रोफेसर नमन श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान सचिन जायसवाल तथा विभाग के सभी शोध छात्रों ने पूर्णतया व्यवस्था का संचालन किया। कार्यक्रम में प्रो0 एम0एल0 वर्मा, प्रो0 अतुल कुमार सिंह, प्रो0 मनोज चतुर्वेदी, प्रो0 पंकज चतुर्वेदी, प्रो0 अनिल मिश्रा, प्रो0 मनोज अवस्थी, प्रो0 उमेश चन्द्र यादव आदि उपस्थित रहें।




# न्याय न मिलने पर पीड़ित ने खटखटाया न्यायालय का दरवाजा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**पीड़ित परिवार ने बताया कि उनका मुकदमा गजनेर पुलिस द्वारा नहीं लिखा गया, इसके बाद पीड़ित परिवार दर-दर की ठोकरे खाता रहा**

थाना गजनेर क्षेत्र से एक ऐसा मामला सामने आया है जिस मामले ने थाना गजनेर पुलिस के साथ-साथ पूरी कानपुर देहात पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगा दिए हैं, थाना गजनेर क्षेत्र के रहने वाले एक पीड़ित परिवार ने अपने बेटे की हत्या के मामले को लेकर शिकायत की थी पर पीड़ित परिवार ने बताया कि उनका मुकदमा गजनेर पुलिस द्वारा नहीं लिखा गया, इसके बाद पीड़ित परिवार दर-दर की ठोकरे खाता रहा और जिले के आला अधिकारियों से लेकर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ तक घूम कर हार गया। अंत में पीड़ित परिवार द्वारा न्यायालय का दरवाजा खटकाया गया, बताते चलें थाना गजनेर क्षेत्र के रहने वाले रामू बाल्मिक के द्वारा प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि उनके दामाद संजय व मुकेश के द्वारा बीते दिनों उनके पुत्र का अपहरण कर हत्या कर दी गई थी, जिसकी शिकायत करने के लिए पीड़ित ने जिले से लेकर प्रदेश के मुखिया के द्वार तक न्याय की गुहार लगाई पर पीड़ित को न्याय नहीं मिला। जिससे परेशान होकर पीड़ित परिवार ने न्यायालय का सहारा लेकर पीड़ित परिवार के द्वारा न्यायालय से मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई है, रामू के द्वारा वार्ता के दौरान बताया गया कि उसके दामाद संजय और मुकेश के द्वारा पहले तो उसके बेटे का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई, उन लोगों का मन अभी भी नहीं भरा तो अब वह पुनः बार-बार पीड़ित के घर आकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हैं, पीड़ित परिवार को डर है कभी भी आरोपियों के द्वारा परिवार के अन्य सदस्यों की भी हत्या की जा सकती है।

# सारांश अस्पताल और गोल्ड हॉस्पिटल के संचालक उड़ा रहे स्वास्थ्य विभाग के नियमों की धज्जियां







**जन एक्सप्रेस । सनी राव मोघे**

**कानपुर नगर।** कल्याणपुर क्षेत्र में संचालित सारांश हॉस्पिटल और गोल्ड हॉस्पिटल के संचालक स्वास्थ्य विभाग के नियमों को ताक पर रखकर हॉस्पिटल का संचालन कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा नोटिस दिए जाने के बाद भी अभी तक मानक पूरे नहीं किया है। आपको बताते चलें कल्याणपुर क्षेत्र में मानक विहीन अस्पतालों का अंबार है। यहां पर लगभग 325 मानक विहीन हॉस्पिटल कार्य कर रहे हैं। इनमें से सभी अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा मानक ना पूरे किए जाने के बाद नोटिस दिया जा चुका है। इनमें से बहुचर्चित हॉस्पिटल सारांश व गोल्ड हॉस्पिटल को भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने नोटिस जारी कर मानक पूरे करने के लिए कहा था। लेकिन हॉस्पिटल के संचालकों ने अभी तक मानक पूरे नहीं किए हैं जिसकी वजह से अभी तक दोनों अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन रिन्यूअल नहीं हुआ है। सूत्रों के मुताबिक बीते कुछ ना पहले उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को शहर में संचालित अवैध अस्पतालों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने के निर्देश जारी किए गए थे। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कार्यवाही के नाम पर केवल नोटिस नाम का लॉलीपॉप अस्पताल के संचालकों को थमा दिया। सारांश और गोल्ड हॉस्पिटल में ना तो ड्यूटी डॉक्टर है और ना ही ट्रेंड नर्सिंग स्टाफ की कम कर रहा है। तो ऐसे में मरीजों की जिंदगी भगवान भरोसे है। उधर एडिशनल सीएमओ सुबोध प्रकाश का कहना हैं। कि जल्दी जिले का स्वास्थ्य विभाग बड़े पैमाने पर मानक विहीन अस्पतालों के खिलाफ ठोस कार्यवाही करने जा रहा है। अब देखने वाली बात यह होगी की शहर में संचालित मानक विहीन हॉस्पिटलों के खिलाफ कब स्वास्थ्य विभाग का हंटर चलता है।

# एक महिला और एक पुरुष ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला कर ली समाप्त



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

थाना कल्याणपुर क्षेत्र के दो अलग अलग मोहल्लों में बीते दिन शनिवार को महिला सहित एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी है। दोनों मामलों में पुलिस ने शवों को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए कार्रवाई में जुट गई है।

**मामला नम्बर एक**

आईआईटी कैंपस नानकारी निवासी आईआईटी के फोर्थ क्लास कर्मचारी पद से रिटायर्ड महेश चंद्र ने बताया कि मृतक बेटा अनुराग(30) संविदा पर आईआईटी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। बेटे की पत्नी शालिनी मई से मायके में रह रही है। बेटे के एक पुत्री है। शनिवार सुबह 8:30 बजे वह ऊपर बेटे के कमरे में उसे जगाने पहुंचे तो देखा कि बेटा पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटका था। उन्होंने शोर मचाया तो परिजन सहित आस पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए और पुलिस की सूचना दी। पत्नी के मायके जाने से बेटा डिप्रेशन में था जिसके चलते अनुराग ने फांसी लगाकर जान दे दी ।

**मामला नंबर दो**

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आवास विकास एक केशव पुरम कल्याणपुर निवासी अरुण सक्सेना की पत्नी अनामिका ने शनिवार को सुबह 8:30 बजे अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस का कहना है कि अभी तक मायके पक्ष की तरफ से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है अगर तहरीर मिलती है तो उचित कार्यवाही की जाएगी।

# राजू गुरु के आतंक से कौन बचाएगा कानपुर की इन बेटियों को

**घर भीतर घुसकर दबंग ने अपने साथियों संग की मारपीट और छेड़छाड़**


**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर लगाम लगाने के लिए तत्पर दिखाई देते हैं बीते दिन मिशन शक्ति कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाओं पर अत्याचार करने वाले कतई बख्से नहीं जाएंगे लेकिन कानपुर नगर के थाना जाजमऊ क्षेत्र में रहने वाली दो बेटियों की रक्षा शायद सही से नहीं हो पा रही है। तभी तो इन दो बेटियों की मां दर बदर न्याय पाने के लिए भटक रही है। गुरुवार को यह पीड़ित मां अपनी दोनों बेटियों के साथ कानपुर के पुलिस कमिश्नर आर के स्वर्णकार से मिलकर उनको अपनी फरियाद बताने पहुंची थी। लेकिन की आर के स्वर्णकार को वह अपनी फरियाद नहीं सुना पाई लेकिन स्टाफ आफिसर अशोक कुमार सिंह ने उनके प्रार्थना पत्र को लेकर कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है। थाना जाजमऊ क्षेत्र के संजय नगर में निवास करने वाली रानो काल्पनिक नाम ने जानकारी देते हुए बताया कि वह गरीब महिला है तथा मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करती हैं। बीती सात अक्टूबर को समय लगभग रात्रि 11.30 बजे अचानक संजय नगर के ही रहने वाले अपराधिक किस्म के राजू गुरु पुत्र अज्ञात तथा इनके अपराधी साथी इम्तियाज पुत्र साविक पुत्र सलीम, आफताब पुत्र अवसार, इस्लाम पुत्र अफाक, सभी निवासीगण संजय नगर ने अपने 20-25 साथियों के साथ एक राय होकर पीड़िता के घर में गुण्डागर्दी व दबंगई के बल पर अन्दर जबरन घुस आय पुत्री तथा बहू के साथ गाली गलौज करते हुए पुत्री से शारीरिक छेड़छाड़ मारपीट की घटना को अंजाम देने लगे। शोर गुल सुनकर पीड़िता का बेटा भी जाग गया तो उसे भी जमकर पीटा गया। पीड़िता का आरोप है कि जाजमऊ पुलिस ने राजू गुरु और उसके गैंग पर कार्रवाई करने की जगह उसके बेटे को ही थाने में बैठा लिया और चोरी का झूठा इल्जाम लगाया और सुविधा शुल्क लेकर पुलिस ने छोड़ा है। पीड़िता की बेटियों के साथ जो घटना हुई उसका मुकदमा जाजमऊ पुलिस नहीं लिख रही है। पीड़िता का सबसे ज्यादा गंभीर आरोप यह है कि जिस क्षेत्र में वह निवास करती है वहां पर सिर्फ एक अकेला उसका ही परिवार हिंदू है। राजू गुरु जो पूर्व में कई आपराधिक मामलों में जेल काट चुका है और वर्तमान में जुआरियों को शरण देकर जुआ करवाता है उसके द्वारा घर खाली करने को कहा जाता है घर खाली न करने की एवज में बेटियों की ओर इशारा किया जाता है। पुलिस कमिश्नर कार्यालय में पीड़िता ने स्टाफ ऑफीसर अशोक कुमार को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# मारवाड़ी समाज ने राजस्थानी परिधानों में सज धज कर उत्साह से डांडिया प्रतियोगिता में लिया भाग

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**







मारवाड़ी सम्मेलन एम.वी.आर ग्रैंड होटल साकेत नगर में डांडिया रास धूमधाम से मनाया गया मां दुर्गा की पूजा अर्चना सभी पदाधिकारियों द्वारा की गई और सभी ने मिलकर मां की आरती उतारी तत्पश्चात मुख्य अतिथि अपर सहायक पुलिस उपायुक्त दक्षिण अंकिता शर्मा का सम्मान किया गया। लखनऊ डी.जे कुमांशी ग्रुप द्वारा राजस्थानी घूमर प्रस्तुत किया गया एंकरिंग का कार्य लखनऊ से आई आकृति ने संभाला मारवाड़ी समाज के सदस्यों ने राजस्थानी परिधानों में सज धज कर उत्साह से डांडिया प्रतियोगिता में भाग लिया7 और सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया7 विशेष आकर्षण लकी ड्रा का भी रहा जीतने वालों ने लकी ड्रा के भी पुरस्कार प्राप्त किये अभी के चेहरे खुशनुमा नजर आ रहे थे
वहीं दूसरी तरफ
फूड स्टाल पर काफी रौनक रही इस अवसर पर महिलाओं और पुरुषों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया व्यंजनों की जमकर तारीफ की विशेष आकर्षण था व्यंजनों का नाम क्रिकेटर्स पर होना जी हां भारत-पाकिस्तान का मैच चरम सीमा पर है भारत की जीत के लिए मारवाड़ी सम्मेलन कानपुर द्वारा बधाई और शुभकामनाएं भी दी गई7 अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया हमें हर क्षेत्र में मारवाड़ी समाज को आगे बढ़ाना है उपाध्यक्ष बालकृष्ण देवड़ा कोषाध्यक्ष महेंद्र लडिया ने आए हुए सभी सदस्यों अतिथियों का स्वागत किया , राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीगोपाल तुलस्यान भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए संयोजक रोहित तुलस्यान, विशाल जैन रहे, मंच संचालन का कार्य महामंत्री प्रदीप केडिया महिला अध्यक्ष आशा केडिया महामंत्री मोनिका तुलस्यान विनीता अग्रवाल साधना देवड़ा ने बखूबी संभाला और बताया हमें एकजुट होकर के पारिवारिक कार्यक्रम भी करने चाहिए जिससे परिवार के साथ समय बिताने का अवसर भी मिलेगा इस व्यस्त जिंदगी में मनोरंजन भी आवश्यक है विशेष कर बात अगर मारवाड़ी राजस्थानी घूमर डांडिया की हो नवरात्रि का त्यौहार सभी के लिए खास होता है संगरक्षक अनिरुद्ध पोद्दार , गिरिराज अग्रवाल,धनपत जैन ,अशोक धनावत, सीताराम मित्तल, उपाध्यक्ष आदित्य पोद्दार विपुल गोयल ने बताया मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा बेहतरीन शानदार कार्यक्रम कराया रोटरी ईडन अध्यक्ष देविका मुखर्जी सेक्रेटरी एकता सराफ भी उपस्थित रही उपस्थित लोगों में सभी सम्मानित सदस्य और पदाधिकारी के अलावा अन्य अतिथि मौजूद रहे।

## बलिदानियों की स्मृति में दीप दान एवं उनका सामूहिक तर्पण किया



**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** पितृ विसर्जनी अमावस्या पर विश्व हिन्दू परिषद,बजरंग दल कानपुर द्वारा वर्ष 1989 से प्रत्येक वर्ष आचार्य गोपाल तिवारी के मार्गदर्शन में राष्ट्र-सनातन- संस्कृति धर्मरक्षा हेतु सर्वस्व समर्पण करने वाले संघ संस्थापक पूज्य डा0 केशव बलिराम हेडगेवार ने सन 1925 में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना की इसी वटवृक्ष के पुष्प रूपी पूज्य गुरूजी,श्रद्धेय अशोक सिंघल समेत अनेक राष्ट्रसेवकों ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज,देश,धर्म की सेवा का संकल्प लेकर समाज को दिशा देने का कार्य किया धर्म, संस्कृति एवं राष्ट्र पर बलिदान होने वाले ज्ञात ,अज्ञात, असंख्य क्रान्तिवीर ,स्वतंत्रता सेनानी,सैनिक ,पुलिस कर्मियों एवं श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आन्दोलन में 500 वर्षो में सर्वस्व न्योछावर करने वाले बलिदानियों की स्मृति में दीप दान एवं उनका सामूहिक तर्पण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रकाश शर्मा जी (पूर्व राष्ट्रीय संयोजक बजरंग दल),आशीष गुप्ता (प्रान्त गौ रक्षा प्रमुख),दीपक शर्मा ,मानू अवस्थी ,रवि वर्मा ,कालीचरन जायसवाल,नरेन्द्र परमार, विनोद , मोहित ,शैलेन्द्र वर्मा ,मुकेश राजपूत ,आलोक सोनकर, शिवम कश्यप,अरविन्द अवस्थी,मोन्टी सोनकर ,आलोक सोनकर ,सचिन गुप्ता,प्रखर तिवारी समेत कार्यकर्ता बन्धु उपस्थित रहे।

# सांसद ने स्व. डॉ. तिवारी की पत्नी की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से की मुलाकात

## सांसद ने सीएम से चीनी मिल व महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण की स्वीकृति देने की मांग की

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



पूर्व केंद्रीय मंत्री व सुल्तानपुर की सांसद मेनका संजय गांधी ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से उनके कार्यालय लोकभवन, लखनऊ में मुलाकात की। सांसद ने मुख्यमंत्री से दिवंगत डॉ घनश्याम तिवारी की पत्नी निशा तिवारी को योग्यता अनुसार नौकरी देने व उनके अन्य मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आग्रह किया। इस दौरान श्रीमती गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र सुल्तानपुर की महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित **धोपाप** ब्रांड के विभिन्न उत्पादों का गुच्छ भेंट किया। सांसद श्रीमती गांधी ने जिले के किसानों की लंबित मांग किसान सहकारी चीनी मिल का जल्द जीर्णोद्धार कराने व लोक निर्माण विभाग की प्रमुख सड़कों क्रमशः कटका-मायंग मार्ग, अहदा-विरसिंहपुर-दियरा मार्ग, करौदीकला-रवनिया मार्ग व अलीगंज-देहली-प्रभातनगर मार्ग की स्वीकृति हेतु आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने सांसद को आश्वस्त किया है कि उनकी चीनी मिल सहित सभी मांगों पर जल्द ही आवश्यक कार्रवाई करते हुए स्वीकृति प्रदान कर दी जायेगी। मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि श्रीमती गांधी ने भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह से भी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर मुलाकात की और संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। अपराह्न 3:00 बजे श्रीमती गांधी सड़क मार्ग से दिल्ली के लिए प्रस्थान कर गई। इस दौरान संसद के साथ प्रतिनिधि रणजीत कुमार, शशिकांत पांडे व संदीप प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# धोपाप ब्रांड बनेगा भारत का ब्रांडः मेनका गांधी

- सांसद ने मिशन शक्ति के चौथे चरण का किया शुभारंभ
- धोपाप ब्रांड से एक लाख महिलाओं को रोजगार देने का लक्ष्य



जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सुल्तानपुर की सांसद मेनका संजय गांधी ने दौरे के तीसरे व अंतिम दिन कलेक्ट्रेट परिसर में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा,सम्मान एवं स्वालंबन हेतु समर्पित मिशन शक्ति के चौथे चरण का शुभारंभ किया। श्रीमती गांधी ने जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में महिला सशक्तिकरण की रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया.उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति कार्यक्रम मातृ शक्ति के प्रति एक नए विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा सरकार महिला और बाल सुरक्षा से जुड़े मसलों को गंभीरता से ले रही है। दोषियों पर भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में जिला अधिकारी कृतिका ज्योत्सना एवं सीडीओ अंकुर कौशिक ने सांसद श्रीमती गांधी को समूह की महिलाओं द्वारा तैयार की गई धोपाप ब्रांड के उत्पादों का गुच्छ भेंट किया। इस दौरान सांसद श्रीमती गांधी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा धोपाप भारत का ब्रांड बने इसी लक्ष्य को लेकर हम आगे बढ़ रहे है।

उन्होंने बताया कि मेरा पिछले एक साल से सपना था कि पौराणिक स्थल धोपाप के नाम से अगरबत्ती, धूप बत्ती, साबुन, मेहंदी आदि बनाकर महिला समूह को रोजगार से जोड़ा जाये। उन्होंने कहा धीरे-धीरे जिला प्रशासन की मदद से मेरा सपना साकार रूप ले रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद में महिला समूहों से डेढ़ लाख औरते जुड़ी हुई है।इसमें ज्यादातर काबिल महिलाएं है।उन्होंने कहा मेरा सपना है कि आने वाले 1-2 वर्षों में जिले की 1लाख महिलाओं को धोपाप ब्रांड से जोड़कर रोजगार उपलब्ध करवाएं। उन्होंने बताया अभी महिला समूह की एक हजार औरतों को प्रशिक्षित किया गया है। और 1000 औरतो को सामान की बिक्री के लिए धोपाप सखी बनाया गया है। आने वाले समय में धोपाप ब्रांड से 150 प्रोडक्ट तैयार किए जाएंगे। उन्होंने कहा अयोध्या में राम मन्दिर बनने के बाद धोपाप ब्रांड की अगरबत्ती, धूप बत्ती समेत तैयार की गई पूजा सामग्री की मांग तेजी से बढ़ेगी। उन्होंने कहा जिले के पौराणिक स्थल धोपाप के नाम से तैयार हो रही वस्तुओं का धोपाप ब्रांड पूरे भारत का ब्रांड बनेगा।

### नहीं बदली जर्जर चीनी मिल की हालत, उम्मीदें जस की तस

सुल्तानपुर। साल 2019 में सुल्तानपुर से चुनाव लड़ने पहुंची मेनका गांधी ने बहुतेरे वादे यहां की जनता से किए थे। उनमें एक मुख्य वादा था दशकों पुरानी बनी इकलौती जर्जर चीनी मिल के जीर्णोद्धार का। कार्यकाल पूरा होने को आ गया लेकिन चीनी मिल के दिन नहीं बहुरे। जब सांसद के सामने इसका मुद्दा उठा तो केवल कोरे आश्वासन ही मिले। चीनी मिल की अनदेखी उनके द्वारा तब की गई जब उनके पति स्व. संजय गांधी द्वारा ये सौगात दी गई थी।

### अब कर्मचारियों को तनख्वाह की नहीं परेशानीः सांसद

सांसद ने कहा चीनी मिल अभी तक बन नहीं पाया लेकिन हमने ये व्यवस्था की है कि किसी को तकलीफना हो। गन्ना को बेचते हुए और वहां किसी कर्मचारी को तनख्वाह की तकलीफना हो। जब हम आए थे तो लोगों को दो-दो साल से तनख्वाह भी नहीं मिली थी और किसानो को बहुत तंग किया जा रहा था गन्ना बेचने में। चीनी मिल बनता रहेगा जब पैसे आएंगे।

### बीते सत्र में 7354 किसानों का किया गया भुगतानः जीएम

किसान सहकारी चीनी मिल के महाप्रबंधक प्रताप नारायण सिंह ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया की कार्रवाई चल रही है। माइनर एक्सपेंशन का कार्य शासन के निर्देशों पर शुरू कराया जाएगा। सत्र 2022-23 का गन्ना मूल्य भुगतान सत प्रतिशत कर दिया गया है। सोसायटी परिषद भी सत प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है। लाभान्वित होने वाले किसानों की जो संख्या है वो 7354 है। इनके खातों में गन्ना मूल्य भुगतान पहुंच चुका है। सत्र 2023-24 के लिए रिपेयरिंग मेनटेनेंस का कार्य संतोष जनक चल रहा है। 25 नवंबर से सत्र शुरू होगा।

### इस वर्ष 10 लाख कुंतल पेराई की है व्यवस्थाः डीएम

वहीं डीएम कृतिका ज्योत्सना ने बताया कि इस साल लगभग 10 लाख कुंतल पेराई की व्यवस्था की गई है। जिला गन्ना अधिकारी और जीएम चीनी मिल से मैने रिपोर्ट ली है कुछ मरम्मत का कार्य चल रहा है। समय रहते जो भी पैसा आया उसका उपयोग कर लिया जाएगा। पिछले सत्र में किसानो को पूर्ण भुगतान कर दिया गया था। इस साल भी यही तैयारी है कि किसान भाई परेशान नहीं होने चाहिए उनका भुगतान भी समय रहते कर दिया जाएगा।

# आजाद हत्याकांड में इनकाउंटर की मांग, नौकरी व मुआवजे के लिए भी उठाई आवाज

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

अधिवक्ता आजाद अहमद की हत्या का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। मृतक अधिवक्ता के माता-पिता ने डीएम-एसपी से मिलकर मुख्य आरोपी के इनकाउंटर के साथ-साथ उसका घर गिराने की मांग की है। साथ सुरक्षा के लिए लाइसेंस और नौकरी व मुआवजे की भी बात रखी है। दरअस्ल सुल्तानपुर में 6 अगस्त की शाम कोतवाली देहात थाना अंतर्गत नकराही के पास अधिवक्ता आजाद अहम की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गोलीकांड में अधिवक्ता का भाई मुनव्वर गोली लगने से घायल हुआ था। परिवार वालों के मुताबिक उसका आज भी लखनऊ में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले से जुड़े नामजद और अज्ञात हमलावरों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया है। लेकिन इस मामले का मुख्य आरोपी एक लाख का इनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश सिराज अहमद उर्फ पप्पू आज भी पुलिस की पकड़ से दूर है। कोर्ट के आदेश पर उसके घर की कुर्की की जा चुकी है। अधिवक्ता आजाद के पिता मोहम्मद सलीम ने डीएम कृतिका ज्योत्सना और एसपी सोमेन बर्मा से मुलाकात कर उनसे मांग किया कि मुख्य आरोपी को आजतक पकड़ा नहीं गया है उसको पकड़कर उसका इनकाउंटर किया जाए। उसके पिता को पकड़ा जाए। वे सब गांव में ही निवास कर रहे हैं जिससे हम लोगों को जान का खतरा बना हुआ है। अधिवक्ता के पिता ने मांग की है कि उनके बेटे की मौत के बाद से बहू और उसका बेटे की मदद के लिए अधिवक्ताओं ने 50 लाख मुआवजे की मांग की थी जो रकम आजतक नहीं मिली।

# वृद्ध की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

गोसाईगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत मधुबन में वृद्ध की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई। बीती रात घटना अंजाम पाई है। सुबह परिवार वाले उठे तो उन्हें घटना की सूचना हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है पड़ोस के दो व्यक्तियों को पुलिस ने हिरासत में भी लिया है। गोसाईगंज थानाक्षेत्र के मधुबन गांव में बीती रात तुलसीराम निषाद (70) की अज्ञात बदमाशों ने कुल्हाड़ी से काटकर हत्याकर दी। जानकारी के अनुसार तुलसीराम घर से करीब 100 मीटर दूर स्थित खेत की रखवाली के लिए छप्पर डालकर रहता था। बीती रात भी वो घर से भोजन आदि करके खेत पर पहुंचा। जहां उसकी बदमाशों ने हत्या कर दी। सुबह जब घर वाले वहां पहुंचे तो लहूलुहान शव देखकर वे चीखने-चिल्लाने लगे। शोर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष आरबी सुमन, सीओ पंकज सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। डॉग स्क्वॉयड और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल किया। पुलिस अधिकारियों की निगरानी में शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने महिला सशक्तिकरण जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- बेटियों में आत्मविश्वास को बढ़ावा देना ही मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्यः जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस। अमेठी



महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा,सम्मान एवं स्वालंबन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति फेज-4 का शनिवार को शुभारंभ किया गया। प्रातः 8:30 बजे जीजीआईसी गौरीगंज से स्कूली छात्राओं एवं पुलिस विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु निकली गई जन जागरूकता रैली को मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली जीजीआईसी गौरीगंज से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट में समाप्त हुई। रैली में यूपी 112 के दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहन, महिला स्कूटी वाहनों को शामिल किया गया। रैली के माध्यम से महिला हेल्पलाइन नंबर जिसमें 1090 वूमेन पावर लाइन,181 वूमेन हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड लाइन, 108 एंबुलेंस सेवा,102 गर्भवती महिलाओ एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा 112 पुलिस आपातकालीन सेवा और 1930 साइबर हेल्पलाइन आदि जरूरी नंबरों को जन सामान्य में प्रचारित प्रसारित किया गया।

इसके अतिरिक्त इस जन जागरूकता रैली के माध्यम से महिलाओं के उत्थान हेतु संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं यथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना योजना, जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पुलिस सहायता संबंधी जानकारी निराश्रित महिला पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में महिलाओं, बालिकाओं को जागरूक किया गया। मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत वाद-संवाद के माध्यम से बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान स्वावलम्बन व उनके हक एवं अधिकार के विषय में बताया जा रहा है। और हमारे समाज में जब तक बेटा-बेटी में भेदभाव होता रहेगा तब तक समाज और देश आगे नहीं बढ़ेगा।इसलिये उप्र सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत बालिकाओं एवं समाज को जन जागरूकता कार्यक्रम चलाकर जागरूक किया जा रहा है। इसके पश्चात लखनऊ के लोकभवन में आयोजित मुख्यमंत्री द्वारा मिशन शक्ति फेज 4 के शुभारंभ कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 28 महिलाओं एवं बालिकाओं जिनमें महिला पुलिसकर्मी संध्या सिंह, सुजाता मौर्य, लक्ष्मी राजभर, सुलोचना, स्वाति चौहान प्रियंका रानी, बीसी सखी में गायत्री श्रीवास्तव, शर्मिला कश्यप, संगीता जायसवाल, वसीमा बानो, विद्युत सखी में सीमा रानी, ममता मौर्य महिला खिलाड़ियों में ब्राह्मणी सिंह, शालू, अंजलि, शैलजा सिंह राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की शिफा बानो, रिद्धि कौशल, सेजल शर्मा, विद्या यादव, अंशिका शर्मा, राखी, अंजू, सावित्री यादव, पूजा यादव, सिमरन, ममता व किंजल को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक डॉ इलमारन जी व मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने सम्मानित किया। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय शूटर रुचि सिंह को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आज के युग में महिलाएं सभी क्षेत्रों में कार्य कर रहीं हैं।महिलाएं अपने आप को कमजोर ना समझे। इसके लिए शासन द्वारा महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं। इस अवसर अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह उप निदेशक नेहरू युवा केंद्र आराधना राज सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पितृपक्ष में पितरों की स्मृति में वृद्धाश्रम में भोजन वितरण

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर



पितृपक्ष में पितरों की स्मृति में गरीब असहाय मानसिक रूप से विक्षिप्त एवम जरूरत मंदों को भोजन उपलब्ध कराने वाले समूह वन डे हंगर स्ट्राइक के तत्वावधान में गुरुवार को शिक्षक रितेश त्रिपाठी, विवेक त्रिपाठी ने विशेष रूप से आमंत्रित खंड शिक्षा अधिकारी जयसिंहपुर शिवशंकर मिश्रा, पत्रकार अनुराग द्विवेदी व अंजनी तिवारी की उपस्थिति में अपने पूज्य पिता स्व. रमाकांत त्रिपाठी (प्रधानाचार्य) की स्मृति में पयागीपुर में स्थित वृद्धाश्रम में वृद्ध जनों को भोजन कराया। टीम वन डे हंगर स्ट्राइक जनपद सुल्तानपुर सहित पूर्वांचल के कई जनपदों में प्रतिदिन जो भी लोग एक दिन का व्रत रखते हैं उनके हिस्से का भोजन उनसे प्राप्त कर हर जरूरतमंद को भोजन उपलब्ध कराती हैं। यह कार्य गत दो वर्षो कई जिलों में अनवरत किया जा रहा है समूह का उद्देश्य है कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए न ही भोजन के अभाव में किसी की मृत्यु हो। इस अवसर पर टीम वन डे हंगर स्ट्राइक के अगुवा युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह, अनुज तिवारी बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक विवेक त्रिपाठी, जितेंद्र त्रिपाठी, गौरव त्रिपाठी, आलोक पाठक, जयकुमार, अभिषेक मिश्रा, रमेश यादव एवं टीम वन डे हंगर स्ट्राइक के सदस्य उपस्थित रहे।

# मण्डलीय माध्यमिक विद्यालयीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में जनपद से प्रतिभाग के लिए टीम को किया गया रवाना

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरक्षक ओमकार राणा के निर्देशन में रायबरेली से दारुल अरकम पब्लिक स्कूल, कंपोजिट विद्यालय चक अहमदपुर, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, नेशनल इण्टर कॉलेज, सैंट पीटर्स स्कूल आदि स्कूलों के बालक बालिकाओं ने मण्डलीय माध्यमिक विद्यालयीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 2023-24 अण्डर 14, 17 एवं 19 आयु वर्ग में प्रतिभाग हेतु बी0एस0एन0वी0 इण्टर कॉलेज चारबाग लखनऊ के लिए कंपोजिट विद्यालय चक अहमदपुर से प्रस्थान किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी राही बृजलाल ने रत्नेश श्रीवास्तव प्राचार्य राजकीय इण्टर कॉलेज, खेल शिक्षक अजय सिंह चन्देल एवं व्यायाम शिक्षक मोहम्मद अनीस, नगर व्यायाम शिक्षक एवं नोडल कोच मोहम्मद शोऐब, कोच समर जहाँ, कोच मोहम्मद अतहर, कोच नावेद खान कोच मोहम्मद सलमान, नीलम मिश्रा, आरती मिश्रा, वन्दना मिश्रा, निदा खान, तबस्सुम खान, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद इरफान खान, सलाहउद्दीन अन्सारी, मोहम्मद नसीम आदि की उपस्थिति में हरी झण्डी दिखाकर खिलाड़ियों की बस को रवाना किया। सभी उपस्थित अधिकारियों, एआरपी गण, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया एवं उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएँ दीं। आज की मण्डलीय माध्यमिक विद्यालयीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 2023-24 में बालिका अण्डर 14 वर्ग में उमामा ने द्वितीय एवं नशरा फातिमा ने चतुर्थ स्थान, बालक अण्डर 14 वर्ग में मोहम्मद अब्बास ने तृतीय हम्द एवं शमशाद ने चतुर्थ स्थान, बालिका अण्डर 17 वर्ग में बरीरा मसूद ने प्रथम एवं आलिमा ने तृतीय स्थान, बालक अण्डर 17 वर्ग में मोहम्मद हुसैन ने प्रथम एवं मोहम्मद शमी ने तृतीय स्थान, बालक अण्डर 19 वर्ग में मोहम्मद हसन ने प्रथम एवं मोहम्मद राफे ने द्वितीय स्थान अर्जित कर रायबरेली जनपद का नाम रौशन किया।उपरोक्त के अतिरिक्त रायबरेली की टीम से बालिका अण्डर 14 वर्ग में समीक्षा, राधा, बालक अण्डर 14 वर्ग में समर विक्रम, अंश बालिका अण्डर 17 वर्ग में नेहा दीक्षित, शिफा नाज, बालक अण्डर 17 वर्ग में मोहम्मद उमर, अबुल फैज बालिका अण्डर 19 वर्ग में अरीशा अन्सारी, अर्चना, साम्या, बालक अण्डर 19 वर्ग में अलजैद अली ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। ज्ञात रहे कि ये सभी खिलाड़ी रायबरेली जनपद स्तर पर आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर मण्डल खेलने के लिए चयनित हुए थे।

# शहर कांगेस कमेटी की मासिक बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। रायबरेली





शहर कांग्रेस की मासिक बैठक कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने और बूथ सहायक बनाने पर विचार विमर्श के साथ शहर में होने वाले दलित संवाद कार्यक्रम एवं दलित मांग पत्र पर चर्चा एवं बूथ पर निर्वाचन में सूची बढ़वाने तथा आपत्तियों को सही कराने पर चर्चा की गई। इस मौके पर शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि देश में महगांई बेरोजगारी चरम पर है जनता भाजपा राज्य में बुरी तरह टूट चुकी है आने वाले समय में जनता इनको पराजित कर जवाद देगी। उन्होने कहा कि कांग्रेस का संगठन लगातार जनता के बीच मे रहकर उनके सुख दुख में और समस्याओं के निराकरण के लिए संघर्ष करता है गांधी परिवार से रायबरेली का अटूट रिश्ता है जो कि आने वाले समय में और भी मजबूत होगा।

इस अवसर पर सुनील प्रताप सिंह भदौरिया, आशीष द्विवेदी, सर्वोत्तम मिश्रा, मुन्ना घोसी, संजीव शुक्ला, प्रमोद पाण्डेय, हाजी उस्मान, हरमिन्दर सिंह सलूजा, मनीष सोनकर, मनोज मिश्रा, पुष्पा यादव, मो0 हुसैन, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, मनोज त्रिवेदी, सोनू खान, सैय्यद अरशद, शादाब खान, महेश्वर सिंह, नितिन कुमार सिंह, अमित मिश्रा, मो0 असलम, शब्बीर अहमद, मो0 बशीर, अंशुमान गांधी, शफ्फू खान, बृजेश सिंह, शमजैदी, मुकेश श्रीवास्तव, शैलेन्द्र यादव, सुमित कुमार विमल, राशिद अन्सारी, मोनू, अरविन्द शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# वैभव ने दिए बच्चों को सफलता के सूत्र

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



एसडीएसएन इंटर कॉलेज, दरियापुर के विद्यालय कैम्पस में, माइक्रोसॉफ्ट, लंदन के डायरेक्टर, मि. वैभव पंचाल, ने 'विद्यालय में एआई लैब पर कार्यशाला' का आयोजन किया। इस मौके पर, वैभव जी ने बच्चों को सफलता के सूत्र दिए और अपनी कहानी से प्रेरित किया।

वैभव ने एआई और यह कैसे विभिन्न पेशेवरों और रोजगार के भविष्य पर प्रभाव डाल रहा है, इसके बारे में बात की। उन्होंने एक कार्यशाला भी आयोजित की, जिसमें छात्र 'जेनरेटिव' और 'प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग' का उपयोग करके विभिन्न एआई मॉडल्स तैयार किए। इस ष्विद्यालय में एआई लैब पर कार्यशाला के माध्यम से, छात्रों को एआई के उपयोग के बारे में समझाया गया, और उन्हें भविष्य के रोजगारोंष् के लिए तैयार होने और सफल करियर की दिशा में आगे बढ़ने के उद्देश्य को बताया।

एसडीएसएन इंटर कॉलेज का मकसद है कि छात्र जीवन में नई और उन्नत तकनीकी ज्ञान के साथ सफलता प्राप्त करें और उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए सूत्र प्रदान किया जाए।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-4 संबंधी जन जागरूकता रैली को डीएम-एसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जन एक्सप्रेस। रायबरेली




महिलाओं, बालिकाओं के सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन संबंधी 'मिशन शक्ति' अभियान फेज-4 का शुभारंभ महिला सशक्तिकरण जन जागरूकता रैली को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने पुलिस लाईन ग्राउंड से हरी झंडी दिखाकर रवाना कर किया। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत आयोजित यह जन जागरूकता दो पहिया वाहन रैली पुलिस लाइन ग्राउंड से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए जीआईसी ग्राउंड में संपन्न हुई। इस रैली के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन से संबंधित विभिन्न योजनाओं, प्रावधानों हेल्पलाइन नंबरों का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। जिसमें 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा आदि का व्यापक प्रचार-प्रसार शामिल है। इसके अतिरिक्त इस जागरूकता रैली ने महिलाओं के उत्थान हेतु संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं यथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, चिकित्सा सुविधा संबंधी मातृ वंदना योजना, जन आरोग्य योजना, पुलिस सहायता संबंधी जानकारी, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा अन्य योजनाओं के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार किया। इसी क्रम में राजकीय इंटर कॉलेज के प्रांगण में मिशन शक्ति के चैथे चरण के अंतर्गत मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुभारंभ कार्यक्रम लखनऊ से प्रसारित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी सहित समाजसेवियों, अधिकारियों, कर्मचारियों व विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं के साथ देखा गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, अपर जिला अधिकारी प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट प्रकाश चंद, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित समाजसेवियो व विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# 5 साल बाद लीजिए लखनऊ महोत्सव का मजा

## 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक आशियाना के कांशीराम स्मृति उपवन में लगेगा कला-संस्कृति का मेला

जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** नवाबों का शहर लखनऊ यूं तो बेहतरीन मेहमान नवाजी के लिए हमेशा से जाना जाता है। लेकिन 25 नवंबर से 5 दिसंबर तक यहां की रौनक और बढ़ जाएगी। क्योंकि इन 10 दिनों में लगने वाले लखनऊ महोत्सव में कला संस्कृति, स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प, लोक कलाएं और तरह-तरह की व्यंजनों का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। 5 साल बाद होने जा रहे लखनऊ महोत्सव का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। प्रदेश की राजधानी में एक बार फिर पांच साल बाद %लखनऊ महोत्सव% की रौनक लौटनेवाली है। सांस्कृतिक कार्यक्रम 25 नवंबर से पांच दिसंबर तक आशियाना के कांशीराम स्मृति उपवन में होंगे। दस दिवसीय आयोजन में शायर, कवि, बॉलीवुड और लोक कलाकार समा बांधेंगे। इस दौरान युवा महोत्सव और अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। पर्यटन विभाग के अधिकारियों के अनुसार लखनऊ महोत्सव में प्रदेश भर से विभिन्न उत्पादों के एक हजार स्टॉल लगाने का लक्ष्य रखा गया है। विभिन्न प्रांतों से हस्तशिल्प और कारीगर शिरकत करेंगे।

- आयोजन में शायर, कवि, बॉलीवुड और लोक कलाकार समा बांधेंगे
- इस दौरान युवा महोत्सव और अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी
- प्रदेश भर से विभिन्न उत्पादों के एक हजार स्टॉल लगाए जाएंगे



### नौका विहार होगा आकर्षण का केंद्र

लखनऊ महोत्सव में पहली बार होने जा रही नौका विहार भी आकर्षण का केंद्र होगा। पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार योजना के मुताबिक जिला प्रशासन महोत्सव का आयोजन करेगा।

### टिकट की दर 20 रुपए, बच्चों की एंट्री मुफ्त

सांस्कृतिक आयोजनों में ब्रज, अधी, बुंदेली लोकगीतों की महफिल भी सजेगी। टिकट की दर 20 रुपए रखी गई है। बच्चों की एंट्री मुफ्त रहेगी। महोत्सव के दौरान पतंगबाजी, विंटेज कार रैली, कबड्डी, कुश्ती, नाट्य प्रतियोगिताएं और फूड फेस्टिवल भी लुभाएंगे।

## बच्चे न होने पर पत्नी को दे दिया तलाक

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मिल एरिया क्षेत्र में एक महिला को बंधक बनाकर मारने-पीटने के बाद पति ने उसे तलाक दे दिया गया। महिला का आरोप है कि उसके संतान नहीं होने पर पति ने ऐसा किया। मिल एरिया क्षेत्र के ग्राम वलीपुर निवासी रजिया का आरोप है कि उसकी 20 साल पहले मो. उमर से शादी हुई थी। कोई संतान नहीं होने पर पति उसके साथ आए दिन मारपीट करता है। गत बृहस्पतिवार को उसने कमरे में बंद करके मारापीटा और तीन बार तलाक बोलकर घर से निकाल दिया। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### इटौंजा पुलिस ने 15 पैकेट विंडीज़ देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस/इटौंजा, लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र के खेसरवां गांव में बिना लाइसेंस के शराब बेचने वाले व्यक्ति को इटौंजा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया?। बता दें कि इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सुमन सैनी, कांस्टेबल बोबी कुमार,अभिषेक, महिला कांस्टेबल शिवानी शर्मा ने खेसरावां गांव निवासी सुरेन्द्र पुत्र गोविंद उम्र 31 वर्ष को 15 पैकेट विंडीज़ देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेश कुमार शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के पास से 15 पैकेट शराब के बरामद हुए हैं जिस पर धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाहीं की गई है, कहा कि आगामी त्यौहार को देखते हुए इटौंजा पुलिस क्षेत्र में गस्त के दौरान अवैध रूप से शराब बेच रहे व्यक्ति को गिरफ़्तार कर कठोर की गई।

### बीकेटी खाने पर पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न



जन एक्सप्रेस/इटौंजा, लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट के बीकेटी थाना परिसर में डीसीपी उत्तरी लखनऊ एस एम कासिम आब्दी के निर्देशानुसार आगामी शारदीय त्यौहार नवरात्रि के दृष्टिगत बीकेटी थाना प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें सभासद, क्षेत्रीय प्रधान, संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे। वहीं बीकेटी थाना प्रभारी निरीक्षक ने सभी से अपील कर कहा कि मीटिंग में त्यौहार को आपसी सहयोग व भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये।

### बीकेटी थाना परिसर में थाना समाधान दिवस हुआ संपन्न




जन एक्सप्रेस/इटौंजा, लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट के बीकेटी थाना परिसर में थाना समाधान दिवस संपन्न हुआ। बता दें कि बीकेटी थाना समाधान दिवस पर पुलिस को चार शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिसमें तीन शिकायती पत्र जमीन राजस्व संबंधित व एक शिकायती पत्र पुलिस विभाग संबंधित पुलिस को प्राप्त हुए, जिसमें चारों शिकायती पत्र का निस्तारण नहीं हो पाया। वहीं इस मौके पर बीकेटी थाना प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक, हेड कांस्टेबल, फरियादी अन्य मौजूद रहें।

### थाना दिवस पर एस.एच.ओ ने सुनी फरियादियों की फरियाद

जन एक्सप्रेस/इटौंजा, लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना परिसर में थाना समाधान दिवस संपन्न हुआ। बता दे कि इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेश कुमार शुक्ला व नायब तहसीलदार रूचि गुप्ता के नेतृत्व में थाना दिवस संपन्न हुआ। बता दे कि थाना दिवस पर फरियादियों द्वारा तीन शिकायती पत्र पुलिस को प्राप्त हुए। जिसमें तीनों शिकायतें जमीन की राजस्व विभाग से संबंधित हुई, जिसमें तीनों शिकायतें निस्तारण नहीं हो पाई। वहीं थाना समाधान दिवस पर दो लेखपाल पहुंचे जिसमें भगवतीपुर लेखपाल विमल किशोर व इटौंजा लेखपाल सत्यपाल मौजूद रहें। इस मौके पर नायब तहसीलदार इटौंजा रूचि गुप्ता, थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेश कुमार शुक्ला, बजरंगी गौतम दरोगा, राघवेंद्र पांडेय दरोगा, राजेन्द्र प्रसाद कानूनगो इटौंजा, पवन कुमार कानूनगो कुम्हरावां, विमल किशोर लेखपाल, सत्यपाल लेखपाल, संतोष तिवारी, जाहिद, देवेंद्र, इटौंजा नगर पंचायत कर्मचारी अनुभव पांडेय अन्य फरियादी मौजूद रहें।

### संजय निषाद आज निकालेंगे पदयात्रा

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। आज प्रदेश के मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री एवं निषाद पार्टी सुप्रीमो डॉ संजय कुमार निषाद अपने सरकारी आवास 01 विक्रमादित्य मार्ग से 1090 चौराहे तक पदयात्रा कर संवैधानिक मछुआ एससी आरक्षण जनसंपर्क अभियान की शुरूआत करेंगे। मंत्री के पीआरओ राजीव यादव के मुताबिक संवैधानिक मछुआ एससी आरक्षण जनसंपर्क अभियान पदयात्रा कल सुबह 11 बजे 01 विक्रमादित्य मार्ग से 1090 चौराहे होते हुए संतकबीरनगर के लिए प्रस्थान करेगी।

### सूचना विभाग के अधिकारियों को मिली पदोन्नति दिनेश गुप्ता बने ज्वाइंट डायरेक्टर

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के एक उप निदेशक और सात सूचना अधिकारियों को शुक्रवार को प्रोन्नत कर दिया गया है। प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद की ओर से जारी आदेश के मुताबिक उप निदेशक दिनेश कुमार गुप्ता को संयुक्त निदेशक पद पर प्रोन्नति मिली है, जबकि सूचनाधिकारियों में प्रशांत कुमार श्रीवास्तव, चन्द्रमोहन, प्रभात श्रीवास्तव, जितेन्द्र प्रताप सिंह, इन्द्रमणि पांडेय, डा सीमा गुप्ता ,सुनील कुमार कनौजिया को सहायक निदेशक पद पर प्रोन्नति दी गयी है।

## घर में नहा रही थीं महिलाएं, दबे पांव घुस गए बिजली कर्मी, बनाया वीडियो, हंगामे के बाद एफआईआर

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ के बख्शी का तालाब इलाके में खुद को बिजलीकर्मी बताकर शनिवार सुबह आठ बजे गांव के घरों में कुछ लोग घुस गए। इस दौरान महिलाएं स्नान कर रही थीं। अजनबी लोगों को देख महिलाओं ने शोर मचाया। देखते ही देखते पूरा गांव जमा हो गया। हंगामा देखकर खुद को बिजलीकर्मी बताने वाले भाग खड़े हुए। ग्रामीणों ने सैरपुर पुलिस को इस मामले की सूचना देकर कार्रवाई करने का दबाव बनाया। पश्चिम गांव से पासी समाज के लगभग 40 ग्रामीणों ने सैरपुर पुलिस को दी गयी शिकायत में आरोप लगाया कि शनिवार को सुबह 20 से 25 लोग खुद को बिजली कर्मी बताकर घरों में घुसने लगे। एक महिला ने बताया कि उसके घर में आदमी खेत पर काम करने के लिए गए थे और वह नहा रही थी। मना करने पर भी यह लोग घर में घुस कर वीडियो बनाने लगे। स्नान घर में दरवाजा नहीं है उसमें पर्दा पड़ा हुआ था उसे उठा दिया। इसके बाद हंगामा मच गया और शोर मचते ही लोग जुट गए। इस बीच बिजली कर्मी वहां से निकल गए। ग्रामीणों ने लाखन पासी आर्मी नामक संगठन के मुखिया सूरज पासी को इस मामले की सूचना दी, तो पीआरवी ने पहुंचकर जांच शुरु की। सूरज पासी ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो उपकेंद्र का घेराव करेंगे।

### लोगों ने बताई घटना

गांव के लोगों ने इसका विरोध किया तो कर्मियों ने धमकाया कि बिजली चोरी का इतना बड़ा जुर्माना लगेगा कि उसको भरने में खेत बिक जाएगा। इससे ग्रामीण और भड़क गये। उधर, बीकेटी के अधिशासी अभियंता डीपी सिंह ने बताया कि स्थानीय जेई-एसडीओ ने बिजली चोरी पकड़ने के लिए छापामारी की थी। जांच के दौरान ग्रामीणों ने हंगामा एवं झगड़ा किया, जिससे टीम वापस लौट आयी थी। यहां पर कुछ बिजली चोरी भी पकड़ी गई है।

### मिली तहरीर, दर्ज होगी एफआईआर

मामले में ग्रामीणों की तरफ से तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## आप सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में उपवास

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह की भाजपा के अनुसांगिक संगठन ईडी द्वारा राजनीति प्रेरित फर्जी आरोप लगाते हुए की गई अवैधानिक गिरफ्तारी के विरोध में शिक्षक प्रकोष्ठ द्वारा पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर चल रहे क्रमिक उपवास आज चौथे दिन भी जारी रहा । कल भारी संख्या में शिक्षक जुट रहे है द्यप्रकोष्ठ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शीलेंद्र राठौर ने संबोधित करते हुए कहा कि संजय सिंह लगातार किसानों , मजदूरों,आम आदमी के मुद्दे जैसे बिजली,पानी ,इलाज, शिक्षा के मुद्दो पर सरकार को घेरते रहे है द्य भ्रष्टाचार, घोटालों में लिप्त भाजपा सरकार संवैधानिक संस्थाओं का गला घोट रही है और देश की सारी संपत्ति अपने उद्योगपति मित्र के हवाले किए जा रही है। भाजपा सरकार के काले कारनामों के विरुद्ध संजय सिंह की क्रांतिकारी आवाज से डरी हुई मोदी सरकार की ईडी ने षड्यंत्रपूर्वक संजय सिंह को गिरफ्तार किया है द्यदेश के कर्मचारियो की पुरानी पेंशन की मांग के लिए नई दिल्ली के रामलीला मैदान में गत 1 अक्टूबर की शंखनाद रैली में संजय सिंह की मोदी सरकार के नकेल डालने और पेंशन का समर्थन किए जाने से तानाशाही मोदी सरकार ने दमनकारी कार्य करते हुए जेल में डालने का काम किया है। जिस संजय सिंह कीआवाज 40 साल देश की सेवा करने वाले शिक्षको कर्मचारियों के बुढ़ापे का सहारा पेंशन के लिए उठी हो उस आवाज को जेल में डालने का सरकार के उत्पीड़नकारी कार्य को देश का शिक्षक और कर्मचारी बर्दाश्त नहीं करेगा और इसका जवाब सरकार को देगा और बड़ा आंदोलन करेगा कल इस संबंध में अनशन स्थल पर प्रकोष्ठ के जिला एवं प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई है जिसमे आंदोलन के अगले चरण की घोषणा होगी।

इस अवसर पर खेल प्रकोष्ठ की अध्यक्ष इश्मा जहीर पूर्व प्रत्याशी महापौर कानपुर , पार्टी के निवर्तमान कोषाध्यक्ष राजीव पांडे, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद तकी, प्रदेश उपाध्यक्ष रानी कुमारी,शिक्षक प्रकोष्ठ के कोषाध्यक्ष डा. मुकेश यादव , प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विनोद पाल,खेल प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष श्री अनिल जैन श्री ब्रजेश चंद्र पटेल ,तेज नारायण पांडे , शिवम मौर्य सोशल मीडिया ,उमेश मौर्या उधम सिंह, अनूप वर्मा आदि ने संबोधित किया ।

## भारतीय किसान यूनियन की प्रमुख सचिव आवास से मुलाकात

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

भारतीय किसान यूनियन अवध राजू गुट ने किसानों की समस्याओं को लेकर प्रमुख सचिव, आवास से मुलाकात कर अपनी समस्याओं का मांग पत्र सौंपा । बताया कि यदि मांगे नही पूरी कि गई तो जल्द ही इको गार्डन में शांति पूर्वक करेंगे। धरना प्रदर्शन और संबंधित अधिकारियों से मिलकर ज्ञापन भी देंगे । लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा सीतापुर रोड जानकीपुरम रोड योजना में लगभग 2300 किसानों की भूमि आवास योजना के अंतर्गत अर्जित की गई थी जिसमें प्राधिकरण द्वारा बैठक में तय किया गया था कि प्रत्येक किसान को जीवन यापन हेतु 10 गुणा 12 वर्ग फीट का चबूतरा दिया जाएगा जिसमें 8 वर्ष बीत जाने के बाद केवल 800 किसानों को चबूतरे दिए गए बाकी बचे हुए किसानों को भी चबूतरे दिए जाएं। बसंत कुंज योजना व सीतापुर रोड जानकीपुरम योजना एक साथ की ही है जिसके कारण दोनों योजनाओं में एक समान योजना लागू की जाए जैसे वसंत कुंज योजना में किसानों को कोर्ट के आदेश अनुसार सभी किसानों को मुआवजा का भुगतान किया गया । जानकीपुरम योजना में कोर्ट के आदेश अनुसार मुआवजा का भुगतान किया जाए।

## नवरात्रि धर्म की अधर्म और सत्य की असत्य पर जीत का प्रतीक : केशव

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री ने शारदीय नवरात्रि की देश व प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं
- मेरी कामना है कि आदिशक्ति की कृपा से सभी का जीवन सुख, सौभाग्य और स्वास्थ्य से परिपूर्ण हो

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शक्ति की उपासना के महापर्व शारदीय नवरात्रि के पावन व पुनीत अवसर पर देश व प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी हैं।उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि आस्था और विश्वास का यह पावन अवसर हर किसी के जीवन में नई ऊर्जा और नए उत्साह का संचार करे। उन्होंने कहा है कि मेरी कामना है कि आदिशक्ति की कृपा से सभी का जीवन सुख, सौभाग्य और स्वास्थ्य से परिपूर्ण हो।शारदीय नवरात्रि की पूर्व संध्या पर जारी अपने शुभकामना संदेश में श्री मौर्य ने कहा है शारदीय नवरात्रि धर्म की अधर्म और सत्य की असत्य पर जीत का प्रतीक है। इन दिनों को दुर्गा उत्सव के तौर पर देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। नवरात्रि में आदिशक्ति जगदम्बा के नौ विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। यही कारण है कि ये नौ दिन वर्ष के सर्वाधिक पवित्र दिवस माने गए हैं। नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की जीत की सीख मिलती हैं। भारतीय जनजीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। यह भारत की गंगा-जमुना तहजीब का ही नतीजा है कि सब धर्मों को मानने वाले लोग अपने- अपने धर्म को मानते हुए इस देश में भाईचारे की भावना के साथ सदियों से एक साथ रहते चले आ रहे हैं। विभिन्न धर्मों के साथ जुड़े कई पर्व भी हैं। इन्हीं में से एक नवरात्रि है।

## बस स्टैंड पर यात्रियों को मिलेगी रोडवेज बसों के लोकेशन की जानकारी, 5000 बसों में लगेंगी लोकेशन डिवाइस




जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के बस अड्डों पर अब यात्रियों को रोडवेज बसों की सही लोकेशन की जानकारी मिलेगी। 5000 बसों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) लगाए जाएंगे। लखनऊ क्षेत्र की 130 बसों, गाजियाबाद क्षेत्र की एक 60 और मेरठ क्षेत्र की 20 बसों में वीएलटीडी लगाया जा चुका है। वहीं बस स्टैंड पर भी एलईडी लगाए जाएंगे जहां से यात्री अपने गंतव्य की ओर जाने वाली बस की सही लोकेशन की जानकारी पता कर सकेंगे। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) दयाशंकर सिंह ने बताया कि 100 स्थानों पर एलईडी लगना है। 87 स्थान चिह्नित हो चुके हैं। 25 बड़े स्टेशनों पर 54 वर्ग फीट और 75 छोटे स्टेशनों पर 18 फीट की एलईडी लगाई जाएगी। सिस्टम की मॉनीटरिंग के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक दफ्तर में 55 इंच का एलईडी लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि समय सारणी के अनुसार इन एलईडी पर मल्टीमीडिया वीडियो चलेंगे जिससे की लोगों को परिवहन निगम के कार्यों,संचालन की जानकारी भी मिलती रहेगी। उन्होंने बताया कि प्रवर्तन दल के 69 वाहनों में वीएलटीडी लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार लोगों को अपने मोबाइल पर ट्रेनों की सही लोकेशन की जानकारी मिलती है वैसे ही यूपीएसआरटीसी की बसों की जानकारी भी मिलेगी। बसों की वास्तविक लोकेशन की जानकारी मिलने से लोग समय से अपने घरों से निकलकर बस स्टैंड तक पहुंच सकेंगे। लोगों को बसों में यात्रा कर रहे अपने परिजनों के लोकेशन के बारे में जानकारी मिल सकेगी। इससे वह परिजन को समय पर लेने के लिए बस स्टैंड पहुंच सकेंगे।

### एक बस में दस पैनिक बटन लगाए जाएंगे

परिवहन मंत्री ने बताया कि एक रोडवेज बस में 10 पैनिक बटन लगाए जाएंगे। पैनिक बटन से किसी भी आपातकाल की स्थिति से बचने में लोगों को सहायता मिलेगी। पैनिक बटन दबाते ही इसकी सूचना नजदीकी आरएम ऑफि, परिवहन निगम मुख्यालय और पुलिस को तत्काल मिल जाएगी।

## 254 कम्पोजिट विद्यालय होंगे अपग्रेड, इंटरमीडियट तक होगी पढ़ाई

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

कॉरपोरेट घरानों की ओर से दिए गए सीएसआर फंड यानि कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी उत्तर प्रदेश भर में तैयार हुए 254 कंपोजिट विद्यालयों को अगले साल तक कक्षा 12वीं तक विस्तारित किया जाएगा।सीएम योगी ने प्रदेश के 57 कंपोजिट विद्यालयों के निर्माण के साथ ही हर जिले में सीएसआर फंड से बने इन विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं के साथ लैस करने के निर्देश दिए। अगले सत्र से पहले यह सभी विद्यालय पहले दसवीं कक्षा में फिर इंटरमीडिएट में तबदील होंगे।बेसिक शिक्षा विभाग को अभी तक विभिन्न कंपनियों से सीएसआर फंड के नाम पर 100 करोड़ से अधिक की राशि मिल चुकी है।इस फंड से प्रदेश में 254 विद्यालयों का निर्माण प्राइवेट कंपनियों द्वारा करवाया गया है।लखनऊ मंडल के एडी बेसिक किशोर तिवारी ने बताया कि 'बीते दिनों मुख्यमंत्री ने विभाग की समीक्षा बैठक करते हुए प्रदेश के 57 जिलों में कंपोजिट विद्यालय शुरू करने के साथ ही विभिन्न जिलों में सीएसआर फंड से बने विद्यालयों को भी इंटरमीडिएट तक अपग्रेड करने के निर्देश दिए हैं।प्रदेश में ऐसे 254 कंपोजिट विद्यालय कॉरपोरेट हाउसेस द्वारा बनवाए गए हैं, जिनमें अभी कक्षा 1 से 8 तक के क्लासेस संचालित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अगले एक वर्ष में इन सभी विद्यालयों को आवश्यकता अनुसार अपग्रेड कर 12वीं तक करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने बताया कि इन विद्यालयों के 12वीं तक संचालित होने से प्रदेश में करीब 35 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को इंटर तक की वर्ल्ड क्लास शिक्षा मिलने लगेगी। इसके अलावा इन विद्यालयों में शिक्षण कार्य में लगे उत्कृष्ट शिक्षकों का प्रमाणिकता आधारित तैनाती दी जाएगी। इन 254 कंपोजिट विद्यालयों में दो हजार से अधिक विद्यार्थियों के बैठने की क्षमता, 1400 विद्यार्थियों के भोजन पकाने एवं खाने की क्षमता, 500 व्यक्तियों की क्षमता का हॉल और तीन मंजिला दिव्यांग सुलभ मल्टी डाइमेंशनल सुविधा का निर्माण कराया जाएगा. जहां यह सुविधाएं मौजूद है वहां इसी सत्र से 12वीं की कक्षाएं शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।कंपोजिट विद्यालयइन विद्यालयों में लैंग्वेज लैब के साथ कंप्यूटर लैब- स्मार्ट क्लास- मॉड्यूलर साइंस लैब- रोबोटिक्स एंड मशीन लर्निंग लैब- वाई-फाई कैंपस- 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था के लिए सुरक्षा कर्मी एवं सफाई कर्मी की सुविधा मिलेगी।एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी ने बताया कि 'बीते साल तक कॉर्पोरेट घरानों से बेसिक शिक्षा परिषद को ओवरऑल 200 करोड़ से अधिक का ग्रांट मिला है।इसमें एचसीएल की ओर से 60 करोड़, एसआरएफ फाउंडेशन की तरफ से 11 करोड़, एचएनसी एजेंसी फाउंडेशन की तरफ से 11 करोड़, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन दिल्ली की ओर से 10 करोड़, एनटीपीसी की ओर से 7 करोड़, आईटीसी की तरफ से 7 करोड़ सीएसआर फंड दिया गया है, वहीं एचडीएफसी बैंक की तरफ से प्रदेश के सैकड़ों स्कूलों को ऑनलाइन क्लास के अलावा टेबल कुर्सी मुहैया कराया गया है, जबकि सैकड़ों ऐसी संस्थाएं हैं जिन्होंने एक-एक प्राथमिक विद्यालयों को गोद लेकर सीएसआर फंड के माध्यम से वहां पर मूलभूत सुविधाओं को सही करने में विभाग की काफी मदद की है।

## भावी युवा मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शत-प्रतिशत करें शामिल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- अर्ह मतदाताओं को ऑफलाइन व ऑनलाइन पंजीकरण के लिये करें प्रोत्साहित
- शैक्षणिक संस्थानों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किये जाये आयोजित

युवा मतदाताओं विशेषकर 18-19 आयु वर्ग की तुलना में पंजीकृत मतदाताओं का प्रतिशत अपेक्षा से काफी कम है। निर्वाचन आयोग द्वारा कोई मतदाता न छूटे के क्रम में अर्ह मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित किये जाने एवं भावी युवा मतदाताओं 18-19 आयु वर्ग के नाम नामावलियों में शामिल किये जाने के विषय में सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दिशा-निर्देश दिये गये है।अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पड़ने वाले शैक्षणिक संस्थानों के इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब के साथ नियमित रूप से बैठक करेगे और उन्हें पंजीकरण की प्रक्रिया और आवेदन दाखिल करने की समय सीमा के बारे में जागरूक करेंगें।सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं में पुनरीक्षण से पूर्व की गतिविधियों के दौरान विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा, जिससे मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में मतदाताओं को जागरूक किया जा सके और उन्हें वेबसाइट एवं मोबइल ऐप, वोटर सर्विस पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन ऐप आदि के ऑनलाइन माध्यम से मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए दावे उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा ऑनलाइन फार्म जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा तथा इसके लिए संबंधित स्कूलों व कालेजों में स्थापित इन्फाइस्ट्रक्चर का सहयोग भी लिया जा सकता है। शैक्षणिक संस्थानों से प्राप्त ऐसे सभी फार्मों का संस्थानवार डेटा संरक्षित किया जाएगा, जिससे पात्र मतदाताओं के सापेक्ष पंजीकरण के प्रतिशत का विश्लेषण करने और शतप्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने की रणनीति बनाने में मदद प्राप्त होगी। कि प्रत्येक कक्षा में ऐसे अर्ह भावी युवा मतदाता जो 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष के हो गये हैं।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# भारत की विकास दर के बारे में आईएमएफ का अनुमान बहुत बड़ी खुशखबरी

**सुरक्षा उपकरणों के निर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण इकाईयों की स्थापना की जा रही है। भारत की लगातार बढ़ती आर्थिक विकास दर के चलते अब भारत में बेरोजगारी की दर भी कम हो रही है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण वार्षिक प्रतिवेदन 2022-2023 के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों के लिए भारत में बेरोजगारी की दर जुलाई 2022 से जून 2023 के खंडकाल के दौरान छह वर्ष के निचले स्तर अर्थात 3.2 प्रतिशत पर आ गई है।**

*वैश्विक स्तर पर विभिन्न देश आर्थिक समस्याओं से लगातार जूझ रहे हैं। साथ ही, रूस यूक्रेन के बीच युद्ध अभी थमा भी नहीं था कि आतंकवादी संगठन हमास ने इजराइल पर हमला कर दिया, जिससे अब इजराइल एवं हमास के बीच युद्ध छिड़ गया है और अब तो एक तरह से लेबनान भी इस युद्ध में कूद गया है। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच, हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत में अप्रैल-जून 2023 तिमाही में उम्मीद से अधिक खपत का हवाला देते हुए वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ की ओर से किया गया यह बदलाव भारत के आंकड़ों में किए गए कई बदलावों में सबसे नया है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्वानुमानों के अनुसार वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत के आसपास रह सकती है। आईएमएफ के अनुसार आने वाले समय में भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। आईएमएफ के पूर्व विश्व बैंक द्वारा भी एक ताजा प्रतिवेदन में यह अनुमान जताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 में 6.3 प्रतिशत की दर से विकास करेगी। विकास की वजह देश में लगातार बढ़ रहा निवेश और घरेलू मांग का बढ़ना बताया गया है। विश्व बैंक की इंडिया डेवलपमेंट अपडेट (आईडीयू) प्रतिवेदन में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के मुकाबले भारतीय अर्थव्यवस्था में लचीलापन कायम है। इस कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में रफ्तार बनी रहेगी। इसी प्रकार, आर्थिक विकास एवं सहयोग संगठन (ओईसीडी) द्वारा जारी किए गए एक अन्य प्रतिवेदन के अनुसार वर्ष 2023 में भारत की विकास दर 6.3 प्रतिशत एवं वर्ष 2024 में 6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। यह दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले सबसे अधिक वृद्धि दर रहने वाली है। जबकि इसी अवधि के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर क्रमश- 3 प्रतिशत एवं 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। जी-20 समूह में शामिल विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर वर्ष 2023 में 1.5 प्रतिशत और वर्ष 2024 में 1.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। एक अन्य वैश्विक निवेश बैंक मार्गन स्टेनली द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में तेज वृद्धि दर के बाद पूरे वित्तीय वर्ष के लिए भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान को बढ़ाया गया है। मार्गन स्टेनली ने अब पूरे वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। इससे पहले मार्गन स्टेनली ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर को 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। निवेश बैंक ने कहा है कि मजबूत घरेलू मांग के चलते भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान में संशोधन किया गया है। अप्रैल-जून 2023 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही है, जो मार्गन स्टेनली के पूर्व अनुमान 7.4 प्रतिशत से अधिक है। चीन की विस्तारवादी नीतियों के चलते अब विश्व के कई देशों का चीन पर विश्वास लगातार कम हो रहा है, जिसके कारण विकसित देशों की कई कम्पनियां चीन से अपनी विनिर्माण इकाईयों को अन्य देशों में स्थानांतरित कर रही हैं। इससे चीन में कई आर्थिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इस बीच भारत ने बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयां स्थापित करने हेतु आकर्षित करने उद्देश्य से उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना लागू की है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों को अब भारत में स्थापित कर रही हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**अब अभिभावक भी खुलकर अपने बच्चों को प्रेरित करते हैं कि वे खेलों में अपना करियर बनाएं। वे अपनी बेटियों को खेलों के संसार में सफल होने के लिए भी भेज रहे हैं। अब आप देख लें कि इस बार जिन बेटियों ने पदक जीते हैं, उनका संबंध खांटी ग्रामीण पृष्ठभूमि से है। उन्हें उनका अपना परिवार और ग्रामीण समाज खेलों में लंबी छलांग लगाने के अवसर दे रहा है। उनके रास्ते में अवरोध नहीं खड़ा कर रहा है। यह वास्तव में खेलों की प्रगति के लिये बहुत सुखद और सकारात्मक स्थिति है। हालांकि, कुछ साल पहले तक यह स्थिति नहीं थी। इसके अलावा, अब उत्तर प्रदेश का समाज मात्र क्रिकेट को ही खेल नहीं मानता।**

# एशियाई खेल: देश की खेल राजधानी बनने की तैयारी में यूपी



आर.के. सिन्हा

**बिहार में उभरती हुई प्रतिभाओं को अधिक सुविधायें देनी होंगी। झारखंड से बेहतरीन हॉकी खिलाड़ी खास तौर पर निकलते रहे हैं। इन दोनों राज्यों में खेलों की संस्कृति को विकसित करने के लिए ठोस योजनाएं बनानी होंगी। इन्हें उत्तर प्रदेश से सीखना होगा जो देश की खेल राजधानी बनने की तरफ बढ़ रहा है।**

चीन के हांगझू शहर में हाल ही में समाप्त हुए एशियाई खेलों में भारत के शानदार प्रदर्शन के बीच इस बात को याद रखना होगा कि इन खेलों ने उत्तर प्रदेश (यूपी) को एक शक्तिशाली खेल राज्य के रूप में स्थापित किया है। भारत को 107 में से 55 पदक एकल स्पर्धा में मिले और शेष बाकी खेलों में। हरियाणा के खिलाड़ी 14 पदक लेकर सबसे आगे रहे। उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी सात पदक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। यह सबको हैरान करने में सफल रहे। देखिए हरियाणा तो लंबे समय से खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है। पर उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों के उम्दा प्रदर्शन से साफ है कि राज्य में खेलों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर अब तेजी से फोकस किया जा रहा है। सफल खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों के साथ-साथ अच्छे तरीके से पुरस्कृत भी किया जा रहा है। हरियाणा के बाद उत्तर प्रदेश और फिर तेलंगाना, केरल, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के हिस्से में 4-4 मेडल आए। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और दिल्ली के खिलाड़ी मात्र दो-दो पदक जीत सके। राजस्थान, ओडिशा, मणिपुर, असम, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के खिलाड़ी एक-एक ही पदक दिलवा सके। ये सभी पदक एकल स्पर्धाओं में जीते गए। भारत की टोली में उत्तर प्रदेश से 36 खिलाड़ी थे। इनमें से छह अकेले मेरठ जिले से ही थे। उनमें से दो स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे। बेशक,एशियाई खेलों में उत्तर प्रदेश के एथलीटों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा लिया। यह पहला मौका था जब उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों की झोली में इतने सारे पदक आए हों। उत्तर प्रदेश की खेल राजधानी मेरठ जिले के खिलाड़ियों ने सबसे चौंकाने वाला प्रदर्शन किया है। पारुल चौधरी मेरठ जिले की बेटी है। उन्होंने 5000 मीटर और 3000 मीटर स्टीपलचेज में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। मेरठ के बहादुरपुर गांव की रहने वाली अन्नू रानी ने भाला फेंक में गोल्ड जीता। लंबी दूरी की दौड़ और गोला फेंक में क्रमश- कांस्य पदक हासिल करने वाले गुलवीर सिंह और किरण बालियान का भी मेरठ से नाता है। इन सभी ने अपने-अपने शहरों और जिलों में उपलब्ध सुविधाओं के बल पर ही शानदार प्रदर्शन किया। अलीगढ़ के गुलवीर सिंह ने भी कमाल कर दिया। उन्होंने 10 हजार मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। तो कैसे उत्तर प्रदेश में खेल संस्कृति अचानक विकसित हुई? दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के बाद सभी राज्य के खेलों से जुड़ी एसोसिएशन और कोच कसकर मेहनत करने लगे हैं। इसी कड़ी मेहनत का नतीजा है कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी एथलीट दुनिया में नाम कमा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राज्य सरकार खेलों को गति देने को लेकर कितनी गंभीर है, इसका अंदाजा इसी तथ्य से लग सकता है कि अब गांवों के स्कूलों में भी कोचिंग की व्यवस्था शुरू हो गई है। जिन खिलाड़ियों ने एशियाई खेलों में पदक जीते हैं, उनकी झोलियां भरने जा रही है इनामों से। स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों को क्रमशः 3 करोड़ रुपये, 1.5 करोड़ रुपये और 75 लाख रुपये पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी। ओलंपिक खेल में एकल प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर 6 करोड़ रुपये, रजत पदक में 4 करोड़ रुपये तथा कांस्य पदक में 2 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। टीम प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक पर 3 करोड़ रुपये, रजत पदक पर 2 करोड़ रुपये, कांस्य पदक पर 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। राष्ट्रमण्डल खेलों में भी स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 1.50 करोड़ रुपये, 75 लाख रुपये और 50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। यही नहीं, उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के पहले खेल विश्वविद्यालय का निर्माण भी मेरठ में करवा रही है, जिसमें अन्तरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की सभी खेल गतिविधियों के प्रशिक्षण की सुविधा होगी। यहां अब उत्तर प्रदेश के कुछ उन खिलाड़ियों की भी बात करेंगे जो एशियाई खेलों की टीम स्पर्धाओं में पदक जीतने में कामयाब रहे। उदाहारण के रूप में क्रिकेट में रिंकू सिंह (अलीगढ़), महिला क्रिकेट में दीप्ति शर्मा (आगरा), हॉकी में ललित कुमार उपाध्याय (वाराणसी), शूटिंग में अखिलेश श्योरन (बागपत), कबड्डी में अर्जुल देशवाल (मुजफ्फरनगर) आदि शामिल हैं। दरअसल उत्तर प्रदेश में खेलों के विकास से जुड़े बहुत से जानकारों से बातचीत करने पर यह समझ आया कि राज्य में खेलों की संस्कृति अपने पैर जमा चुकी है। अब अभिभावक भी खुलकर अपने बच्चों को प्रेरित करते हैं कि वे खेलों में अपना करियर बनाएं। वे अपनी बेटियों को खेलों के संसार में सफल होने के लिए भी भेज रहे हैं। अब आप देख लें कि इस बार जिन बेटियों ने पदक जीते हैं, उनका संबंध खांटी ग्रामीण पृष्ठभूमि से है। उन्हें उनका अपना परिवार और ग्रामीण समाज खेलों में लंबी छलांग लगाने के अवसर दे रहा है। उनके रास्ते में अवरोध नहीं खड़ा कर रहा है। यह वास्तव में खेलों की प्रगति के लिये बहुत सुखद और सकारात्मक स्थिति है। हालांकि, कुछ साल पहले तक यह स्थिति नहीं थी। इसके अलावा, अब उत्तर प्रदेश का समाज मात्र क्रिकेट को ही खेल नहीं मानता। अब यहां पर तमाम दूसरे खेलों में भी नौजवान अपने हिस्से का आसमान छूने का ख्वाब देखने लगे हैं। यकीन मानिए कि सरकार के प्रयासों और जिन खिलाड़ियों ने हालिया एशियाई खेलों में अपनी सर्लता के झंडे गाडे हैं उनसे राज्य के हजारों-लाखों नौजवान प्रेरित होकर खेलों की दुनिया में आएंगे। अंत में एक बात कहने का मन कर रहा है कि राजधानी दिल्ली में अनेक बड़े स्टेडियम होने के बावजूद गिनती के पदक विजेताओं का ही निकलना चिंता का कारण है। इस तरफ सोचने की जरूरत है।



**यकीन मानिए कि सरकार के प्रयासों और जिन खिलाड़ियों ने हालिया एशियाई खेलों में अपनी सरलता के झंडे गाडे हैं उनसे राज्य के हजारों-लाखों नौजवान प्रेरित होकर खेलों की दुनिया में आएंगे। अंत में एक बात कहने का मन कर रहा है कि राजधानी दिल्ली में अनेक बड़े स्टेडियम होने के बावजूद गिनती के पदक विजेताओं का ही निकलना चिंता का कारण है। इस तरफ सोचने की जरूरत है।**

## एक्सप्रेस कविता

*शारदेय नवरात्रि की शुभकामनाएं*

*मां एक एहसास। मां एक एहसास निशब्द, अर्चना गृह में माता की प्रार्थना करती गूंजती आवाज मंत्र की प्रतिध्वनि, पूजा अर्चना की मधुर घंटियां, श्लोक प्रातः काल और मां, पिताजी के कविता के सस्वर पाठ की सार्थक साक्षी मां, एक अबोली मौन पाठिका, कवि गोष्ठियों की अहम मूक पात्र, एक सहृदय आयोजिका, एक गहरी मुस्कान बनावटी गुस्सा पर उदार ग्रहणी अन्न, खानपान से पूर्ण संपूर्ण अन्नपूर्णा, घर के हर स्पर्श में मां, तुलसी के चौरे में दीपक की रोशनी से पूरे आंगन में विचरती मां रसोई के बर्तनों में खनकती मां, हम सब को सबक सिखाती गुस्से में तमतमाती मां, ममता से ओतप्रोत देर रात लौटने पर एक जोड़ी आंखों से निराश मां*

**संजीव ठाकुर**

## एक्सप्रेस ज्ञान

*इंसान के जिस्म का सबसे खुबसूरत हिस्सा दिल होता है, अगर वही साफ़ नहीं हैं तो चमकता चेहरा किसी काम का नहीं।*

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | प्रतिपदा 24:32 तक |
| नक्षत्रः | चित्रा 18:12 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | वैधृति, 10:24 |
| सूर्योदयः | 06:22 |
| सूर्यास्तः | 17:51 |
| चंद्रमाः | तुला राशि में |
| राहुकालः | 16:25-17:51 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | आश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:43-12:29 |

## जन एक्सप्रेस

**हैं डटे मैदान !**

*करने को विदाई ।*
*हैं डटे मैदान ।।*
*जीत कर दिखाएंगे ।*
*हैं लगे जी जान ।।*
*है बयान सार्वजनिक ।*
*चर्चा चलने वाली ।।*
*है दिखाना दम ।*
*ना पुलाव ख़याली ।।*
*जनता का विश्वास ।*
*जीत लिया इस बार ।।*
*मान लेगी कहना ।*
*है हम असरदार ।।*
*होगी पक्की जीत ।*
*है ऐसा भरोसा ।।*
*अपनी बात ठीक से ।*
*हमने जो परोसा ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# नवरात्रि में बनाएं पनीर खीर रेसिपी सेहत को मिलेंगे कई फायदे



### पनीर खीर रेसिपी

- पनीर - करीब 200 से 300 ग्राम
- दूध - 200 से 250 ग्राम (बिना फैट वाला दूध भी ले सकते हैं)
- चीनी - करीब आधा कप (शहद का भी उपयोग कर सकते हैं)
- केसर - चार से पांच धागे (चार चम्मच दूध में भिगोए हुए)
- इलायची पाउडर - करीब एक चौथाई
- बादाम- 10 से 12 बारिक कटे हुए
- पिस्ता- 10 से 12 बारिक कटे हुए
- किशमिश - 10 से 12
- गुलाब की पंखुडियां - 5 से 6 सजावट के लिए।

### पनीर खीर बनाने बनाने की रेसिपी

सबसे पहले आप एक कढ़ाई या पैन में दूध को डालकर गर्म करें। इसके बाद आप दूध में ग्रेटेड (कद्दूकस किया हुआ) पनीर को मिक्स कर दें। अब दूध को हिलाते रहें। कुछ देर के बाद दूध गाढ़ा होने लगेगा। करीब 10 से 15 मिनट के बाद जब दूध हल्का गाढ़ा हो जाए तो इसमें चीनी को मिला दें। करीब एक से दो मिनट के बाद आप इसमें इलायची का पाउडर मिक्स कर दें। इसके बाद कुछ देर खीर को पकाएं और आंच को बंद कर इसमें केसर वाले दूध को डालकर मिक्स करें। अब, इसे अच्छी तरह मिक्स करें और ऊपर से बादाम, पिस्ता और किशमिश डालें। साथ ही, सर्व करने से पहले गुलाब की पत्तियों को क्रश करके गार्निश कर सकते हैं।

**शारदीय** नवरात्रि रविवार से शुरू होने जा रहे हैं। साल में दो बार आने वाली नवरात्रि में लोग विशेष पूजा अर्चना करते हैं। इन दिनों कुछ लोग नौ दिनों तक व्रत रखते हैं, जबकि कुछ लोग केवल पहला और अंतिम नवरात्र ही व्रत रखते हैं। उपवास रखने से सेहत को कई फायदे मिलते हैं। लेकिन, जिन लोगों को पहले ही कुछ स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं, उनको उपवास रखते समय विशेष सावधानियां बरतनी चाहिए। व्रत के दौरान कुछ लोगों को चक्कर और थकान महसूस होती है। ऐसे में आप फलों और पौष्टिक चीजों का सेवन कर सकते हैं। इस दौरान आप पनीर खीर का सेवन कर सकते हैं।

**प्रोटीन से भरपूर:** पनीर की खीर में हाई प्रोटीन होता है। इससे आपकी मांसपेशियां मजबूत होती हैं। साथ ही व्रत में एनर्जी लेवल बना रहता है।

**एंटीऑक्सीडेंट:** पनीर खीर में चीनी की जगह पर आप शहद का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं इसमें मौजूद केसर में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो आपको सेहतमंद बनाते हैं।

**कैल्शियमा का सोर्स:** पनीर में कैल्शियम की मात्रा अधिक होती है। कैल्शियम से हड्डियों और दांतो को मजबूत बनाए रखने में मदद मिलती है।

**पोषण तत्व से युक्त:** बादाम, पिस्ता और किशमिश पोषक तत्वों से युक्त होते हैं। इनमें हेल्दी फैट, फाइबर, मैग्निशियम, विटामिन ई जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# समाजवाद के सच्चे प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन



रमेश सर्राफ धमोरा

**24 सितंबर 1976 में भारत सरकार द्वारा 25 पैसे का डाक टिकट महाराजा अग्रसेन के नाम पर जारी किया गया था। सन 1995 में भारत सरकार ने दक्षिण कोरिया से 350 करोड़ रुपये में एक विशेष तेल वाहक पोत (जहाज) खरीदा, जिसका नाम महाराजा अग्रसेन रखा गया।**

**महाराजा** अग्रसेन भगवान राम के वंशज और भगवान श्रीकृष्ण के समकालीन थे। वे राजा राम के पुत्र कुश की 34वीं पीढ़ी की संतान थे । महाराजा अग्रसेन को अहिंसा के प्रतीक, शांति के दूत के रूप में जाना जाता है। महाराजा अग्रसेन त्याग, करुणा, अहिंसा, शांति, समृद्धि के अवतार और एक सच्चे समाजवादी थे। महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का अग्रदूत कहा जाता है। अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना हेतु उन्होंने नियम बनाया था कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले प्रत्येक परिवार की सहायता के लिए नगर का प्रत्येक परिवार उसे एक सिक्का व एक ईंट देगा। जिससे आने वाला परिवार स्वयं के लिए मकान व व्यापार का प्रबंध कर सके। इस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति की छोटी-छोटी मदद से समान समाज में बराबरी का दर्जा प्राप्त किया जा सकता है। महाराजा अग्रसेन ने शासन प्रणाली में एक नयी व्यवस्था को जन्म दिया था। उन्होंने वैदिक सनातन आर्य सस्कृंति की मूल मान्यताओं को लागू कर राज्य में कृषि-व्यापार, उद्योग, गौपालन के विकास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की स्थापना की थी। महाराजा अग्रसेन एक कर्ता (कर्मयोगी) थे जिन्होंने सभी के लिए समृद्धि की कामना की। उन्होंने अहिंसा का आदर्श अपनाया जिसमें उन्हें पशु बलि की निरर्थकता का एहसास हुआ। इस अहसास ने उन्हें 'अहिंसा' के सशक्त नायकों में से एक बना दिया। उन्होंने सभी जानवरों की बलि पर प्रतिबंध लगा दिया। हालाँकि अहिंसा में उनके विश्वास का मतलब उत्पीड़न का विरोध न करना नहीं था बल्कि उन्होंने आत्मरक्षा को बढ़ावा दिया। उनके अनुसार आत्मरक्षा और राष्ट्ररक्षा केवल क्षत्रियों - योद्धा जाति का कार्य नहीं है बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपनी मातृभूमि की रक्षा करे। महाराजा अग्रसेन का जन्म अश्विन शुक्ल प्रतिपदा को महाराजा वल्लभ सेन के घर हुआ था। जिसे दुनिया भर में अग्रसेन जयंती के रूप में मनाया जाता है। राजा वल्लभ के अग्रसेन और शूरसेन नामक दो पुत्र हुये थे। अग्रसेन महाराज वल्लभ के ज्येष्ठ पुत्र थे। महाराजा अग्रसेन के जन्म के समय गर्ग ऋषि ने महाराज वल्लभ से कहा था कि यह बालक बहुत बड़ा राजा बनेगा। इस के राज्य में एक नई शासन व्यवस्था उदय होगी और हजारों वर्ष बाद भी इनका नाम अमर होगा। उनके राज में कोई दुखी या लाचार नहीं था। बचपन से ही वे अपनी प्रजा में बहुत लोकप्रिय थे। महाराजा अग्रसेन एक सूर्यवंशी क्षत्रिय राजा थे। जिन्होंने प्रजा की भलाई के लिए वणिक धर्म अपना लिया था। महाराज अग्रसेन ने नाग लोक के राजा कुमद के यहां आयोजित स्वंयवर में राजकुमारी माधवी का वरण किया। इस विवाह से नाग एवं आर्य कुल का नया गठबंधन हुआ। माता लक्ष्मी की कृपा से श्री अग्रसेन के 18 पुत्र हुये। राजकुमार विभु उनमें सबसे बड़े थे। महर्षि गर्ग ने महाराजा अग्रसेन को 18 पुत्र के साथ 18 यज्ञ करने का संकल्प करवाया। माना जाता है कि यज्ञों में बैठे 18 गुरुओं के नाम पर ही अग्रवंश की स्थापना हुई। ऋषियों द्वारा प्रदत्त अठारह गोत्रों को महाराजा अग्रसेन के 18 पुत्रों के साथ उनके द्वारा बसायी 18 बस्तियों के निवासियों ने भी धारण कर लिया। एक बस्ती के साथ प्रेम भाव बनाये रखने के लिए एक सर्वसम्मत निर्णय हुआ कि अपने पुत्र और पुत्री का विवाह अपनी बस्ती में नहीं दूसरी बस्ती में करेंगे। आगे चलकर यह व्यवस्था गोत्रों में बदल गई जो आज भी अग्रवाल समाज में प्रचलित है। महाराजा वल्लभ के निधन के बाद अपने नये राज्य की स्थापना के लिए महाराज अग्रसेन ने अपनी रानी माधवी के साथ सारे भारतवर्ष का भ्रमण किया। इसी दौरान उन्हें एक जगह शेर तथा भेडिये के बच्चे एक साथ खेलते मिले। उन्हें लगा कि यह दैवीय संदेश है जो इस वीरभूमि पर उन्हें राज्य स्थापित करने का संकेत दे रहा है। ऋषि मुनियों और ज्योतिषियों की सलाह पर नये राज्य का नाम अग्रेयगण रखा गया जिसे अग्रोहा नाम से जाना जाता है। वह जगह आज के हरियाणा के हिसार के पास हैं। आज भी यह स्थान अग्रहरि और अग्रवाल समाज के लिए तीर्थ के समान है। यहां महाराज अग्रसेन और मां लक्ष्मी देवी का भव्य मंदिर है। उन्होंने परिश्रम और उद्योग से धनोपार्जन के साथ-साथ उसका समान वितरण और आय से कम खर्च करने पर बल दिया। जहां एक ओर वैश्य जाति को व्यवसाय का प्रतीक तराजू प्रदान किया वहीं दूसरी ओर आत्म-रक्षा के लिए शस्त्रों के उपयोग की शिक्षा पर भी बल दिया। उस समय यज्ञ करना समृद्धि, वैभव और खुशहाली की निशानी माना जाता था।

**कहते हैं कि एक बार अग्रोहा में बडी भीषण आग लगी। उस पर किसी भी तरह काबू ना पाया जा सका। उस अग्निकांड से हजारों लोग बेघरबार हो गये और जीविका की तलाश में भारत के विभिन्न प्रदेशों में जा बसे। पर उन्होंने अपनी पहचान नहीं छोड़ी। वे सब आज भी अग्रवाल ही कहलवाना पसंद करते हैं और उसी 18 गोत्रों से अपनी पहचान बनाए हुए हैं। आज भी वे सब महाराज अग्रसेन द्वारा निर्देशित मार्ग का अनुसरण कर समाज की सेवा में लगे हुए हैं।**

# बाजपुर प्राथमिक विद्यालय के नौनिहाल दहशत में पढ़ने को मजबूर

* खुले टीनशेड में गन्ने के बीच भय में पढ़ाई करने के साथ जंगली जानवरों का बच्चों पर बना रहता है खतरा
* बाजपुर प्राथमिक विद्यालय में खुले व गन्ने के खेतों मध्य पढ़ाई करते नौनिहाल



जन एक्सप्रेस । सम्पूर्णानगर खीरी

प्राथमिक विद्यालय बाजपुर में नौनिहाल खुले में ठंड बरसात के साथ ही जंगली जानवरों से सहमकर पढ़ाई करने के मजबूर है।स्कूल का भवन नहीं है।शौचालय और रसोई घर,बिजली कनेक्शन नहीं है।बच्चे शौच के लिए आस पास की जंगल झाड़ियों में जाते है और एम डीएम पास के ग्रामीणों के घर से बनकर आता है।विद्यालय में दो शिक्षकों की नियुक्त है जो स्कूल के नाम पर बने टीन शेड में बच्चों को पढ़ाते है।पलिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत लग दहन के मजरा बाजपुर गांव में पूर्व में रहे सहकारिता मंत्री स्व.राम कुमार वर्मा के कार्यकाल में पास होने के बाद प्राथमिक विद्यालय दो बाजपुर संचालित हुआ था।जिसका अभी तक भवन नहीं है।विद्यालय गन्ने के खेतों और झाड़ियों से घिरा हुआ है।यहां पर बच्चे व शिक्षक भीषड गर्मी,शीतलहर के साथ बरसात में पढ़ाई के दौरान भीग सहित मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है।यहां पर हर समय बच्चों व शिक्षको पर जंगली जानवरों का भय बना रहता है।बाजपुर गांव के आस पास पलिया रेंज का परसपुर, लगदहन का जंगल है जिसमें बाघ ,तेंदुवा सहित हिंसक जानवरों की चहलकदमी बनी रहती जो। विद्यालय के नौनिहालो का कहना है हर समय जंगली जानवरों के साथ ठंड व गर्मी के साथ बरसात में हम लोग भीग जाते है ।विद्यालय इंचार्ज इंद्रपाल कहते है की विद्यालय 2011 से अस्तित्व में है पर अभी तक भवन नहीं बन पाया जो।पहले यह स्कूल एक झोपडी मे प्रारंभ हुआ था अब टीन शेड में चल रहा है।स्कूल भवन न बनने व बिजली कनेक्शन आदि न होने पाने कारण यह है कि जिस जगह विद्यालय भवन प्रस्तावित है वन विभाग उसे अपना बताकर बनने नहीं दे रहा है ।जबकि इस गांव में कई पक्के मकान व गुरुद्वारा सड़क निर्माण पूर्व से है ।परन्तु वन विभाग बच्चों की शिक्षा के लिए खुले सरकारी विद्यालय निर्माण में बाधा डाले हुए है।स्कूल के नौनिहालों व उनके अभिभावकों ने जिलाधिकारी से विद्यालय भवन निर्माण कराकर बच्चों को असुरक्षा सहित समस्याओं की निदान क़ी मांग की है।



## पीस कमेटी बैठक का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस/रेहरिया-खीरी। क्षेत्र की पुलिस चौकी रेहरिया में पीस कमेटी की बैठक की अध्यक्षता चौकी इंचार्ज अभिषेक पांडे की अगुवाई में की गयी।जिसमें विशेष बिंदुओं पर चर्चा की गईं। दुर्गापूजा, दिवाली, धनतेरस एवं दशहरा त्योहारों के बारे में विशेष चर्चा की गई।आज शनिवार को चौकी पुलिस चौकी इंचार्ज ने कहा की सभी लोग क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखें और शांतिपूर्ण ढंग से त्योहारों को मिलजुल कर भाईचारे की तरह मने कुछ गलत तत्व भी क्षेत्र में होते हैं उन पर पुलिस की विशेष निगरानी रहेंगी।इस मौके पर ग्रंट साहबगंज प्रधान सुदेश कुमार,प्रधान जोगराज सिंह, प्रधान मलकीत सिंह,प्रधान सीताराम,प्रधान जुल्फिकार खान, प्रधान कामेश्वर यादव,प्रधान राजेश कुमार,भाजपा उपाध्यक्ष दुर्वेश सिंह व क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौके पर मौजूद रहें।

## एलआरपी चौराहे पर मंत्री राजेश्वर सिंह का हुआ भव्य स्वागत



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

शनिवार को जनपद लखीमपुर खीरी में उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम मंत्री राजेश्वर सिंह का जनपद लखीमपुर खीरी में आगमन हुआ शहर आगमन पर एलआरपी चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने गर्म जोश से स्वागत किया उसके बाद मंत्री ने सर्किट हाउस पहुंचकर सब का परिचय जाना उसके बाद राजापुर नहरिया में बनी गौशाला का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान मंत्री राजेश्वर के साथ अतुल दीक्षित निजी सचिव आशीष सिंह दीपेश शुक्ला विशाल भारद्वाज आदि लोग उपस्थित रहे तत्पश्चात पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्कूल पहुंचकर अंचल स्तरीय खेलकूद का आयोजन हुआ तथा निरीक्षण के दौरान बहुत सारी खामियां मिलने पर संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए मंत्री के साथ सैकड़ो कार्यकर्ताओं का काफिला लगा रहा इसके बाद मंत्री व उनके प्रतिनिधि अतुल दीक्षित नेता कार्यक्रम के अनुसार शहर का भ्रमण किया तथा क्षेत्र वासियों की समस्या सुनी पंडित दीन दयाल विद्यालय में मंत्री का भव्य स्वागत किया गया कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला गर्म जोश से स्वागत करने वाले विशाल भारद्वाज दीपेश शुक्ला आरिफ खान शिखर तिवारी अभिषेक मिश्रा आदि लोग की सराहनीय उपस्थिति रही।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मुन्नूगंज में मारपीट युवती समेत तीन घायल

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। शहर के मोहल्ला मुन्नूगंज में धारदार औजारों से हमला कर एक युवक को घायल कर दिया गया जब उसकी बहन और मां बचाने आई तो उसे भी घायल कर दिया पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की है। मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी राहुल राजपूत पुत्र रामप्रसाद राजपूत ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि शुक्रवार को साइन लगभग 6:00 बजे वह अपने दरवाजे पर बैठा था तभी मोहल्ले के ही बबलू खान ने एकाएक धारदार हथियारों से उसे पर हमला बोल दिया जिससे वह लहू लुहान हो गया चेक सुनकर उसकी बहन संध्या और मां बचाने दौड़ी आप है कि बबलू खान संध्या के सीने पर चाकू मार दिया जिससे वह घायल हो गई राहुल की तहरीर पर बबलू खान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। इधर दूसरे पक्ष के अब्दुल मतीन पुत्र अब्दुल लतीफ ने कोतवाली में तहरीर देकर मोहल्ले के ही राहुल राजपूत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि वह शुक्रवार की शाम लगभग 6:00 बजे नमाज अदा कर घर आ रहा था तभी राहुल राजपूत ने उस पर धारदार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों की क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू की है।

### पत्नी और बच्ची की खातिर भटक रहा युवक

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। पत्नी और बच्चों के खातिर कमाने गया एक युवक की पत्नी अपने प्रेमी के साथ रफू चक्कर हो गई है। पति, पत्नी के तलाश में भटक रहा है। मामला मैलानी थाना क्षेत्र के ग्रंट नंबर 11 के मजरा प्रतापपुर का है। प्रतापपुर निवासी राजाराम परिवार का पेट पालने के लिए काम करने पंजाब गया था। राजाराम के एक बेटा, तीन बेटियां और उसकी बूढ़ी मां भी है। राजाराम जब थोड़ा कमा पाया। तब उसे अपने घर आने की लालसा जागी। रुपया बच्चों को देने के लिए घर आए तो उनके छोटे तीन बच्चे घर पर थे। 10 माह की बेटी और पत्नी जोशना देवी गायब थी। राजाराम का कहना है कि काफी खोजबीन के बाद पता चला कि हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर तकिया निवासी राजेंद्र उसकी पत्नी को बहला फुसलाकर ले गया है और उसकी पत्नी छोटी बेटी माही को भी ले गई। राजाराम का कहना है कि उसकी पत्नी अपने साथ उसकी कमाई के रखे 20 हजार रुपए, लगभग 50हजार रुपए के जेवर भी ले गई है। पत्नी और बेटी के जाने से राजाराम गुमसुम हो गया है और वह दोनों की तलाश में जगह-जगह भटक रहा है। उच्च अधिकारियों को भी प्रार्थना पत्र भेजा है।

### कौशल विकास से दक्ष हो रहे हैं युवा

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। उप्र कौशल विकास मिशन की ओर से गुरूकुल ज्ञान लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निघासन के गाँधी इण्टर कॉलेज धिरावाँ में छात्रों को जागरूकता के लिए डिजिटल प्रोजेक्टर के माध्यम से कौशल विकास की योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया और दीक्षान्त समारोह में ऑन लाइन प्रसारण दिखाया गया और साथ में ट्रेनिंग पार्टनर द्वारा प्रदर्शनी लगाकर जागरूक किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से कहा है कि पूरे देश में कौशल विकास से जुड़े संस्थानों की एक बहुत ही सराहनीय पहल है। करीब 4 दशक बाद हम एक नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लेकर आए हैं। करोड़ों युवाओं को कौशल विकास योजना के माध्यम से ट्रेनिंग दी गई है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना ने जमीनी स्तर पर युवा साथियों को बहुत शक्ति दी है। इस योजना के तहत अब तक 1.5 करोड़ युवाओं की ट्रेनिंग हो चुकी है ।इस कार्यक्रम में आईटीआई प्रधानाध्यापक लखीमपुर खीरी वाईडी सिंह, एमआईएस प्रबन्धक चन्दन सिंह, रोहित त्रिपाठी,जय प्रकाश सिंह, मोहम्मद लईक,पवन गुप्ता, शुभम कनौजिया,पंकज वर्मा, अवधेश कुमार,अनीत आदि छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति अभियान: रैली निकालकर किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। मिशन शक्ति के तहत शहर के स्कूलों में प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत कृषक समाज इंटर कॉलेज, पब्लिक इंटर कालेज, लाल बहादुर शास्त्री स्मारक इंटर कॉलेज और गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं द्वारा शहर के प्रमुख रोडों पर प्रभात फेरी निकाली गई। कृषक समाज इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ एलआर वर्मा की अध्यक्षता में मिशन शक्ति 4.0 का आगाज जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया। जागरूकता रैली में कॉलेज शिक्षकों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने गोला के विभिन्न मार्गो से होकर महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूकता संबंधित नारे लगाते हुए नगर के लोगों को जागरूक किया ।इस मौके पर श्याम मूर्ति शुक्ला, डॉ अनिल कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इधर पब्लिक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य बाबूराम सागर, विश्व मोहनजीत ,रमेश कुमार मौर्य, अवधेश मिश्रा, संतोष गुप्ता ,जगमोहन सिंह ,आराधना मौजूद रहे।

## ब्लॉक सभागार में भाजपा के पद अधिकार वा कार्यकर्ताओ ने किया बैठक का आयोजन

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी



निघासन ब्लाक सभागार में भारतीय जनता पार्टी के पद अधिकारी वा कार्यकर्ताओ के साथ बैठक की गई जिसमे मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री विनोद कुमार लोधी की अध्यक्षता में ब्लाक सभागार में बैठक हुई भाजपा के जिलामहामंत्री विनोद कुमार लोधी ने बताया कि मोदी जी ने जितना महिला को सशक्त किया इतिहास में किसी सरकार ने नही किया महिलाओ को 33त्न आरक्षण दिया महिलाओ को खुले में शौच से मुक्ति दिलाई महिलाओ को चूल्हे के धुएं से मुक्ति दिलाई महिला को राष्ट्रपति से सर्वोच्च पद पर पहुंचाया महिलाओ के लिए सेना में स्थाई कमीशन बनाया लड़कियों के साथ अपराध करने के लिए फांसी का कानून बनाया महिलाओ के लिए मेटरनिटी लीव को बढ़ाया प्रसव के दौरान आर्थिक सहायता दी महिलाओ को आवास दिया लड़कियों के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम चलाया सबसे ज्यादा महिला केंद्रीय मंत्री दिए महिलाओ को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए मुद्रा योजना धनलक्ष्मी योजना सुकन्या समृद्धि जैसी अनेक योजनाएं चलाई जा रही है इस मौके पर जिला महामंत्री विनोद कुमार लोधी, सिंगाही मंडल के अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह,सिंगाही मंडल के महामंत्री ओम प्रकाश मौर्य, युवा मोर्चा के सिंगाही मंडल अध्यक्ष दीपक गुप्ता, अंतरवेद मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री दिलीप सुक्ला, अंतरवेद के अध्यक्ष दामोदर मौर्य, मंडल अध्यक्ष निघासन शशिकांत चतुर्वेदी, सिंगाही मंडल के अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मुहम्मद उमर, महिला मोर्चा की सिंगाही मंडल की अध्यक्ष, जफर जाफरी, सहित काफी संख्या में पद अधिकार वा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी



शनिवार को दोपहर गांव मियापुर में महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए चलाएं गए मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को महिला पुलिस कर्मियों द्वारा जागरूक किया गया कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा चीता काशी छेड़खानी सोशल मीडिया से परेशान करना या अनजान व्यक्ति पर किसी प्रकार का संदेह होने पर तत्काल 1090 वह 112 सहित अन्य मोबाइल नंबरों पर फोन करके सूचना दें पुलिस को सूचना देने वाले का नाम भी और गोपनीय रखा जाएगा थाने पर महिला हेल्पलाइन बनाया गया है जिस पर महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी हमेशा मौजूद रहती हैं थाने पर जाकर अपनी समस्या से अवगत करा सकती है पुलिस क्षेत्र अधिकारी अरविंद कुमार वर्मा ने कहा की जरूरत पड़ने पर सरकार द्वारा टोल फ्री नंबर 112-1090 -1076 1073 अन्य नंबर जारी किए गए हैं इन नंबरों पर छात्रा या महिला छेड़छाड़ या किसी तरह की मुश्किल होने पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं कोतवाली प्रभारी अंबर सिंह ने कहा कि थाने पर महिला हेल्प डैक्स बनाया गया है महिला पुलिस अधिकारी हमेशा मौजूद रहती हैं 24 घंटे अपनी समस्त टीम के साथ तत्पर रहते हैं अगर कोई भी समस्या किसी को होती है रात हो या दिन किसी भी समय सूचना दे सकते हैं तत्काल समस्या का समाधान करेंगे इस मौके पर हलका इंचार्ज रुद्र प्रकाश पांडे कांस्टेबल रंजीत पाल शिवम विश्वकर्मा शिव बहादुर सिंह शैलेंद्र सिंह आदि तमाम गणमान्य लोग गांव के मौजूद रहे।

## आम जन के हित में वन विभाग द्वारा गोष्ठी का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस । बिजुआ खीरी

भीरा वन रेंज के अंतर्गत पल्हनापुर बीट के गांव पल्हनापुर के एक व्यक्ति को तीन दिन पूर्व बाघ ने निवाला बना लिया था जिसको संज्ञान में लेते हुए वन विभाग द्वारा एक गोष्ठी के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां पर गांव के संभ्रांत व ग्रामीणों को बुलाया गया और उन्हें बाघ के हमले को लेकर सजक किया और यह भी बताया कि अब आम जन लोगों के लिए जंगल के सभी रास्ते बंद किये जा रहे हैं। जिससे आप लोगों पर किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना घटे वही यह भी बताया गया कि सूर्योदय से पहले व सूर्यअस्त के बाद वन क्षेत्र की ओर ना जाए। मवेशियों को जंगल की ओर चराने ना जाए यदि जंगल से सटे हुए खेतों पर जाना है तो अपने गुट में जाएं तथा यह भी कहा गया कि शोच के लिए सामुदायिक शौचालय, घर में बने हुए शौचालय का प्रयोग करें गांव में मार्गो पर रोशनी का प्रबंध करें गांव में अंधेरा न रखें इस गोष्ठी को ग्रामीणों ने काफी सराहा इस दौरान वन विभाग के वन अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति थाना सिंगाही पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया



जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी

मिशन शक्ति थाना सिंगाही की महिला पुलिस द्वारा ग्राम सभा मोतीपुर महिलाओं एवं बालिकाओं को एकत्रित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को यूपी मिशन शक्ति में निहित उद्देश्यों से अवगत कराते हुए उनकी सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के संबंधित में उनके आपात की स्थित में शासन द्वारा जारी विभिन हेल्पलाइन नंबरो से अवगत कराया ।और ये बी बताया कि कोई लड़का या कोई मनचला आशिक स्कूल जाते समय या फिर वापस आते समय या कई भी मार्किट या बाजार में परेशान करें तो डारे नही और शासन द्वारा हेल्पलाइन नम्बरों पर काल करें और उसकी शिकायत दर्ज करें जिससे उसको आगे के लिए सबक मिले और दोबारा कोई परेशान नही करेगा। 112,1090,1076,181,102,108,1098 और जरूरत पड़ने पर इन नंबरो पर काल करें यदि कोई लड़का या आशिक आदि के संबंध विस्तृट जानकारी देते हुए सभी महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया।

इस दौरान उपजिलाधिकारी निघासन अश्वनी कुमार सिंह, क्षेत्राधिकार राजेश कुमार, सिंगाही थाना अध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह ,एसआई संजीत तिवारी सहित महिला पुलिस स्टाफ़ मौजूद रहा।

## छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली सीओ राजेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

के पढुआ थाना पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत शनिवार सुबह दस बजे पुलिस चौकी से जागरूकता रैली रवाना हुई। बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने रैली में प्रतिभाग किया। पढुआ थाना पुलिस के द्वारा आयोजित मिशन शक्ति फेस जागरूकता रैली को पुलिस क्षेत्राधिकारी निघासन राजेश कुमार यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भारी पुलिस बल के साथ रैली पुलिस चौकी से चलकर चौराहे के विभिन्न मार्गो पर भ्रमण कर नारी शक्ति करण मिशन की अलख जगाई। रैली में इंद्र बहादुर इंटर कॉलेज ढखैरवा, श्री नेहरू शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज सेमरा बाजार, बांके बिहारी इंटर कालेज खरवहिया तथा सरदार पटेल आदि कई विद्यालयों की छात्राओं ने भाग लिया। जागरूकता रैली में बड़ी संख्या में शिक्षिकाओं और महिला सिपाहियों ने भी प्रतिभाग किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से एसओ हनुमंत लाल तिवारी के नेतृत्व में रैली के आगे और पीछे बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## थाना सिंगाही में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक



जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

सिंगाही थाना परिसर में उप जिलाधिकारी निघासन अश्वनी कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी निघासन राजेश कुमार यादव की अध्यक्षता में आगामी पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमें आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने एवं किसान भाइयों को पराली प्रबंधन के तहत पराली न जलाने के संबंध में शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया ।साथ ही बैठक में उपस्थित सभी किसान एवं गणमान्य लोगों ने पराली न जलाने की शपथ ली।साथ ही थाना प्रभारी जितेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि आगामी त्यौहारों नवरात्रि, दशहरा, आदि को सभी लोग भाईचारे से मनाएं ।समाज मे किसी भी अराजक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा।त्योहारों में हुड़दंगाइयों पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन में लोगों से अपील करते हुए कहा कि कम उम्र के बच्चो को मूर्ति विसर्जन के समय न ले जाए इस दौरान एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह निघासन, क्षेत्राधिकारी निघासन राजेश कुमार यादव सिंगाही थाना प्रभारी जितेन्द्र बहादुर सिंह सहित समस्त स्टॉप मौजूद रहा, इस मौके पर पचपेड़ा रिछ्य्या के प्रधान अहमद नूर खान, ग्राम पंचायत हरद्वाही के प्रधान सौरभ वर्मा, ग्राम पंचायत लालापुर प्रधान प्रदीप कुमार चौधरी, सिंगाही नगर पंचायत के चेयरमैन मोहम्मद केय्यूम खान, ग्राम पंचायत सिंगहा कला के प्रधान श्याम मोहन दीक्षित, ग्राम पंचायत सिधौना के प्रधान सहित काफी संखिया में किसान एवं गणमान्य लोगों मौजूद रहे।

# 27 अक्टूबर से होगा फुटवियर ट्रेड के तीन दिवसीय महाकुम्भ 'मीट एट आगरा' का आयोजन

* 30 से अधिक देश और लगभग 200 से अधिक एग्जीबिटर्स होंगे शामिल
* अंतरराष्ट्रीय फेयर में एक छत के नीचे नजर आएगा विश्व का फुटवियर बाजार



जन एक्सप्रेस । आगरा

फुटवियर ट्रेड के महाकुम्भ कहे जाने वाले मीट एट आगरा के पन्द्रहवें संस्करण की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। इस भव्य आयोजन में क्या खास होगा, कितने देशों की भागीदारी होगी ऐसे तमाम सवालों के जवाब में शनिवार को होटल हॉलिडे इन में आयोजित प्रेसवार्ता में सामने आये। फुटवियर मैन्युफेक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स चैम्बर (एफमेक) द्वारा सींगना स्थित आगरा ट्रेड सेंटर पर आयोजित हो रहा तीन दिवसीय फेयर मीट एट आगरा 27 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक चलेगा। आयोजन के विषय में जानकारी देते हुए एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर ने कहा कि डेढ़ दशक की अपनी यात्रा में इस आयोजन ने देश में ही नहीं दुनिया में भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। लगभग 30 से अधिक देश और लगभग 200 से अधिक एग्जीबिटर्स इस साल इस आयोजन में भाग ले रहे हैं। भारत विश्व की बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है जिसमें खास तौर से आगरा का जूता उद्योग इसको रफ्तार देने में अहम् भूमिका निभा रहा है इस प्रकार के आयोजन अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में मददगार साबित होते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि आज हम चाइना के एक मजबूत विकल्प के रूप में खड़े हैं यह भारत का टर्न है टाटा, रिलायंस, वालमार्ट और फ्यूचर ग्रुप जैसी बड़ी कंपनियों ने चाइना से आयात पूरी तरह बंद कर दिया है अब वे भारतीय प्रोडक्ट पर निर्भर हैं यही कारण है कि हम घरेलू बाजार में लगातार ग्रोथ हासिल की है। अब वक्त है हम अपने प्रोडक्ट्स की क्वालिटी वैश्विक बाजार को ध्यान में रखकर विकसित करें। यह फेयर इस कारोबार से जुड़े हर व्यक्ति के लिए गूगल सर्च इंजन की की तरह एक है जहाँ हम वो सब कुछ एक छत के नीचे पाएंगे जो आज हमारी जरुरत है। ओर्गनाइजिंग कमेटी के चेयरमैन गोपाल गुप्ता ने कहा कि आगरा के लिए गौरव की बात है कि मीट एट आगरा ने वर्ल्ड फुटवियर कलेण्डर में अपनी जगह बनाई है दुनिया भर के लोगों को इसका बेसब्री से इंतजार रहता है। एफमेक के संस्थापक अध्यक्ष दलजीत सिंह ने कहा कि फुटवियर कंपोनेंट इंडस्ट्री सुदृण होगी तभी अच्छा जूता बन सकता है यह आयोजन कंपोनेंट इंडस्ट्री के और मेन्युफक्चर्स के प्रोत्साहन में एक ब्रिज की तरह काम कर रहा है। एफमेक महासचिव राजीव वासन ने कहा कि फेयर में टेक्नीकल सेशंस भी होंगे जिनमें विशेषज्ञ विभिन्न विषयों पर व्याख्यान देंगे, जिनमें डिजाइन ट्रेंड्स, मैन्युफैक्चरिंग तकनीक, मार्केटिंग स्ट्रेटेजी जैसे विषय शामिल हैं। गेम चेंजर साबित होगा रहा है फेयर एफमेक सचिव ललित अरोड़ा ने बताया कि भारतीय फुटवियर सेगमेंट पहले से ही तेज गति से विस्तार कर रहा है। इस तरह के आयोजन इस उद्योग के विकास को अगले स्तर तक ले जाने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। साल-दर-साल हमने देखा है कि यह आयोजन इंडस्ट्री के लिए गेम चेंजर साबित हो रहा है। फेयर फुटवियर क्षेत्र के विभिन्न उद्यमियों के लिए नेटवर्किंग और व्यापार के अवसरों का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच के रूप में काम कर रहा है। यह अंतरराष्ट्रीय फुटवियर मेला फुटवियर क्षेत्र से संबंधित उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन करेगा। इसमें मशीनरी उपकरण, फुटवियर कम्पोनेंट्स, सिंथेटिक सामग्री आदि शामिल हैं।

### सेव ट्री सेव एनवायरनमेंट का नारा होगा बुलंद

एफमेक के प्रदीप वासन ने कहा कि यह फेयर सामाजिक सरोकार को भी समर्पित है। सेव ट्री सेव एनवायरनमेंट के नारे के साथ हम डिजिटलाइजेशन को प्रोत्साहित करने के लिए कागज के न्यूनतम इस्तेमाल पर जोर दे रहे हैं।

### केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल होंगे मुख्य अतिथि

तीन दिवसीय फेयर में भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्त । मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण एवं कपड़ा मंत्री पियूष गोयल मुख्य अतिथि होंगे। वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रो.एसपी सिंह बघेल एवं प्रदेश सरकार की केबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य और योगेंद्र उपाध्याय, सांसद राजकुमार चाहर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### मुख्य रूप से रहे मौजूद

इस मौके पर रैम्बल ग्रुप के हरमीत सिंह, आस्मा के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह लवली, एफमेक के श्याम बंसल, चंद्र शेखर जीपीआई आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ससुराल में दामाद ने तमंचे से झोंका फायर, मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर के मुहल्ला शांति नगर मिजपा स्कूल के पीछे ससुराल आए दामाद ने तमंचे से फायरिंग कर दिया। घटना के बाद मोहल्ले में हड़कंप मच गया और सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। रामपुरा थाना के ग्राम टीहर निवासी शिव शंकर राजावत शहर के मुहल्ला शांति नगर मिजपा स्कूल के पीछे अपना निवास बनाए हुए हैं। बताया गया कि शिव शंकर को दो बेटियां हैं। जिनकी वह शादी कर चुके हैं। उनकी छोटी बेटी संगीता की शादी वर्ष 2021 में मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के मियासी निवासी गौरव पुत्र विजय सिंह तोमर के साथ हुई थी। जिसने अपनी छोटी बेटी संगीता की शादी बड़े ही धूमधाम से की थी। शिव शंकर के पास 27 एकड़ खेती है। आरोप है कि दामाद गौरव की निगाह उसकी खेती पर टिकी हुई है, इस कारण वह आए दिन उसकी बेटी के साथ मारपीट करता है। उसकी बेटी कई बार ससुराल से अपने मायके आ चुकी हैं। तीन दिन पहले भी वह पति की मारपीट से आजिज होकर वह उरई आ गई थी। तभी शुक्रवार की देर रात दामाद गौरव भी उरई आया और घर की दीवार फांदकर वह अंदर आ गया। तभी उसने तमंचा से फायरिंग कर दिया। हालांकि गोली से वह बाल बाल बच गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गौरव को तमंचा समेत गिरफ्तार कर लिया।

### ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर: एक मौत, महिला सहित दो घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** आटा थाना क्षेत्र में ट्रक ने चमारी नाला के पास बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर सवार तीन लोगों में एक की मौत हो गई। जबकि महिला सहित दो लोगों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम ताहरपुर निवासी गोविंद 30 वर्ष, कल्लू 25 वर्ष व संगीता 35 वर्ष समेत तीनों लोग बाइक पर सवार होकर उरई जिला अस्पताल गए हुए थे। जब तीनों लोग बाइक से दोपहर के समय वापस जा रहे थे। तभी नेशनल हाइवे पर ट्रक ने चमारी नाला के पास बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार तीनों लोग सड़क पर गिर गए, और कल्लू ट्रक की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। जबकि महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद वहां हड़कंप मच गया। मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने घायलों व मृतक के परिजनों को सूचना देने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की खबर गांव पहुंचते ही रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। फिलहाल पुलिस रफूचक्कर हुए ट्रक व चालक का पता लगाने में लगी हुई है।

### फिर यूपी से बिहार जाती पकड़ी गई शराब

**जन एक्सप्रेस/बनकटा/देवरिया।** रामपुर बुजुर्ग पुलिस चौकी के रास्ते बिहार जा रही शुक्रवार को हुन्डई कार से बिहार जा रही अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप सहित तीन तस्कर यूपी बिहार बार्डर से मात्र सौ मीटर दूर बिहार के धरनी छापर पुलिस चौकी, मैरवा पर पकड़ी गई है। इसी मार्ग से प्रतिदिन बिहार में देशी, विदेशी, वीयर शराब के साथ तस्करी करने वाले भी पकड़ में आ रहे हैं। बिहार पुलिस चौकी पर तैनात लोगों का कहना है कि यूपी में शराब की खुली छूट है, पुलिस प्रशासन कोई रोक टोक नहीं करता और यूपी के रास्ते बिहार में शराब तस्करी रोकने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं। ऐसे स्थिति में पुलिस चौकी के लोगों का कार्य संदिग्ध दिखाई दे रहा है और संशय पैदा कर रहा है। उच्चाधिकारियों को संज्ञान लेकर इन लोगों का उचित मार्गदर्शन करना अति आवश्यक प्रतीत होता है।

### ज्ञानप्रकाश ने प्रेम को चुनाव लड़ने के लिए दिए थे रुपये, दस लाख हुए हैं ट्रांसफर

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** ज्ञान प्रकाश दुबे से प्रेम ने जो जमीन खरीदी थी, उसके बारे में पुलिस के एक अफसर ने ज्ञान प्रकाश से फोन कर जानकारी ली है। ज्ञान प्रकाश ने बताया है कि प्रेम से उसके संबंध अच्छे थे। जमीन के बदले मिले कुछ रुपये उसने खर्च कर दिए। उसी दौरान पंचायत चुनाव होने वाला था और प्रेम चुनाव मैदान में थे। इसके कारण ज्ञान ने कुछ रुपये उन्हें मदद के लिए दे दिए थे।2014 में किए गए बैनामा के बाद ज्ञान प्रकाश दूबे के खाते में दस लाख रुपये ट्रांसफर हुए हैं। जबकि केहुनिया गांव की जमीन के बदले नकद रुपये दिए जाने की बात सामने आई है। गुजरात में फैक्टरी में काम कर रहे ज्ञान प्रकाश दूबे से जब पुलिस ने फोन से वार्ता किया तो बताया कि 2015 में पंचायत चुनाव था।इस दौरान प्रेम चुनाव मैदान में थे। हम भी प्रचार-प्रसार में लगे थे। उन्होंने कहा था कि चुनाव में खर्च होगा। कुछ रुपये की मदद कर दीजिए। इस पर हमने उनकी मदद की थी। इसमें भी मेरे रुपये खर्च हुए थे। उनके घर रहता था। इसके कारण हमने कभी किसी बात को नहीं किया।

### शीला बोलीं- पति प्रेम ने ज्ञान प्रकाश से जबरन नहीं लिखाई थी भूमि, पूरा सम्मान देते थे

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** प्रेम यादव की पत्नी शीला ने बताया कि उनके पति प्रेम यादव ने ज्ञानप्रकाश दूबे से कोई धोखाधड़ी नहीं की। उन्हें रुपये और पूरा सम्मान दिया था। इसके कारण ज्ञान पूरे परिवार से लगाव रखते हैं। हम लोग भी उन्हें एक अभिभावक की तरह मानते थे। उनकी भूमि पर हमेशा सत्यप्रकाश दूबे की नजर रहती थी। उन्होंने बताया कि ज्ञान प्रकाश दूबे अपने परिवार के लोगों से काफी तंग थे और उन्हें प्रताड़ित भी किया जाता था। जब भी वह किसी चीज की मांग करते थे तो मेरे पति पूरा करते थे। वह भी पूरे परिवार में घुल मिलकर रहते थे। उनकी मेरे परिवार से कभी शिकायत नहीं हुई। हम लोग भी उनके बारे में कुछ नहीं कह सकते हैं। अगर उनके भाई का परिवार अच्छा रहता तो वह क्यों मेरे घर आते। मेरे पति एक जनप्रतिनिधि थे और सबके दुख-सुख में साथ खड़े रहते थे।

### थाने पर इंस्पेक्टर साहब का हड़काने का अंदाज बना हुआ है चर्चा में, ऑडियो वायरल

**जन एक्सप्रेस/महुआडीह, देवरिया।** जिले में अब एक इंस्पेक्टर का आडियो वायरल हो रहा है जिसमे वह एक युवक को पुलिसिया अंदाज में कह रहे हैं कि 卐मैंने तुमको बुलाया था, तुम चले गए जिलाध्यक्ष के यहां। तुम खूब इधर-उधर जाओ। रगड़ के जिंदगी खराब कर दूंगा। बता दे रहा हूं, बुला रहा हूं, चले आओ卐। थानाध्यक्ष आगे कह रहे हैं **ठीक है तुम जाओ जहां जाना है, तुमको उठवा लूंगा। जाओ जाकर उसे उठा लाओ।** जिले के महुआडीह गांव के रहने वाले निलेश यादव गौरीबाजार थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति के साथ कुछ साल पहले एक फाइनेंस कंपनी में काम करते थे। उसी दौरान निलेश ने उस व्यक्ति से कुछ रुपए उधार लिए थे। निलेश का कहना है कि साथ काम रहे व्यक्ति से उन्होंने डेढ़ लाख रुपए लिए थे। मांगने पर रुपए 2022 में ही वापस कर दिए। पैसा वापस करने के बाद वह व्यक्ति अब उन पैसों का ब्याज मांग रहा है, जबकि रुपए लेने के दौरान ब्याज देने की बात नहीं हुई थी। दोनों पक्षों ने इसकी शिकायत महुआडीह थाना पर की। इसके बाद थानाध्यक्ष गिरीश चंद्र राय ने निलेश को थाने बुलाकर पैसा लौटाने की बात कही। उसने कहा कि मैंने पैसा वापस कर दिया है। ब्याज देने की कोई बात नहीं हुई थी। निलेश ने इसकी शिकायत एसपी को भी पत्रक देकर की है। इसी बीच निलेश और महुआडीह थाना प्रभारी के बीच फोन पर हुई बातचीत का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।इसमें थाना प्रभारी निलेश को यह कह रहे हैं कि मैंने तुमको बुलाया था, तुम चले गए जिलाध्यक्ष के यहां। रगड़ के जिंदगी खराब कर दूंगा, बता दे रहा हूं। आज पांच दिन से बुला रहा हूं तुम आ नहीं रहे हो मेरे पास, घूमों अब तुमको बुलाएंगे नहीं घूमों, खोज लेंगे हम, उठा लाइए जाकर। वायरल ऑडियो के बाबत थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर गिरीश चंद्र राय ने बताया कि लेन-देन के मामले में थाने में पीड़ित ने प्रार्थना पत्र दिया है। इसकी पूछताछ के लिए आरोपी निलेश यादव को थाने पर बुलाया था। वह आने के बजाय आनाकानी कर रहा है। इस संदर्भ में उससे पूछताछ करने लगा।

### जब पढ़ेंगी बेटियां तभी तो बढ़ेगी बेटियां: उपजिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस/चरखारी/महोबा।** शासन की मंशानुरूप महिलाओं को सशक्त, स्वावलम्बी, आत्मनिर्भर बनाने के उदेश्य से आज कस्बे के बार्ड रूपनगर में कन्या जूनियर प्राथमिक कम्पोजिट विद्यालय में उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता एवं थाना प्रभारी एसओ गणेश कुमार की उपस्थिति में मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं पंक्ति बद्ध होकर समाज को जागरूक करने हेतु छात्राओं ने अपने हाथों में तिरंगा एवं स्लोगन लिखी हुई तख्तियाँ लेकर रैली निकाली। गौरतलब हो कि एसडीएम ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया एवं बताया कि महिलायें किसी मामले में पुरुषों से कम नहीं हैं छात्राओं को मन लगाकर पढ़ना चाहिए ताकि वो अपना भविष्य बेहतर बना सकें थाना प्रभारी ने छात्राओं को महिला साइबर सेल, महिला रिपोर्टिंग चैकी, मिशन शक्ति कक्ष, महिला पुलिस बीट, मातृत्व को सम्बल, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मातृ बंदना योजना आदि के साथ साथ महिला अपराध से सम्बन्धित धाराओं एवं विभिन्न प्रकार के हेल्पलाइन नम्बर 112,1090,181,1076,180, 1098 आदि के बारे में बताया कि इन नम्बरों पर सम्पर्क करके त्वरित सहायता कराई जाती है एवं छात्राओं को सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए, महिला गुड टच एवं बैड टच के बारे में समझाया।

# डीएम-एसपी व जनप्रतिनिधियों ने मिशन शक्ति फेस-04 रैली को दिखाई हरी झंडी

## जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने मेडिकल कॉलेज के एक्वेरियम में मुख्यमंत्री का सुना उद्बोधन, देखा सजीव प्रसारण





जन एक्सप्रेस । उरई

मिशन शक्ति पेज-04 का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, डीएम राजेश कुमार पाण्डेय, एसपी ईरज राजा ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में स्कूल की छात्राएं, एनसीसी कैडेट की बालिकाएं, महिला पुलिसकर्मी विभिन्न विभागों की महिला अधिकारियों व महिला समाजसेवियों ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु सहभागिता की। जैसा कि विदित है कि इस रैली का उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं के लिए चल रही योजनाओं का प्रचार प्रसार कर महिलाओं को सशक्त बनाना है। ताकि समाज में लैंगिक विभेद को समाप्त कर बालिकाओं एवं महिलाओं को देश समाज की मुख्य धारा में शामिल किया जा सके। इसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष, सदर विधायक, माधौगढ़ विधायक, डीएम, एसपी व बालिकाएं एवं महिलाओं ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में सजीव प्रसारण देखा व सुना। जनप्रतिनिधियों, डीएम व एसपी ने जनपद में उत्कर्ष कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र व शाल उड़ाकर सम्मानित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण तभी होगा जब हम सब साथ मिलकर काम करेंगे। महिलाएं अपने अधिकारों को जाने केंद्र व राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण को लेकर प्रतिबद्ध है। सदर विधायक ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए कार्यक्रम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं सशक्तिकरण व आत्मनिर्भर बने।

हमारी सरकार महिलाओं के प्रति संवेदनशील होकर कार्य कर रही है। महिलाएं अब अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रही हैं जब से हमारी सरकार आई है तभी से महिलाओं के सम्मान व स्वाभिमान मिला है। डीएम ने कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा महिलाओं की सशक्तिकरण उनके संरक्षा ब सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मिशन शक्ति कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इसका उद्देश्य है कि महिलाओं के अंदर आत्मविश्वास व भावना जागृत करें जिससे महिलाएं अपने आप को कमजोर महसूस न करें। उन्होंने कहा कि बहुत तेजी से प्रदेश सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं से आप सभी को लाभान्वित किया जा रहा है।

प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित हैं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सुरक्षा के संबंध में हेल्पलाइन नंबर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जननी सुरक्षा योजना चलाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि महिलाएं अपनी हिस्सेदारी व भागीदारी के लिए जब तक आगे नहीं आएंगी घर परिवार समाज प्रदेश व राष्ट्र का निर्माण नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि नवरात्रि का त्यौहार कल से शुरू होने वाला है सभी मंदिरों में सभी घरों में देवियों की शक्ति की पूजा होगी। उन्होंने कहा कि आपके चिंतन में जो बातें होती हैं अपने परिवार को समाज को बच्चों को संस्कार के रूप में देती हैं। उन्होंने आग्रह किया है कि जो आपका रूप है मात्रशक्ति का जहां आप बांचला का रूप हैं वही आप चण्डिका, दुर्गा का भी रूप है अन्याय व हिंसा के विरुद्ध और किसी भी प्रकार के प्रतिशोध व अपराध के बीच सशक्त रूप से खड़ा होना है। स्वयं की परिवार व समाज की रक्षा के लिए भी आगे आना है। सरकार द्वारा जो योजनाएं चलाई जा रही हैं जनपद में ग्रामीण क्षेत्र व शहरी क्षेत्र में लगातार 1 सप्ताह मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं को उनकी कार्यक्रम नीतियों व उनकी सुरक्षा संरक्षा सशक्तिकरण के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाकर कार्यक्रम चलाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ शक्ति से कार्यवाही की जा रही है और महिलाओं के लिए बेहतर वातावरण का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने महिला अपराध को लेकर कड़े शब्दों में कहा कि कोई भी अराजक तत्व महिलाओं को किसी चौराहे पर छेड़ने की कोशिश करेगा तो अगले चौराहे पर यमराज के रूप में मैं स्वयं खड़ा मिलूंगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान व बेहतर वातावरण का माहौल मिल रहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नरेंद्र देव शर्मा, परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी, जिला प्रोबेशन अधिकारी आदि सहित महिला शक्ति मौजूद रही।

## चोरों ने सूने मकान के चटकाए ताले, लाखों के आभूषण किए पार

जन एक्सप्रेस । उरई

कोतवाली क्षेत्र में कोंच रोड स्थित मोदीनगर में बेखौफ होकर घूमी चोरों की बारात ने सूने मकान के ताले चिटका दिए। जहां से चोर लाखों रुपए के सोने चांदी के कीमती आभूषण व हजारों रुपए की नगदी समेट कर रफूचक्कर हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए मामले की बारीकी से छानबीन शुरू कर दी।

प्रिया गुप्ता शहर कोतवाली के कोंच रोड स्थित मोदी नगर में किराए के मकान में काफी समय से रह रही हैं। बताया गया कि उसका पति शहर में दुकान किए हुए हैं। किसी काम को लेकर पति पत्नी मकान में ताला डालकर 15 दिनों से बाहर गए हुए थे। शनिवार दोपहर जब दम्पति वापस घर लौटे तो उन्होंने घर के दरवाजे का ताला टूटा पड़ा देखा तो वह दंग रह गए और उन्होंने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। मामले की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए घटना की छानबीन शुरू कर दी। प्रिया ने बताया कि वह बाहर गई हुई थी, जबकि घर में रखी टीवी, लैपटाप और कपड़ा समेत अन्य सामान सुरक्षित है।

लेकिन आलमारी में रखे सोने चांदी के कीमती करीब दो लाख से अधिक के आभूषण और पचास हजार रुपये नकदी चोरी हो गए हैं। फिलहाल पुलिस ने जांच पड़ताल कर मामले का खुलासा करने के लिए चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# समाधान दिवस में आठ मामले हुए प्रस्तुत, तीन का हुआ निस्तारण

जन एक्सप्रेस । कालपी





शनिवार को तहसीलदार शेर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में राजस्व संबंधी 8 प्रकरण फरियादियों के द्वारा प्रस्तुत किए गए। जिसमें तीन मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। कोतवाली सभागार में नायब तहसीलदार नीलमणि सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार सिंह राठौर, अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सत्यपाल सिंह की मौजूदगी में सुबह 10 बजे से शुरू हुए थाना समाधान दिवस में मोहल्ला रावगंज निवासी फूल सिंह पुत्र मुकुंदी ने प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया कि भूसे की दुकान पचपिण्डा देवी मंदिर के पास स्थित है। नगर पालिका के गौशाला के ठेकेदार के द्वारा 14 हजार रुपये का उधार में भूसा खरीदा गया था।

लेकिन ठेकेदार अब भूसे की रकम को नहीं दे रहा है। वहीं शुगर सिंह पुत्र परशुराम निवासी हर्रायपुर ने शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया के मेरे पट्टे वाली जमीन पर विपक्षी कब्जा करने में हस्तक्षेप कर रहे हैं। कैलाश बाबू पुत्र लल्लू आरोप लगाया कि प्रार्थी की जमीन में विपक्षी बुवाई नहीं करने दे रहे तथा गाली-गलौज हैं। इसी प्रकार राम बहादुर पुत्र स्व. शोभरांत सिंह निवासी ग्राम बरहई के द्वारा जमीन की नाप करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है। लालदास पुत्र पुत्तीलाल निवासी देवकली ने पट्टे की जमीन के मामले को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। सावित्री देवी पत्नी धर्मेंद्र सिंह के द्वारा हिस्से वाली जमीन में विपक्षियों के द्वारा हस्तक्षेप करने की शिकायत प्रस्तुत की गई है। शिवराम पुत्र लखन निवासी ग्राम देवपुरा शिकायत प्रस्तुत की है कि पड़ोस में रहने वाले विपक्षी आम रास्ते की जमीन में कटिया मशीन लगाकर मार्ग को अवरुद्ध पैदा कर रहे हैं। उन्होंने चारा मशीन हटाने की मांग की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार सिंह राठौर ने बताया कि आठ मामले प्रस्तुत किए गए थे। जिनमें तीन प्रकरणों का मौके पर निस्तारित कर दिया गया है। अतिरिक्त निरीक्षक ने बताया कि अन्य मामलों को निपटने के लिए राजस्व तथा पुलिस विभाग की टीम को शिकायतों को निपटने के लिए मौके पर भेजा गया है। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक रामभवन सिंह, लेखपाल प्रमोद दुबे, जितेंद्र कुमार सिंह, राहुल कुमार, अभिषेक यादव, सुमित यादव, रवि कुमार, संजय प्रमोद कुमार, विजय आनंद, रश्मि गौतम, सचिन गुप्ता, प्रशांत गौतम के अलावा अनुराग कुमार सिपाही महाराज सिंह एवं राजस्व कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजुद रहें।

# मिशन शक्ति की कालपी में निकाली गई प्रभात फेरी

जन एक्सप्रेस । कालपी



महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए शासन के निर्देश पर मिशन शक्ति फेस 4 का शनिवार को धूमधाम पूर्वक आगाज किया गया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी केके सिंह के नेतृत्व में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं के द्वारा नगर की सड़कों में प्रभात फेरी निकालकर महिलाओं को जागरूक किया। नगर के व्यस्ततम चौराहे फुलपावर चौराहा में एसडीएम, सीओ डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी, कोतवाल शिवकुमार सिंह राठौर, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने हरी झंडी दिखाकर मिशन शक्ति फेस 4 की प्रभात फेरी का शुभारंभ किया। सर्वोदय एसपी बालिका इंटर कॉलेज, आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, नगर पालिका पालिका इंटर कॉलेज, एसएसवी इंटर कॉलेज कालपी की छात्राओं ने शिक्षिकाओं के साथ रैली में हिस्सा लेकर हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर छात्रों की प्रभात फेरी, मिर्जा मंडी दमदमा, हरीगंज बाईपास से अंडरपास होते हुए नगर पालिका कार्यालय पहुंची। रैली का पालिका भवन के परिसर में समापन किया गया। प्रभात फेरी के दौरान छात्राओं के द्वारा जगह महिलाओं से संवाद करके नारी सुरक्षा-नारी सम्मान नई स्वावलंबन के बारे में जानकारियां दी। कार्यक्रम समापन के दौरान उपजिलाधिकारी ने जरूरत पड़ने पर महिलाओं के हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारियां देकर जागरूक किया। उन्होंने 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवाएं 108 एंबुलेंस सेवाएं के बारे में जानकारियां दी। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि सभी छात्राएं अपने घर में तथा पड़ोसियों को भी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारियां दें। जरूरत पड़ने पर हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग करें। इस मौके पर प्रधानाचार्य नुजहत जहां, सुमन श्रीवास्तव, अपर्णा शर्मा, शिक्षाविद शैल विश्नोई, अन्नपूर्णा, शिवकांति, सरला यादव, सुनील सैनी, राजेश यादव, तौहीद आदि लोग प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसी प्रकार परिषदीय विद्यालय के छात्राओं के द्वारा प्रधानाचार्यों के नेतृत्व में अपने-अपने वार्डों में प्रभात फेरी निकालकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत जागरूक किया।

## ज्ञान प्रकाश से खरीदी भूमि का बैनामा निरस्त करने की तैयारी शुरू, खामियां मिलने पर निरस्त होगा बैनामा

जन एक्सप्रेस । देवरिया

प्रशासन अब सामूहिक हत्याकांड के शिकार सत्यप्रकाश दूबे के भाई ज्ञान प्रकाश दूबे से खरीदी भूमि का बैनामा निरस्त करने की तैयारी में है। इसके लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है।प्रशासन की अब तक की जांच के मुताबिक, भाटपाररानी तहसील क्षेत्र की जमीन का अभी तक खारिज-दाखिल नहीं हो पाया है। जबकि लेड़हा गांव की रजिस्ट्री दो दिन तक रुकी थी। इन जमीनों का पूरा ब्योरा खंगाला जा रहा है। खामियां मिलने पर बैनामा निरस्त किया जाएगा।प्रेम ने वर्ष 2014 में 21 लाख रुपये में एक करोड़ 30 लाख रुपये की जमीन का बैनामा करा लिया था। इसका मुख्य गवाह सामूहिक हत्याकांड का आरोपी नवनाथ मिश्रा उर्फ पट्टू है। यह जमीन ज्ञान प्रकाश दूबे की थी। प्रेम के भाई रामजी की पहल पर लेड़हा की पूरी जमीन बैनामा हो गई। इसको लेकर तत्कालीन रजिस्ट्रार ने दो दिनों तक बैंक खाता में रुपये जमा न होने के कारण रजिस्ट्री रोक दी। दस जुलाई 2014 को खाता खोलवाकर दस लाख रुपये की रकम जमा कराई गई तो रजिस्ट्री हुई। इसी तरह भाटपाररानी तहसील क्षेत्र के केहुनिया गांव में ज्ञान प्रकाश की की जमीन का एक तिहाई हिस्सा करीब 50 कट्ठा भूमि 11 लाख रुपये प्रतिफल के रूप में देने की बात पर बैनामा हुई थी। बाद में इस पर आपत्ति दाखिल हो गई और खारिज-दाखिल नहीं हुआ। इन दोनों मामलों पर राजस्व विभाग के आला अफसरों की नजर है।

# मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के अवसर पर पालिका ईओ ने जनजागरूकता वाहन को दिखाई हरी झण्डी

जन एक्सप्रेस । महोबा



प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति अन्तर्गत विशेष अभियान के चतुर्थ चरण में नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा जनजागरूकता वाहन रैली निकाली गयी।

मिशन शक्ति चतुर्थ चरण में निकाली गयी जनजागरूकता वाहन रैली का शुभारम्भ अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार द्वारा प्रातः 8.30 बजे हरी झण्डी दिखाकर किया गया। जनजागरूकता रैली पालिका कार्यालय से प्रारम्भ होकर तहसील चैराहा, कोतवाली, छजनमपुरा, खनगा बाजार, सरार्फा बाजार, सब्जी मण्डी, ऊदल चौक, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, डी0ए0वी0 इण्टर कॉलेज, सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, आल्हा चौक, तहसील चौराहा होते हुए पुनः नगर पालिका में सम्पन्न हुई। वाहन रैली में शामिल चार पहिया वाहनों में लगाये गये बैनर्स एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से आम जनमानस को महिला सशक्तिकरण एवं नारी सम्मान के लिए जागरूक किया गया। वाहन रैली में करीब आधा सैकड़ा दोपहिया एवं एक दर्जन से अधिक चार पहिया वाहन शामिल रहे। वाहन रैली के समापन उपरान्त पालिका सभागार कक्ष में उपस्थित महिला संगठनों, स्वयं सहायता समूहों एवं महिला सफाई कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने महिला सशक्तिकरण हेतु सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेन्टर, महिला हेल्पलाइन 1090, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मातृत्व लाभ योजना, महिलाओं के प्रशिक्षण और रोजगार कार्यक्रम सुकन्या समृद्धि योजना आदि की विस्तृत जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में सहायक अभियन्ता विकास शुक्ला, अरुण शुक्ला, राजेश त्रिपाठी, भूपेन्द्र कुमार सहित भारी संख्या में पालिका कर्मी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# आयोजित हुआ दो दिवसीय कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज तराई**

महाराजगंज कस्बा के रामपाल मेमोरियल इंटर कॉलेज में दो दिवसीय करियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के आयोजन में छात्र छात्राओं को उनके कैरियर व सफलता प्रतियोगिताओं के बारे में दिशा निर्देश दिए। कैरियर काउंसलिंग के मुख्य वक्ता करियर काउंसलर लाइफ कोच लखनऊ शोभित नारायण अग्रवाल व डॉ अंजलि गुप्ता व डॉ गीता ने दो दिवसीय करियर काउंसलिंग शुभारंभ पर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। विद्यालय के प्रबंधक ए.पी मिश्र ने कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं का विद्यालय परिवार के तरफ से स्वागत किया।

शनिवार को करियर काउंसलिंग कार्यशाला के आयोजन में शोभित नारायण अग्रवाल ने अच्छा छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि सफल कैरियर के लिए मेहनत से कार्य करना होगा। कैरियर सफलता के कई मूल मंत्र हैं। जिसको अपने जीवन में अपनाना होगा। छात्र-छात्राओं के पास अपने करियर को बनाने के लिए बेहतर विकल्प है। जिसको क्या-क्या विकल्प चुन सकते हैं। इसके लिए उनको खुद को आत्मनिर्भर होना होगा। बच्चों को प्रतियोगिताओं में



प्रतिभाग करना चाहिए। यह उनके कैरियर का प्रारंभ का सुनहरा अवसर होता है। इससे घबराने की जरूरत नहीं होती है। बल्कि डटकर मुकाबला करके कैरियर को चुनना चाहिए।

डॉ अंजलि गुप्ता ने अवगत कराया की बच्चों को अपने कैरियर के साथ मानसिक स्वास्थ्य एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना होगा। छात्र-छात्राओं को मानसिक व शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए प्रातःकाल उठकर व्यायाम करना भी जरूरी होता है।

साथ ही अपने कैरियर को चुनने के लिए प्रातः काल अध्ययन करना चाहिए। इसके साथ बच्चों को प्रतिदिन दिनचर्या के साथ अपने खाने पीने पर भी विशेष ध्यान देना होगा। सफलता का मूल मंत्र अपने करियर को चुनने के लिए मानसिक व शारीरिक रूप से फिट होना भी जरूरी होता है। डॉ गीता गुप्ता ने बताया कि अपने कैरियर को चुनने के लिए चुनौती से घबराना नहीं बल्कि आत्मविश्वास साहस धैर्य और कठिन परिश्रम। करके आगे बढ़ते जाना है। तभी आप आने वाले समय में सफल हो पाएंगे। जिस कैरियर को चुने साहसपूर्वक चलें और अपने परिवार समाज सहित राष्ट्र का नाम रोशन करें। इस मौके पर शाह प्रबंधक सौरभ मिश्रा प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्रा, छात्रा शिखा सिंह बंदना वर्मा राधिका श्रद्धा युगांक मनोज तिवारी गुलशन हरीश मिश्रा दीपक सुहेल शाह शहजाद मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति फेज- 4 के शुभारंभ पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

# सुना गया मुख्यमंत्री का वर्चुअल संवाद



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

नारी शक्ति, नारी स्वावलंबन, नारी सम्मान का प्रतीक शारदीय नवरात्र का पावन पर्व पर पूरे प्रदेश में मिशन शक्ति फेज-04 का शुभारंभ लोक भवन से मुख्यमंत्री आदित्यनाथ द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद में विकास भवन सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विधायक बलरामपुर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाशनाथ शुक्ला, जिलाधिकारी अरविंद सिंह एवं एनसीसी की छात्राओं की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री का वर्चुअल संवाद सुना गया।

इस अवसर पर विधायकों ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के नए आयाम गढ़े जा रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा नौकरियों में महिला आरक्षण देते हुए महिलाओं को स्वावलंबन का सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। महिला उद्यमियों को विशेष सब्सिडी का लाभ देते हुए प्रोत्साहित किए जाने का कार्य किया जा रहा है।

### अभियान के शुभारंभ पर पुलिस लाइन से निकाली गई जागरूकता रैली

कार्यक्रम में बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा की 13 विभागों के सहयोग से चलने वाले मिशन शक्ति अभियान के दौरान महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन से जुड़ी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करे एवं पात्रों को योजना का लाभ दें।

मिशन शक्ति फेज 4 के शुभारंभ के अवसर पर पुलिस लाइन से प्रातः 7:00 बजे महिला जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री केशव कुमार,मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, परियोजना निदेशक डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा सतीश पांडे, जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंद्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक गर्ल्स इंटर कॉलेज से एनसीसी की छात्राएं एवं अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के चौथे चरण का जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की मौजूदगी में जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी ने शनिवार को मिशन शक्ति फैज 4 का शुभारंभ किया। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर पुलिसकर्मियों द्वारा निकाली गई बाइक जागरूकता रैली को रवाना किया। जानकारी के अनुसार 14 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार की उपस्थिति में नारी सशक्तिकरण से सम्बन्धित ÷मिशन शक्ति÷ के विशेष अभियान (फेज-04) के शुभारंभ अवसर पर पुलिस लाइन बलरामपुर से जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया गया। मिशन शक्ति जागरुकता रैली पुलिस लाइन बलरामपुर से शुरू होकर फुलविरया बाइपास, भगवतीगंज, संतोषी माँ तिराहा, वीर विनय चौक, झारखण्डी, पीपल



तिराहा, कलेक्ट्रेट मोड़ धुसाह से पुलिस कार्यालय होते हुए महिला थाना में संपन्न हुयी। रैली में महिला पुलिस कर्मी व पी0आर0वी0 के वाहनों को सम्मिलित किया गया व चौराहों पर मिशन शक्ति जागरुकता से संबंधित पम्पलेट वितरित कर आम जनमानस को जागरुक किया। मिशन शक्ति फेज-04 के विशेष अभियान (शक्ति दीदी) के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट पुलिस अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा गाँवों में जन चौपाल लगाकर व बस स्टैंड, बाजार, गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं व बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सशक्त बनाने का प्रयास किया जायेगा। शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं बालिकाओं को शासन व यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जायेगा।

# अवध विवि के छात्र-छात्राओं ने आजादी के अमृत महोत्सव की थीम को उकेरा

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रचेता भवन में हिन्दी भाषा एवं प्रयोजनमूलक विभाग और क्षेत्रीय भाषा केन्द्र व बैंक ऑफ बड़ौदा के संयुक्त संयोजन में चल रही प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिता के अंतिम दिन शुक्रवार को देर शाम चित्रकला प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। आजादी का अमृत महोत्सव थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता में आवासीय परिसर के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने अपनी सृजनात्मकता का बढ़चढ कर परिचय दिया। जिसमें बीएएसी के हिमांशु प्रथम, अंजली यादव फाईन आर्ट्स द्वितीय, अवधी के रामजीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सांत्वना पुरस्कार में प्रथम स्थान बीएससी की वैष्णवी यादव व द्वितीय स्थान हर्षिता सिंह ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में 11 विद्यार्थियों ने शीर्ष स्थान में जगह बनाई जिसमें अंशिका कौशल, श्रेया मिश्रा, प्रज्ञा दूबे, आरती मौर्या, कल्यानी यामिनी, अदिति मिश्रा, अर्पणा पाल, अनन्या यादव, ज्योति, अनूप कुमार रहे। इस प्रतियोगिता की संयोजिका व हिन्दी भाषा एवं प्रयोजनमूलक विभाग की शिक्षिका डॉ0 सुमन लाल ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार धनराशि एवं प्रमाण-पत्र दीक्षांत समारोह के दीक्षांत पखवारा के समय वितरित किया जायेगा। इसमें प्रथम पुरस्कार दो हजार, द्वितीय पुरस्कार पन्द्रह सौ व तृतीय पुरस्कार बारह सौ तथा सांत्वना पुरस्कार प्रथम एवं द्वितीय सात सौ पचास की धनराशि प्रदान की जायेगी। वहीं शीर्ष के 11 विद्यार्थियों को रैंकिंग प्रमाण-पत्र दिया जायेगा। इस प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ0 सुमन लाल व अवधी की शिक्षिका डॉ0 प्रत्याशा मिश्रा रही। प्रतियोगिता को सकुशल सम्पन्न कराने में अंग्रेजी विभाग की शिक्षिका डॉ0 निहारिका सिंह, डॉ0 दिव्या वर्मा सहित अन्य शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

# समाज सेवा के लिए भौतिक संसाधनों से कहीं अधिक दिल में समाज सेवा की भावना का होना आवश्यक: प्रदीप यादव

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

समाजसेवी प्रदीप यादव का कहना है कि राजनीति और समाजसेवा दोनों अलग-अलग पहलू हैं। इनका एक-दूसरे के साथ कोई मुकाबला नहीं है। भले ही राजनीति को भी सेवा का एक साधन माना जाता है, लेकिन वर्तमान समय में राजनीति का गिरता स्तर इसको सामाजिक सेवा के बराबर खड़ा नहीं करता है। इसलिए समाज सेवा के कार्य की शालीनता को सहेजने की जरूरत है। समाज सेवा के लिए भौतिक संसाधनों से कहीं अधिक दिल में समाज सेवा की भावना का होना आवश्यक होता है। कुछ लोग संसाधनों की कमी के बावजूद समाज सेवा में अग्रणी रहते हुए अपनी छाप छोड़ जाते हैं तो दूसरी तरफ कुछ लोग संसाधनों की भरमार होते हुए भी स्वयं और परिवार की सेवा तक ही सीमित रहते हैं। ऐसे लोगों को कभी भी समाज सेवा के लिए प्रेरित नहीं किया जा सकता क्योंकि उनके निजी स्वार्थ और अभिमान के आगे समाज सेवा के सभी तर्क औंधे मुंह गिरते हुए



नजर आते हैं। भूखे को भोजन, प्यासे को पानी, बीमार को दवाई, अनाथों को आश्रय के अलावा अन्य किसी भी प्रकार से किसी जरूरतमंद की आवश्यकता को जानकर निस्वार्थ उसकी मदद करना ही समाज सेवा का सबसे बड़ा लक्षण है। किसी इन्सान को बिना बताए उसकी सहायता करना और उस मदद से मिलने वाली खुशी को उसकी आंखों में महसूस करना ही सच्ची जनसेवा है। आपको बताते चले की जनपद में जिला पंचायत सदस्य समाजसेवी प्रदीप यादव ने शहर में अम्मा की रसोई शुरू की है जिसमें वह को मात्र एक रुपए में भोजन उपलब्ध कराते हैं जिसमें मजदूरों और गरीब तबके के लोगों की खासी भीड़ उमड़ रही है।1 रुपए में भरपेट भोजन के लिए हर रोज अलग-अलग मैन्यू रहता है, जिसमें दाल, चावल, सब्जी पूड़ी तो कभी चावल कढ़ी और खिचड़ी शामिल होती है। प्रदीप यादव द्वारा ढाई साल में कई समाज सेवा का कार्य किया गया जिसमें निः शुल्क एम्बुलेंस, निःशुल्क ब्लड डोनेशन, 2.5 साल मे अपने निधि से 19 रोड 2 नाला निर्माण, निःशुल्क साइकिल रिपेयरिंग कैंप, निःशुल्क जल प्याऊ, 1 वर्ष से अम्मा की रसोई का संचालन जिसके माध्यम से अयोध्या मंडल के गरीब मजदूर जरूरतमंद लोग एक रुपए में भरपेट भोजन करते हैं विगत एक साल से यह रसोई अयोध्या जिले में दो जगह संचालित होती है अयोध्या रायबरेली बाईपास पूल के नीचे नवीन सब्जी मंडी परिसर अयोध्या, अब तक स्वयं 35 बार ब्लड डोनेशन, दो माह मे दो बार ब्लड डोनेशन, अपनी टीम के माध्यम से 1303 लोगों ब्लड दिलाया गया, जागरूकता के लिए निःशुल्क हेल्मेट, फुटपाथ पर पड़े हर गरीब लाचार की हर संभव मदद, 99 लोग की जिन्दगी बचाई अपनी निजी एम्बुलेंस से जो कि प्रदीप यादव के द्वारा अब तक पुनीत कार्य किया गया।

# महिला सशक्तिकरण रैली को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, महिलाओं की हर क्षेत्र में हो भागीदारी: डीएम

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

मिशन शक्ति को और व्यापक एवं मजबूत बनाने के लिए योगी सरकार ने इसके चौथे चरण का शुभारम्भ कर दिया है। महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा सम्मान एवं स्वालंबन के लिए व जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं का सम्मान बढ़े इसको लेकर जनपद में शनिवार को महिला सशक्तिकरण रैली का आयोजन किया गया। जिलाधकारी नीतीश कुमार ने बताया कि हमारे समाज के लोग अंतरमन से स्वीकार करें कि महिलाओं की हर क्षेत्र में भागीदारी हो। जब महिला शिक्षित होगी तो परिवार भी शिक्षित होगा। उनमें आत्म सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देना होगा।



अयोध्या पुलिस लाइन में नारी सशक्तिकरण मिशन शक्ति के चौथे चरण के अभियान की शुरुआत हुई। इस मौके पर पुलिस लाइन में आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नितीश कुमार व एसएसपी राज करण नैयर ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। पिंक स्कूटी पर सवार महिला पुलिस कर्मियों ने शहर में रैली निकाली। रैली में डायल 112 की गाड़ियां भी मौजूद रहीं। नवरात्रि के पर्व पर मां शक्ति की उपासना के दौरान बेटियों को जागरूक करने के उद्देश्य से महिला पुलिसकर्मीयो ने रैली निकाली।

पुलिस लाइन से प्रारंभ हुई रैली जीआईसी फ्लाईओवर ब्रिज से मक़बरा, फतेहगंज होते हुए चौक पहुंची।

वहां से रीडगंज होकर रैली दोबारा चौधरी पहुंची जहां नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। सभा के माध्यम से नारी सशक्तिकरण का पैगाम दिया गया। नुक्कड़ सभा के बाद रैली आगे बढ़ते हुए रिकाबगंज चौराहा, पुष्पराज चौराहा होते हुए दोबारा पुलिस लाइन पहुंच कर समाप्त हुई।

# भव्य गाजे-बाजे के संग निकली मां की कलश यात्रा

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

शारदीय नवरात्र की पूर्व संध्या पर शनिवार को शक्तिवाहिनी के संयोजन में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरयू तट से वरुण आह्वान के साथ भव्य कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। मां के जयकारों के साथ शक्ति वाहिनी की अगुवाई में निकली यात्रा सरयू तट से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई छोटी देवकाली मंदिर पहुँची। यात्रा का संयोजन केंद्रीय दुर्गापूजा व रामलीला समन्वय समिति तथा शक्ति वाहिनी के संयुक्त संयोजन से किया गया। यात्रा नयाघाट, बाबू बाजार, श्रृंगारहाट, हनुमानगगढ़ी होते हुए छोटी देवकाली मंदिर पहुंची। यात्रा का आचार्य पीठ तिवारी मंदिर के सामने महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने माता जी की आरती और बताया कि माता का अनुष्ठान प्रतिपदा को शुभ मुहूर्त में



करना चाहिए और विसर्जन दशमी तिथि को ही करना चाहिए यही शास्त्रों का मत है।

माता रानी के यात्रा का दर्जनों स्थानों पर स्वागत हुआ और लोगों ने पुष्प वर्षा की। केंद्रीय समिति के संयोजक महंत धनुषधारी शुक्ला ने बताया कि पिछले 25 वर्षों से यह यात्रा अनवरत नवरात्रि के पूर्व संध्या पर निकाली जाती है। अध्यक्ष रमापति पाण्डेय ने बताया कलश यात्रा सनातन परंपरा का एक अंग है जिसमें कोई अनुष्ठान प्रारम्भ करने से पहले हम किसी पवित्र नदी से जल भरते है। नवरात्रि प्रारंभ के पूर्व मां सरयू के जल का पूजन करके कलश में भरकर अपने अपने घरों मे मां की स्थापना पूजन करेंगी।

शक्ति वाहिनी प्रमुख बिंदु सिंह ने बताया कि बड़े ही उत्साह के साथ माताएं बहने माता की कलश यात्रा में शामिल होती हैं और यही कलश स्थापित करके 9 दिन तक पूजा करती है। उन्होंने सभी बहनों का आभार व्यक्त किया। दुर्गा पूजा समिति के प्रवक्ता भानुप्रताप सिंह ने बताया कि रविवार से शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो रहा है और इसी के साथ ही मंदिर में कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा का पूजन-अर्चन शुरू होगा। अशोक शास्त्री ने वरुण पूजन कराया। वन्दना त्रिपाठी, पार्वती कौशल, दया मिश्रा, आंचल यादव, प्रभादेवी, अनीता सिंह, अंजू सिंह, कुमकुम दुबे, रंजना सागर, अनीता, पुष्पा, महासचिव श्रीनिवास शास्त्री, दीपचंद्र राही, देवर्षिराम त्रिपाठी, सुरक्षा प्रभारी पंकज गुप्ता, मंगल गुप्ता, अनिल सहित सैकड़ों भाई बहनों ने भाग लिया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### विसर्जन स्थल झिंगहाघाट व गायघाट का डीएम, एसपी ने किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** पावन पर्व शारदीय नवरात्र के अवसर पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं तथा विसर्जन स्थलों पर की जा रही तैयारियों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ विसर्जन स्थल झिंगहाघाट व गायघाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। झिंगहाघाट के निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद ईओ प्रमिता सिंह को निर्देश दिया गया कि पूरे विसर्जन स्थल की समुचित साफ-सफाई के साथ-साथ समुचित प्रकाश व्यवस्था व बैरीकेटिंग की जाय तथा स्लोप स्थलों पर मिट्टी की पटाई करा दी जाय। इस अलावा मिशन शक्ति अभियान के दृष्टिगत विसर्जन स्थल सेल्फी प्वाईन्ट भी बनाया जाय। इसी प्रकार विसर्जन स्थल गायघाट के निरीक्षण के दौरान डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी को निर्देश दिया गया कि सम्पूर्ण विसर्जन स्थल पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये जायें। विसर्जन स्थल के आस-पास स्थित पोलो पर तिरंगा लाईट भी लगाई जाय। डीएम ने विसर्जन स्थल पर स्थायी डस्टबिन स्थापित कराये जाने के भी निर्देश दिये गये। एसडीएम मिहींपुरवा संजय कुमार को निर्देश दिया गया कि विसर्जन स्थल के आस-पास के मार्ग की पटरियों की मरम्मत करा दी जाय। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर भी मौजूद रहीं।

### लापता बालक का शव मिलने से हड़कम्प

**जन एक्सप्रेस/मोतीपुर/बहराइच।** मिहींपुरवा तहसील अंतर्गत चकिया वन रेंज स्थित ग्राम सभा पड़रिया के मजरा नौकापुरवा में एक बालक का शव क्षत विक्षत अवस्था मे मिलने से हड़कम्प मच गया। आशंका जताई जा रही है कि किसी हिंसक जानवर ने बालक पर हमला करके से उसे मार डाला। जानकारी के अनुसार चकिया वन रेंज स्थित मजरा नौकापुरवा निवासी राहुल पुत्र विजेन कुमार उम्र लगभग 5 वर्ष शुक्रवार की देर शाम घर से खेलते वक्त लापता हो गया। परिजनों के काफी खोजबीन के बाद कहीं पता न चल सका एक दिन बीत जाने के बाद पुलिस व स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से घर से लगभग पांच सौ मीटर दूर बालक शव क्षत विक्षत अवस्था मे मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आशंका जताई जा रही है कि किसी हिंसक जंगली जानवर ने बालक पर हमला करके मौत के घाट उतार दिया है।

### हत्याभियुक्त को आजीवन कारावास, कोर्ट ने 50 हजार रुपए का अर्थ दंड भी लगाया

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** जिले के रूपईडीहा तुलसीपुर गांव निवासी ग्रामीण के विरुद्ध हत्या के मामले में पंजीकृत अभियुक्त को शुक्रवार को जनपद न्यायाधीश ने सुनवाई की। जनपद न्यायाधीश ने उसे दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित भी किया गया है। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के तुलसीपुर गांव निवासी अभियुक्त प्रेमचंद मिश्रा को थाने की पुलिस ने वर्ष 2018 में हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा था। मामले में पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देश पर थाने की पुलिस ने साक्ष्यों व गवाहों के साथ रिपोर्ट तैयार कर न्यायालय को सौंपा था। मुकदमें में अभियुक्त को सजा दिलाने को लेकर डीजीसी मुन्नूलाल मिश्रा व थाने के विवेचनाधिकारी आलोक राव ने कड़ी पैरवी की थी। शुक्रवार को मुकदमे में जनपद न्यायाधीश के न्यायालय पर सुनवाई के दौरान डीजीसी मिश्रा की दलील के आधार पर जनपद न्यायाधीश ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए आजीवन करावास की सजा सुनाई है। एसपी वर्मा ने बताया कि शासकीय अधिवक्ता मिश्र व थाने के विवेचनाधिकारी की कड़ी पैरवी के बाद दोषी को आजीवन कारावास की सजा व 50 हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

### गुण्डा एक्ट के तहत 04 अपराधी हुए जिला बदर

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** जनपद में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा 4 अपराधियों के विरूद्ध धारा 3(1) गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 6 माह के लिए जनपद से जिला बदर कर दिया गया है। इसके अलावा 2 व्यक्तियों को अपने सम्बन्धित थानें में प्रत्येक माह आगामी 6 माह तक उपस्थिति दर्ज कराये जाने के आदेश दिये गये हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना दरगाह शरीफ अन्तर्गत ग्राम डीहा निवासी अखिलेश वर्मा पुत्र उधम सिंह वर्मा, थाना खैरीघाट के ग्राम डिहवा दा. बकैना नि. राजेश पुत्र फकीरे गौतम, थाना रिसिया के ग्राम मकोलिया निवासी आरिफ पुत्र बज्जू उर्फ पहलवान तथा थाना मटेरा के ग्राम शंकरपुर चौराहा दा. लक्ष्मनपुर शंकरपुर नि. अल्लारख्खा पुत्र अख्तर अली को 6 माह के जिला बदर किया गया है। इसके अलावा थाना रानीपुर के ग्राम लालापुरवा दा. जिगनिया महिपाल सिंह नि. राजेश पुत्र हरिराम तथा थाना मटेरा के ग्राम मटेरा बहादुर सिंह दा. मदारागढ़ी नि. तिलकराम पुत्र कोयली को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्देश दिया गया है कि अपने से सम्बन्धित थाने में आगामी छः माह तक प्रत्येक माह उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे।

### पीड़ित ब्राह्मण परिवार को किया आर्थिक सहयोग

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद ने देवरिया के पीड़ित परिवार को किया 5 लाख का आर्थिक सहयोग अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता के प्रदेश महासचिव पंडित विशाल उपाध्याय ने बताया कि परिषद के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर गोरखपुर जिला अध्यक्ष रिटायर्ड डिप्टी एसपी शरद चंद पाण्डेय के अध्यक्षता में यह चेक प्रदान किया गया साथ ही साथ भविष्य मे उनकी अच्छा दीक्षा एवं देख रेख के लिए भी परिषद ने आश्वासन दिया !इस अवसर पर देवरिया जिला अध्यक्ष पंडित हरेन्द्र तिवारी व सूर्य प्रकाश चतुर्वेदी रजनीश पांडे राहुल मणि त्रिपाठी अवधेश मणि त्रिपाठी अजय तिवारी अजय उपाध्याय शक्तिधर पांडे वरुण तिवारी तारकेश्वर मणि त्रिपाठी आनंद मिश्रा संतोष मणि त्रिपाठी सुनील पांडे धनंजय द्विवेदी कैप्टन द्विजेंद्र पांडे सुधाकर मिश्र संदीप पांडे दीपक शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे इस अवसर पर परिषद ने स्थल पर मौजूद वर्तमान देवरिया सदर के विधायक शलभ मणि त्रिपाठी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया कि वह इस दुख की स्थिति में परिवार के साथ डटे रहे।

# मिशन शक्ति फेज 04 का किया गया शुभारंभ

* डीएम-एसपी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**







शारदीय नवरात्र के अवसर पर मिशन शक्ति फेज 04 का शुभारम्भ किया गया। जनपद के ड्रमंड कॉलेज में हुए शुभारंभ के अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। रैली मे पी आर वी, स्कूटी, चार पहिया वाहन एवं दो पहिया वाहन से साथ ही स्कूली बच्चों, आँगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, महिला पुलिस बीट ने पैदल भव्य रैली को जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार एवं पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाई गई। यह रैली ड्रमंड विद्यालय से गाँधी प्रेक्षा गृह, खखरा, नक्टादाना चौराहा होते हुए गाँधी प्रेक्षा गृह तक संपन्न हुई। गांधी प्रेक्षागृह मे उपस्थिति अधिकारियों ने स्कूली छात्राओं एवं आगनवाड़ी कार्यकत्रियों को अपने विभाग से सम्बंधित सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, वन स्टॉप सेंटर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ , पोषण अभियान, अन्ना के बारे मे जानकारी दी गई। पुलिस विभाग द्वारा 112,1090 वुमनपावरलाइन,1930 साइबर अपराध, 1098 चाइल्ड लाइन, 181 आदि की जानकारी दी गई। गाँधी प्रेक्षा ग्रह में मुख्यमंत्री सजीव प्रसारण द्वारा मिशन शक्ति फेज 4 का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ के पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित महिला जनप्रतिनिधि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ0 आस्था अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख सभ्यता वर्मा , जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता, परियोजना अधिकारी डूडा जाया, पुलिस विभाग की महिला अधिकारियों साह महिला थाना, साह गजरौला, महिला प्रकोष्ठ की सब इंस्पेक्टर को मा0 विधायक प्रवक्ता नन्द, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति की मिसाल को पुष्प एवं शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में विधायक प्रवक्ता नन्द, नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, जिलाधिकारी महोदय, पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा, कार्यक्रम अधिकारी, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं पुलिस विभाग की टीम, महिला कल्याण विभाग, जी0जी0आई0सी0 एवं अवन्तिबाई की अध्यापिकाओं एवं छात्राओं ने अपना विशेष योगदान दिया।

# अन्तिम दिन अस्थि कलशों का सामूहिक रूप से कछला घाट गंगा पर किया विसर्जन

* मुक्तिधाम पर रखी अस्थियों का सेवा समिति ने पूजा-अर्चन कर किया रवाना

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**




पितृ विसर्जन के अन्तिम अमावस्या के दिन आज शानिवार को मुक्तिधाम सेवा समिति द्वारा बिना विसृजित मुक्तिधाम स्थल पर रखी लगभग 160 अस्थि क्लशों को विधिविधान से पूजन-अर्चन करने के बाद उनका विसर्जन के लिए समिति सदस्य कछला घाट (बदांयू) के लिए रवाना हो गये। रवाना होने से पूर्व प्रदेश के गन्ना विकास एंव चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने अस्थि क्लशों पर माल्यापर्ण एंव दूध चढा कर उनका नमन किया और पूण्य आत्माओं की शान्ति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा कि मुक्तिधाम में रखी अस्थियों का विसर्जन उनके परिजनों द्वारा नही किए जाने के फलस्वरूप सेवा समिति द्वारा उनके विसर्जन का लिया गया निर्णय अति पुनीत कार्य है। उन्होनें कहा कि इस कार्य को निरन्तर करने रहना चाहिए ताकि पूण्य आत्माओं को शान्ति प्रदान हो सकें। उन्होनें मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों को इस पुनीत कार्य करने के लिए सरहना भी की। मुक्तिधाम सेवा समिति के पदाधिकारी एंव कार्यक्रम संयोजक मनोज पटेल ने बताया कि मुक्तिधाम स्थल पर लगभग 100 अस्थि कलश पिछले काफी समय से रखे हुए है जिनके परिजन अस्थि कलश लेने के लिए नही आये और न ही उनका विसर्जन हो सका। कई बार सम्बन्धितों को इस सम्बन्ध में सूचना भी दी गई लेंकिन परिजन नही पलटे। इस कारण मुक्तिधाम सेवा समिति ने रखे हुए अस्थि कलशों का विधिविधान से पूजन-अर्चन कर उनका विसर्जन कछला घाट स्थित गंगा में किये जाने का निर्णय लिया गया जिसके क्रम में आज पितृ विसर्जन के अन्तिम दिन अमावस्या पर अस्थि कलशों का विसर्जन करने से पूर्व दसवां स्थल पर हवन पूजन किया गया। इसके बाद अस्थि कलशों को कछला घाट ले जाया गया। जहाॅ विधिविधान से अस्थि कलशों का गंगा में विसर्जन कर दिया गया।

दसंवा स्थल पर अस्थि कलश गंगा ले जाने से पूर्व हुए हवन-पूजन कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्री गंगवार के अलावा मुक्तिधाम सेवा समिति के पदाधिकारी सचिव देवेश बंसल, परमजीत सिंह सैहमी, अभिषेक सिंह गोल्डी, तेजबहादुर गंगवार, संजीव शुक्ला, कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा, अमरीश मिश्रा उर्फ अम्बू, गुडडू त्रिपाठी, ओमकार मौर्य सहित मुक्तिधाम सेवा समिति के पदाधिकारीगण एंव गणमान्य नागरिक गण मौजूद रहें।

# जिलाधिकारी के निर्देशों पर परिवहन विभाग द्वारा की गई बड़ी कार्रवाई

* 6 ओवरलोड वाहन सीज एवं 8 के विरुद्ध चालान, वसूले 3.54 लाख

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**




विगत दिनों से विशेषता मिट्टी एवं मौरंग के ओवरलोडिंग परिवहन की शिकायतें आ रही थी जिसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा ऐसी वाहनों के विरुद्ध प्रभारी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे जिसके अनुपालन में एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा मध्य रात्रि से सुबह तक विशेष चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें पीलीभीत बीसलपुर रोड एवं पीलीभीत बरेली रोड पर चेकिंग अभियान चलाने के दौरान चुर्रा सकतपुर चौकी के पास तीन वाहन ओवरलोड संचालित होते पाए गए, जिनको बीसलपुर थाने की शुगर मिल चौकी में सीज किया गया। इसी प्रकार हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट ना लगे संचालित होते तीन वाहनों के विरुद्ध चालान, बिना टैक्स एवं फिटनेस के संचालित होते पाए गए तीन वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई, रिफ्लेक्टिव टेप ना लगे संचालित होते पाए गए दो वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। इस प्रकार ओवरलोडिंग करते 6 वाहनों के विरुद्ध सीज की कार्रवाई एवं आठ वाहनों के विरुद्ध अन्य अभियोगों में चालान की कार्रवाई की गई जिससे 354000 प्रशमन शुल्क वसूला गया।

## कोतवाली पुलिस ने टैम्पो चालक व सबारी को एक चाकू व तमंचा में भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस/बीसलपुर।** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान टैम्पो को रोकना चाहा लेकिन टैम्पो चालक भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर चालक को पकड़ लिया। जामा तलाशी लेने पर चालक व उसमें बैठी सबारी के पास से एक 315 बोर तमंचा व एक चाकू बरामद कर दोनों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है। मोहल्ला पीपल सादा चौधरी बरेली निवासी सुनील कुमार पुत्र सोमपाल व इटउआ बरेली निवासी जगतपाल पुत्र ओमप्रकाश टैम्पो द्वारा बीसलपुर की तरफ आ रहे थे। तभी भड़रिया मोड़ पर पुलिस ने टैम्पो को रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक टैम्पो लेकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर टैम्पो रोक लिया। तलाशी लेने पर जगतपाल के पास से 315 बोर तमंचा व एक जीवित कारतूस, सुनील कुमार से एक चाकू करामद किया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है।

# आधा दर्जन युवकों को विदेश में रोजगार दिलाने के नाम पर लाखों रुपयों की ठगी

* कोतवाली पहुंचकर पुलिस से की शिकायत
* विदेश से बापस घर पहुंचे युवकों ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** आधा दर्जन योग को को विदेश में भेज कर रोजगार दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी कर ली गई। युवकों को विदेश में भेज कर जंगलों में छोड़ दिया गया। विदेश से बापस घर पहुंचे युवकों ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव कजाखेड़ा निवासी राजीव सिंह, आशाराम,दिनेश, सोमवती व सबलपुर निवासी राजकुमार,खीरी नौवरामद निवासी रवि कुमार इन सभी ने शनिवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को दिए शिकायती पत्र मे बताया। कि कजाखेड़ा निवासी अवधेश कुमार और उसके भाई ने सभी को मलेसिया मे अच्छा रोजगार दिलाने की बात कहकर एक युवकों से दो लाख रुपये लिए थे। इस दौरान अवधेश ने सभी को जयपुर से बिना बीजा के थाइलैंड भेजकर कहा, तुम्हे बहा से मलेसिया का वर्कबीजा मिल जाएगा, पर सभी को जंगल के रास्ते मलेसिया पहुंचाकर जंगल में छोड़ दिया। और अपने मोबाइल फोन भी बंद कर लिए, सभी के पासपोर्ट भी अपने पास जमा कर लिए। जंगल में मलेसिया पुलिस ने सभी को पकड़कर बंद कर दिया , तीन दिन तक सभी को जेल में बंद कर दिया । उसके बाद सभी युवक किसी तरह से एक लाख रुपए और खर्चे कर अपने घर पहुंचे। पीड़ित युवकों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

# कढैरचौरा गांव में 15 दिनों में आठ लोगों की बुखार से मौत

* स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा कैंप लगाकर लोगों की जांच कर दवाइयां की वितरण

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



**पूरनपुर।** डेंगू की कहर से एक ही गांव में 15 दिनों के अंदर आठ लोगों की मौत हो गई, शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कैंप लगाकर जांच कर लोगों को दवाइयां वितरण की। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव कढेर चौरा में डेंगू का कहर जारी है। 15 दिनों में आठ महिलाओं की मौत हो चुकी है। इसको लेकर क्षेत्र मे डेंगू बुखार की दहशत कायम है। शिकायत के बाद शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा कैंप लगाकर लोगों की जांच कर दवाइयां वितरण की गई। एक दिन पूर्व गांव में ममता पत्नी सत्यपाल उम्र 45 वर्ष और जसोदा देवी उम्र 38 वर्ष की मौत हो गई थी। वही गांव निवासी प्रेमा देवी उम्र 35 वर्ष,उषा देवी उम्र 35 वर्ष, रामश्री उम्र 40 वर्ष, शकुंतला देवी उम्र 60 वर्ष, सोमवती उम्र 40 वर्ष इन सभी महिलाओं को बुखार आने के बाद 15 दिनों में मौत हो चुकी है। ग्रामीणों में डेंगू को लेकर दहशत बनी हुई है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सरकारी जमीन पर बनाये जा रहे मकानों को किया गया ध्वस्त

जन एक्सप्रेस/जौनपुर । जफराबाद क्षेत्र के रसूलपुर गांव में बंजर जमीन पर बनाये जा रहे दो मकान को प्रशासन ने जेसीबी से गिरवा दिया ।हालांकि जिनका मकान गिराया गया उन्होंने प्रशासन पर जबरदस्ती का आरोप लगाया है। ऊक्त गांव निवासी दुर्गावती देवी पत्नी बबलू निषाद ने एसडीएम सदर के कोर्ट में मुकदमा दर्ज करके गांव के ही अच्छेलाल निषाद व पंचम निषाद पर आरोप लगाया था कि ने सरकारी जमीन में पक्का मकान बना रहे है ।एसडीएम के आदेश पर लेखपाल बलवंत सिंह ने जमीन की पैमाइश किया ।जमीन सरकारी खाते की थी ।उन्होंने अपनी रिपोर्ट एसडीएम सदर तथा तहसीलदार सदर को दिया ।उन्होनें दोनो लोगो को घर नही बनाने का निर्देश दिया ।पुलिस भी कई बार जाकर उन्हें रोकी ।वे नही माने ।जिसपर एसडीएम सदर के आदेश पर नायब तहसीलदार अजित कुमार जायसवाल ने लेखपाल तथा पुलिस बल के साथ जाकर निर्माणाधीन दोनो मकान को जमीदोंज कर दिया।
उधर दोनो परिवार के लोगो का कहना है कई पीढ़ी से वे लोग इसी जमीन पर मड़हा बनाकर रहते आये है ।उनके पास कोई और जमीन नही है ।अब वे बेघकर हो गए है ।मंजू देवी तथा लालमनि देवी ने बताया कि कमिश्नरी से हम लोगों के पक्ष में फैसला आ गया है ।उसे भी प्रशासन नही माना और हम गरीबो का बनाया जा आशियाना तोड़ दिया।

### चोरों के हौसले बुलंद अंकुश लगाने में नाकाम पुलिस

जन एक्सप्रेस/जौनपुर । सुजानगंज थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। पिछले एक सप्ताह में करीब आधा दर्जन भैंस चोरी हो गई है। अब एक गांव के पंचायत भवन से कंप्यूटर, प्रिंटर, सी सी कैमरा के सामान बीती रात चोर चुरा ले गए। शनिवार को भैसहारामपुर (पे्मकापूरा) गांव निवासी विनोद कुमार पांडे ( ?बाबा) ने थाने पर तहरीर दी जिसमे बताया कि उनके गांव में पंचायत भवन से चोर सारा समान उठा ले गए। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से जनता परेशान हो गयी है। थाना पुलिस ऐसी घटनाओं पर खाना पूर्ति करते हुए चोरों पर अंकुश लगाने में नाकाम होती दिख रही है ।अभी कुछ दिन पूर्व ही ग्रामीणों ने बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए उपजिलाधिकारी मछलीशहर को भी पत्र सौंपते हुए चोरों पर नकेल कसने का निवेदन किया था ।पर चोरी की घटनाओं में कमी की जगह आये दिन घटना बढ़ रहे है ।चाहे वह घटना यूको बैंक से महिला द्वारा 25000 हजार निकाल कर ले जाते चोरों द्वारा छीन लिया गया अथवा भुईधरा ग्राम सभा निवासी तिवारी का समरसेबुल पर चोरों ने हाथ साफ कर दिए। दश दिन बीतने के बाद भी थाना अध्यक्ष सुजानगंज के द्वारा किसी भी घटना का खुलासा न कर पाने से क्षेत्रीय जनता थाना अध्यक्ष सुजानगंज की कार्य शैली पर सवालिया उंगली उठाने लगे हैं ।थानाध्यक्ष मुंतज़िर हुसैन ने बताया प्रार्थना पत्र मिला है जिसकी जांच की जा रही है।

### जर्जर भवन का खिड़की दरवाजा उठा ले गए चोर

जन एक्सप्रेस/जौनपुर । खुटहन थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सुइथाखुर्द का जर्जर हो चुके भवन का शुक्रवार की रात खिड़की दरवाजा तक उखाड़ ले गए चोर। घटना की जानकारी सुबह होने पर प्रधानाध्यापक जेपी यादव ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। वर्षों पूर्व उक्त विद्यालय जर्जर की श्रेणी में आ जाने के बाद इसमें पठन पाठन बंद कर दिया गया। बच्चे खेलने के चक्कर में इसमें न जायें इसको लेकर प्रधानाध्यापक ने भवन का दरवाज़ा बंद कर ताला लगा दिया था। शुक्रवार की रात चोरों ने दो दरवाजा और छह खिड़कियां पार कर दिया।

### नारी सशक्तिकरण दिवस पर प्रभात फेरी कर बच्चों ने किया जागरूक

जन एक्सप्रेस/जौनपुर । नारी सशक्तिकरण दिवस पर शनिवार को क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों के बच्चों ने प्रभात फेरी कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। इस दौरान बच्चे मिशन शक्ति के स्लोगन भरे तख्तियों के साथ नारे भी लगाते दिखे। इस कड़ी में खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार वैश्य के कुशल पर्वेक्षण में कम्पोजिट स्कूल रामनगर में प्रभारी प्रधानाध्यापक देवेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में बच्चों ने प्रभात फेरी कर लोगों को जागरूक किया। वहीं उच्च प्राथमिक स्कूल चेतरहा में प्रभात फेरी के पश्चात राकेश कुमार की देखरेख में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इंग्लिश मीडियम सदरुद्दीनपुर में बच्चों के हाथ में एक से बढ़कर एक मिशन शक्ति की सफलता के लिए स्लोगन भरे नारे दिखे। इसी कड़ी में जहरुद्दीनपुर, बसौली, सलेमपुर स्कूलों में बच्चे ध्वज और स्लोगन भरे तख्तियों के साथ प्रभात फेरी निकाल लोगों को जागरूक किया।



# विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने प्रधानों के साथ निकाली अमृत कलश यात्रा

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

बदलापुर विधायक रमेशचंद्रमिश्र ने आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विकास खंड बदलापुर में आयोजित कलश यात्रा में उपस्थित होकर शहीद परिवार एवं सैनिक गणों को सम्मानित किया।साथ ही नारी वंदन पारितअधिनियम नारी वंदन महिला सम्मेलन में शामिल हुआ। विधायक ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी की सरकार में सनातन संस्कृति और धर्म का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। पूर्व की सरकारों में चिन्हित शहीदों और स्वतंत्रतासेनानियों को ही सम्मान मिलता था। जबकि देश की आजादी के पीछे कयी अमरशहीद सपूतों के प्राणों की आहुति देने की गाथा छिपी हुयी थी। आज कलश में एकत्रित की गयी एक एक चुटकी मिट्टी,भारत माता के अमरसपूतों के बलिदानों का अंश है।आज ऐसे में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद करने का यह महत्वपूर्ण समय हैजो इतिहास के पंन्रों से छूट गये हैं।गुमनाम शहीद का नाम अब इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा यह क्षेत्र का सौभाग्य होगा। ततपश्चात विधान परिषद सदस्य निर्मला पासवान ने कहा कि कार्यक्रम से युवा पीढ़ी स्वतंत्रता सेनानी व शहीदों के योगदान के बारे में जानकारी प्राप्त कर सीख लेंगी।कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व शहीदों के परिजनों को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य निर्मला पासवान, जिला महामंत्री सुनील तिवारी, रागिनी सिंह, डीडीओ, बीडीओ, एबीएसए सहित समस्त ग्राम सभा के प्रधान सेक्रेटरी मौजूद रहे।



## जल जीवन मिशन विभाग द्वारा खोदी गई सड़क में गिरकर घायल हो रहे ग्रामीण, आक्रोशित लोगों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के धर्मापुर ब्लॉक के गोविंदपुर मनिहा गांव में बी डी इंटर कॉलेज के सामने जल जीवन मिशन द्वारा सड़क को एक तरफ से दूसरी तरफ पाइप डालने के दौरान लगभग 4 फीट चौड़ाई में सड़क को खोद दिया गया था। आरोप है की पाइप डालने के बाद कार्यदाई संस्था ने उसे मिट्टी डालकर पाट दिया गया था। बरसात होने के बाद उक्त मिट्टी बैठ गई तथा वहां पर काफी गहरा गड्ढा बन गया जिसमें रोज बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं। इससे आक्रोशित ग्रामीण विनय सिंह, संजय पाठक, विवेक पाठक, धनंजय सिंह, लाठे, सुरेंद्र सिंह, बिसई, राजेंद्र राजभर, रामफेर राजभर, रामजस, शैलेंद्र इत्यादि ने शनिवार को उक्त स्थान पर प्रदर्शन कर विरोध जताया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही संस्था के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की जाएगी। इस संबंध में पूछे जाने पर लोक निर्माण विभाग के एक्सियन राजेश राव ने बताया कि जिस संस्था द्वारा सड़क खोदी गई है उसे बनाने की जिम्मेदारी उसी की है। फिलहाल मेरे पास खोदी गई सड़कों को बनवाने का बजट मौजूद नहीं है।

# मिशन शक्ति जागरुकता रैली को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण विशेष अभियान के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु आगामी शारदीय नवरात्र के पर्व पर महिला पुलिस कर्मियों, डायल-112 तथा महिलाओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गयी।जागरूकता रैली को जिलाधिकारी अनुज कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक जौनपुर डा0 अजय पाल शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ/रवाना किया गया। जागरूकता रैली पुलिस लाइन जौनपुर से प्रारम्भ होकर शहर में विभिन्न स्थानों से होते हुए शाही किला पर समापन हुआ। मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के तहत निकाली गयी जागरूकता रैली के माध्यम से बालिकाओं तथा महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मा0 राज्यमंत्री खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार श्री गिरीश चंद यादव, एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंशु, नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्य एवं अन्य सम्मानित जन-प्रतिनिधिगण व जनपद की सम्मानित जनता उपस्थित रहें। इसके उपरांत प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालम्बन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर संचालित ÷मिशन शक्ति÷ के विशेष अभियान (फेज-04) का शुभारम्भ आज लोक भवन, लखनऊ में मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर मिशन शक्ति अभियान के चतुर्थ चरण के अंतर्गत मा0 मुख्यमंत्री जी एवं मा0 मंत्री महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग श्रीमती बेबी रानी मौर्या द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को अंगवस्त्रम एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद के एन0आई0सी0 में जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा, मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह, एसीएमओ राजीव, जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार पांडेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल, महिला विभाग जिला समन्वयक प्रतिभा सिंह, बबिता, एडीआईओएस उपस्थित रहे।

# देवाकलपुर गांव के बासफोर बस्ती में पहुंचीं एसडीएम नेहा मिश्रा

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

* डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव कराने का दिया निर्देश
* बस्ती के लोगो के साथ कोई घटना न घटे, इसलिए रात्रि में हर रोज गश्त करने का भी चौकी प्रभारी को दिया निर्देश

एसडीएम केराकत नेहा मिश्रा ने मुफ्तीगंज ब्लॉक क्षेत्र के देवाकलपुर गांव के बासफोर बस्ती का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बस्ती के सभी लोगो से आवश्यक बिंदुओं पर जानकारी ली तथा बीडीओ को बस्ती में एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव कराने का निर्देश दिया। एसडीएम केराकत शनिवार को मुफ्तीगंज के देवाकलपुर गांव के बासफोर बस्ती में पहुच गई। उन्होंने बस्ती में रह रहे महिलाओं से व परिवार के मुखिया से जानकारी ली। एसडीएम ने बस्ती के लोगो के लिए बीडीओ मुफ्तीगंज को एंटी लार्वा दवा का छिड़काव करने का निर्देश दिया। तथा लेखपाल को बस्ती में पहुचकर जानकारी लेने का निर्देश दिया। एसडीएम नेहा मिश्रा ने चौकी प्रभारी मुफ्तीगंज युगल किशोर राय को उनकी सुरक्षा के लिए मध्य रात्रि में पुलिस की गश्त करने का निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम नेहा मिश्रा ने बस्ती के छोटे छोटे बच्चो को भी अपनी गोद मे लिया। एसडीएम नेहा मिश्रा ने बताया कि बस्ती के लोग रेलवे लाइन के किनारे रह रहे हैं। उन्हें सावधानी बरतने के बारे में समझाया गया तथा पुलिस को भी बस्ती में नियमित रूप से गश्त करने का निर्देश दिया गया। जिससे इन बस्ती के लोगो के साथ किसी प्रकार की कोई घटना न घट सके।



# अलग-अलग थाना क्षेत्रों में युवती व विवाहिता समेत छह के फंदे से लटके मिले शव


* सदर, दही, बांगरमऊ, पुरवा, बेहटामुजावर व असोहा थाना क्षेत्रों की घटनाएं
* दो मामलों में परिजनों ने हत्या कर शव लटकाने के लगाए आरोप



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में दो महिलाओं समेत छह लोगो के शव संदिग्ध हालातों में फंदे से लटके मिले। घटना की जानकारी पर पहुंची इलाकाई पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दो घटनाओं में हत्या कर शव फंदे से लटकाए जाने के आरोप लगाए गए हैं। जबकि एक घटना में परिजनों ने बिना पुलिस सूचना के ही अंतिम संस्कार कर दिया। मामले बेहटा मुजावर, बांगरमऊ, दही, सदर, पुरवा व आसोहा थाना क्षेत्रों के हैं।

### केस एक



मृतक दीपक का फाइल फोटो

सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुर्मिनखेड़ा निवासी दीपक पटेल (26) पुत्र प्रमोद वर्मा का शव कमरे के अंदर पंखे के कुंडे में रस्सी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पिता ने बेटे के आत्म हत्या करने की लिखित सूचना दी है। वहीं मृतक की सौतेली मां अनीता के मुताबिक दीपक की मां गुड्डी का तकरीबन 20 साल पहले निधन हो गया था। जिसके बाद प्रमोद पटेल ने उससे शादी की थी। उसके बाद दो बेटी शिल्पा और गुड्डी हुईं। सौतेली मां का आरोप है कि दीपक उस पर गंदी नजर रखता था और शादी का दबाव बना रहा था। गुरुवार को पति मजदूरी करने चले गए तो उसने काफी परेशान किया। इस पर सुतिया तारा चौकी शिकायत करने चली गई। पुलिस के डर से उसने कमरा अंदर से बंद कर फंदे से लटककर जान दे दी। पुलिस जब साथ आई तो देखा दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला गया। वहीं मृतक की आरती पत्नी दिलीप निवासी विजयखेड़ा तालकटोरा लखनऊ ने संपत्ति के लिए सौतेली मां पर हत्या करने का आरोप लगाया है। उसने पुलिस को इस संबंध में तहरीर देने की बात कही है। कोतवाल अश्वनी मिश्र ने बताया कि युवक का शव मिला है। सौतेली मां के आरोप के बाद पोस्टमार्टम कराया गया है। अभी कोई और तहरीर नहीं आई है।

### केस दो



लक्ष्मी चंद्र का फाइल फोटो

पुरवा कोतवाली के अंतर्गत ग्राम हभूषा निवासी लक्ष्मीचंद्र उर्फ राहुल (25) पुत्र रमेश चंद्र का शव शनिवार सुबह खेत जा रहे ग्रामीणों ने गांव के बाहर आम के पेड़ पर प्लास्टिक की रस्सी से लटका देखा तो हड़कंप मच गया। मृतक के बड़े भाई उमेशचंद्र ने बताया कि लक्ष्मीचंद्र महाराष्ट्र के नासिक में शटरिंग का का काम करता था। गुरुवार को उसने फोन कर घर आने की बात कही थी। शुक्रवार भोर पहर करीब चार बजे वह घर भी पहुंच गया। सुबह खाने खाकर गांव स्थित कुटी मंदिर पर जाने की बात कहकर निकल गया। उसके बाद घर नहीं लौटा। बाद में उसका शव लटकने का पता चला। उमेशचंद्र के मुताबिक लक्ष्मीचंद्र को दो साल पहले मुंबई में मानसिक दिक्कत हुई थी। उसका इलाज भी चल रहा था। जबकि गांव में चर्चा है कि किसी से फोन पर बात करने के बाद उसने यह कदम उठाया। मृतक तीन भाईयों में दूसरे नंबर का था। बेटे की मौत से मां कमला, बहन सरिता, भाई भानुप्रताप और उमेश जो कि कानपुर में बाइक मिस्त्री हैं सभी बेहाल हैं। परिजनों ने मानसिक बीमार होने की बात कही है। मोबाइल उसके पास नहीं मिला है। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### केस तीन



राजकुमार का फाइल फोटो

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हादीदादपुर में युवक का शव गांव के बाहर नीम के पेड़ा पर गमछे से लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पता चला शव थाना बेहटामुजावर के गांव ब्योली इस्लामाबाद के मजरा धुरंधरखेड़ा निवासी राजकुमार पासवान (35) का है। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के भाई उमेश और अनिल कुमार मौके पर पहुंचे। देखा भाई का मोबाइल उसकी चप्पलें बीस मीटर दूर पड़े मिले। मृतक के बड़े भाई उमेश कुमार ने बताया कि राजकुमार की पत्नी विमला देवी छह अक्तूबर की सुबह अचानक लापता हो गई थी। भाई ने सात अक्तूबर को बेहटामुजावर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। विमला के लापता होने की सूचना पर आसीवन थानाक्षेत्र के गांव कुलहा निवासी उसके भाई ओमपाल और वीरू आए थे और बहन की हत्या कर शव गायब करने का आरोप लगा रहे थे। बहन के न मिलने पर भाई राजकुमार को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। इससे वह मानसिक तनाव में था। इसी के चलते उसने फंदे से लटककर जान दे दी। फंदे पर लटका मिला युवक राजमिस्त्री था। उसी से परिवार का पालन पोषण करता था। तीन बच्चों में दो बेटे और एक बेटी है। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। परिजनों ने ससुराली जानो पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है।



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन

### केस चार

बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव अवस्थीखेड़ा निवासी राजकुमार यादव (25) का शव पड़ोसी गांव गढ़ा के पास आम की बाग में गमछे से पेड़ के फंदे पर लटका मिला। मृतक के बड़े भाई राजेश ने बताया कि शुक्रवार शाम खाना खाने के बाद वह दोस्त से मिलने जाने की बात कह निकला था। उसके बाद घर नहीं लौटा। शनिवार भोर पहर उसका शव फंदे से लटका होने की जानकारी मिली। भाई के मुताबिक वह खेती में हाथ बंटाता था। कुछ दिन पहले कई नींद की गोली एक साथ खा ली थी। इससे उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था। लखनऊ में इलाज भी चल रहा था। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पांच भाई बहनों में चौथे नंबर का था। बेटे की मौत से मां प्रेमवती, पिता हरिपाल सहित अन्य परिजन बेहाल हैं। थानाध्यक्ष फूल सिंह ने बताया कि परिजनों ने सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### केस पांच

दही थाना क्षेत्र के झंझरी गांव निवासी नीतू 22 पुत्री संतोष राठौर ने बीती देर शाम के घर के अंदर पंखे में दुपट्टे के सहारे फंदे से लटक कर जीवन लीला समाप्त कर ली। पिता संतोष ने बताया कि अविवाहित बेटी शुगर की मरीज थी। पैर में हुआ जख्म ठीक होने के बजाय लगातार बढता जा रहा था जिससे आहत होकर उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। एसओ दही अनुराग सिंह ने बताया झंझरी गांव में युवती ने फांसी लगा कर जान दे दी है। पिता की सूचना पर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई गयी है।

### केस छह

असोहा थाना अंतर्गत के गिलशहामऊ निवासी अजीत कुमार रैदास की पत्नी प्रियंका गौतम (30) का शव संदिग्ध हालातों में घर के अंदर छत के कुंडे से बंधे दुपट्टे के फंदे से लटका मिला। पति अजीत कुमार का कहना है कि रात में बच्चों की पिटाई करने पर पत्नी से उसकी कहासुनी हुई थी। इसके बाद व पिता को खाना देने चला गया। वहीं से वह शौंच के लिए निकल गया। वापस लौटने पर कमरा अंदर से बंद मिला आवाज लगाने पर कोई जवाब नहीं मिला। धक्का मारने पर कमरा खोला तो प्रियंका छत के कुंडे से दुपट्टे के फंदे से लटकी मिली। आनन फानन उसे उतार कर मोहनलाल गंज के एक निजी नर्सिंग होम ले गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका अपने पीछे दो वर्ष की अनन्या व एक वर्षीय बेटे कार्तिकेय को छोड़ गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सूचना पर पहुंची मृतका की मां निवासी दरियारखेड़ा थाना खीरो जनपद रायबरेली ने को तहरीर देते हुए दहेज के लिए बेटी को मार डालने का आरोप लगाया है। उसने बताया चार साल पहले ही बेटी की शादी की थी। जिसके बाद से ससुर ब्रह्मानंद, ननद रामश्री व पति अजीत आए दिन दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। कोतवाल ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया की प्रार्थना पत्र मिला है जांच की जा रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

* रिश्तेदार के अंतिम संस्कार से लौटते समय माखी थाना क्षेत्र में हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

माखी थाना क्षेत्र में बीती रात बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी से परिजनों में कोहराम मच गया है। माखी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। आसीवन थाना क्षेत्र के राजेपुर ग्रंट भेड़हाखेड़ा निवासी कौशलेंद्र उर्फ करिया (36) पुत्र छोटेलाल मुखिया शुक्रवार को माखी थाना रऊ गांव निवासी रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने गया था। वहां से देर शाम वह बाइक से वापस घर लौट रहा था। तभी हरदोई मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास उसे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। घर न पहुंचने पर उसे खोजने निकले परिजनों को हादसे में उसकी मौत की जानकारी मिली। कौशलेंद्र की मौत पर मां शहजादी, पत्नी गीता, सात बच्चों वंदना, आरोही, पायल, पवन, सुमित व साजन रो रोकर बेहाल है।

**दो दिन पहले ही जेल से छूटा था कौशलेंद्र**

मृतक की मां शहजादी ने बताया कि डेढ माह पूर्व पड़ोसी से नाली को लेकर बेटे का झगड़ा हुआ था। जिस पर विपक्ष के लोगों ने पुलिस से सांठगांठ कर कौशलेंद्र को गांजा बरामद करते हुए एनडीपीएस एक्ट के जेल भेज दिया था। गुरूवार को ही वह जमानत पर जेल से छूटा था।

## सड़क पार कर रहे मजदूर को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ चौराहे के पास बीती देर शाम सड़क पार कर रहे मजदूर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां हालत गंभीर देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां लाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बिना पुलिस सूचना के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के नसीमगंज मोहल्ला निवासी का बेटा लाल मोहम्मद (22) पुत्र मुन्ना आसरा कालोनी में रहता था। घर की आर्थिक स्थिति ठीक न होने से वह लखनऊ चौराहे के पास एक होटल में मजदूरी करता था। शुक्रवार देर शाम वह किसी काम से चौराहा पार कर रहा था। तभी हरदोई की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस को सूचना दिए बिना परिजन शव घर लाए और शव दफन कर दिया। मृतक के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। एक भाई पीर मोहम्मद पैर से दिव्यांग है। होटल के सामने ही चाय की दुकान थी। उसी में वह चाय पीने के लिए जा रहा था। उसने बताया कि आसपास के लोगों ने बताया कि बाइक से टक्कर हुई थी। उसमें तीन लोग बैठे थे। कोतवाल ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों ने कोई सूचना नहीं दी है। शव दफन कर दिया गया है। जांच की जा रही है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पांव फिसलने से वृद्धा की तालाब में डूब कर हुई मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के केदारखेड़ा मजरे रामाअमरापुर में निवासी रामकली (75) पत्नी स्व. प्यारे बीती देर रात शौच के लिए घर के पीछे स्थित तालाब पर गयी थी। जहां पांव फिसलने से तालाब में गिर गयी और डूब कर उसकी मौत हो गयी। सुबह वृद्धा को चारपाई से गायब देख परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो उसका शव तालाब में उतराता मिलने से परिजनों में हड़कंप मच गया। मृतका के बेटे राम स्वरूप की सूचना पर पहुंचे इंस्पेक्टर शिवपाल सिंह ने पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के दो बेटे राम स्वरूप व राम सनेही है। एसडीएम उदित नारायण सेंगर ने बताया कि दैवीय आपदा व कृषक दुर्घटना बीमा के तहत मृतका के परिजनों को साहायता राशि दिलाई जाएगी।

### पितृपक्ष के अंतिम दिन गंगातट पर पितरों को किया तर्पण

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। पितृपक्ष के अंतिम दिन सुबह से ही गंगातट पर लोगों की भीड़ रही इस दौरान पितरों को तर्पण करने के बाद उन्हें श्रद्धा भाव से तट पर बैठे पंडों ने विधि विधान से पूजा करवाई और पिंडदान भी कराया। जहां बालू घाट, पक्के घाट, गंगा बैराज, चन्दन घाट, आनंद घाट, शिव पंडा घाट, गंगा विशुन घाट आदि गंगातटों पर पितंरो कों तर्पण करने वालो का तातां लगा रहा पन्डों ने विधि-विधान से पितरों का तर्पण कराने के साथ उन्हें गंगाजल से अर्पण किया। पितृपक्ष में पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध करने की विधि में अंतर होता है। इसलिए इसे एक नहीं समझें। पितृपक्ष में मृतक परिजनों को श्रद्धापूर्वक याद करने को श्राद्ध कहते हैं। पिंडदान का अर्थ, भोजन दान करने से है। इसका अर्थ है कि,हम पितरों को पितृपक्ष में भोजन दान दे रहे हैं। वहीं तर्पण का अर्थ जल दान से है। हाथ में जल, कुशा, अक्षत, तिल आदि लेकर पितरों का तर्पण किया जाता है।

### अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। सुबह से नही नगर के घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। जहां श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर दूध, घृत, शहद, अक्षत, रोली, चंदन, पुष्प, सुगंध, धूप, दीप व नैवेद्य आदि समर्पित कर पतित-पावनी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। उनसे सुख और समृद्धि की कामना की। मिश्रा कालोनी घाट, गंगा बिशुन घाट, शिव बाबा घाट, आनंद घाट, पुल के नीचे बने घाट व चंदन घाट पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। भोर पहर से ही श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान प्रारंभ कर दिया। श्रद्धालुओं ने गंगा के घाटों और तटों पर भगवान सत्य नारायन की कथा सुनी व प्रसाद बांटा। इसके साथ ही घाटों पर सत्यनारायण की कथा सुनी। इसके साथ ही घाटों के आस पास लगी दुकानों में भी श्रद्धालुओं ने खरीददारी की। वहीं शाम के समय नित्य गंगा आरती सेवा समिति की ओर से मां गंगा की महाआरती का आयोजन किया।

### फोरलेन सब्जी मंडी तक वाहनों की लगी लंबी कतारें

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। शनिवार सुबह करीब दस बजे गायत्री मंदिर की ओर से एक ट्रैक्टर ट्राली निकल रही थी। जिससे नवीन पुल मोड़ के पास फंस गई। जिससे शुक्लागंज से कानपुर जाने वाले सैकड़ों वाहनों के पहिये थम गये और जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में नवीन पुल पूरी तरह से ठंसाठंस वाहनों से भर गया। इधर फोरलेन सब्जी मंडी तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। वहीं पोनी रोड, मनोहर नगर, शक्ति नगर के रास्ते पर भी जाम लग गया। भीषण जाम लगा होने के बावजूद पुलिस नदारत रही। जाम में फंसे लोगों ने सोशल साइटों पर जाम की फोटो डाली। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद जाम हट सका। जाम में कई एम्बुलेंस भी फंसी रही। जिससे उसमें लेटे मरीज भी बिलबिला उठे।

### मां से झगड़ने के बाद बेटे ने लगाई फांसी

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। कंचन नगर बी निवासी स्व0 मुन्नीलाल शर्मा का 31 वर्षीय बेटा अनुज शर्मा अपनी पत्नी प्रीती, मां बिट्टन देवी के साथ रहता था। शुक्रवार रात वह नशे में धुत होकर घर पहुंचा। जहां मां से झगड़ा करने लगा और मां को घर से बाहर कर दिया। जिस पर पड़ोस में रहने वाले दूसरे बेटे दीपक शर्मा के घर चली गई। सुबह करीब छह बजे वापस लौटी। जहां दरवाजा अंदर से बंद होने पर धक्का देकर खुला। दरवाजा खुलते ही बेटे का शव फंदे पर लटका देख उसकी चीख निकल गई। चीख पुकार सुन आस पास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को नीचे उतरवाया। जिसके बाद पंचनामा भर पीएम के लिये भेजा है। युवक की मौत पर उसके परिजनों में कोहराम मच गया।

## तार चोर गैंग के चार सदस्यों को किया गिरफ्तार, लगेगा गैंगस्टर

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव



सोहरामऊ थाना पुलिस ने बनी पुलिया के पास अवैध रुप से विद्युत तार चोरी कर बेचने वाले 4लोगों को पकड़ा है। जिनकी निशानदेही पर सोहरामऊ के कबाड़ी के पास से 60 किलो तार समेत एक लोडर बरामद किया गया। थानाध्यक्ष सोहरामऊ अवधेश कुमार ने बताया कि इस माह की तीन तारीख को गोमापुर में विद्युत लाईन से तार चोरी की गई थी। मामले की जांच चल रही थी। इसी दौरान 10 अक्टूबर को दोबारा गोमापुर में 33 हजार लाईन से विद्युत तार चोरी करते समय चोरों का एक साथी अर्जुन पुत्र शिवनाथ निवासी सरायजोगा की मौत हो गई थी। जिसको छोड़कर भाग गये थे। छानबीन के बाद चार लोगो को पकड़ा गया जिसमें कल्लू पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम जोगा सराय, जितेन्द्र कश्यप पुत्र स्व0 खूटी निवासी ग्राम कांशीराम कालोनी 71/7 उन्नाव, कबाड़ी राजा पुत्र नन्दकिशोर उर्फ कल्लू निवासी ग्राम रूबी ढाबा थाना सोहरामऊ और लोडर चालक चन्द्रपाल पुत्र छेदीलाल लोध को सोहरामऊ टैम्पों स्टैंड के पास से पकड़ा और सभी और निशानदेही पर कबाड़ी के पास से 60 किलो विद्युत तार बरामद किया। थानाध्यक्ष ने बताया की सभी को अदालत में पेश किया गया है। जहां से उनको जेल भेजा गया इन लोगो पर आगे गैंगस्टर की भी कार्यवाही की जायेगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। असोहा क्षेत्र के गांव कांथा निवासी राजेंद्र (26) पुत्र स्व. जगदीश लखनऊ में मजदूरी करता था। शुक्रवार रात समय लगभग 10 बजे मजदूरी कर साईकिल से घर आ रहा था। तभी कांथा - सोहरामऊ मार्ग पर सूबेदारखेड़ा के पास अज्ञात वाहन ने साईकिल में टक्कर मार दी। ग्रामीणों के जरिए मिली जानकारी पहुंचे परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल के मेमो पर असोहा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराया है। राजेंद्र की मौत से मां निर्मला, बहन लक्ष्मी समेत परिजन रो रोकर बेहाल है।

### कानपुर लखनऊ राजमार्ग पर तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवार को किया घायल

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव

कानपुर लखनऊ राजमार्ग पर तेज रफ्तार रोडवेज बस ने एक बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक समेत युवक रोडवेज बस के नीचे चला गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को एनएचएआई की एंबुलेंस ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां युवक की हालत नाजुक देखकर चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। लखनऊ गुडंम्बा थाना क्षेत्र निवासी पुनीत शर्मा पुत्र मोहनलाल उम्र 26 वर्ष कानपुर में फर्नीचर का व्यवसाय करता है। जोकि शनिवार देर शाम कानपुर से अपने घर जाने के लिये बाइक से निकला था। इस दौरान रास्ते में अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कानपुर लखनऊ राजमार्ग पर लखनऊ की ओर जा रही बलिया डिपो की बस ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार पुनीत बाइक समेत बस के नीचे चला गया। हादसे में बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त से होकर बस में फस गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद युवक को बस के नीचे से निकाला और गंभीर हालत में नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

## आपदा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लाइफ साइंस एंड बायोटेक्नोलॉजी जनरल क्लब के अंतर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा शनिवार को आयोजित आपदा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ एसएलएसबीटी के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ.आलोक पांडे एवं मोटिवेशन सेशन डॉ.विनोद वर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर लाइफ साइंस विभाग के शोध छात्र विशाल ने अपने शोध कार्य को प्रस्तुत किया। पर्यावरण विज्ञान एवं तकनीकी के एमएससी द्वितीय वर्ष के छात्र ओंकार पाल ने पर्वतीय क्षेत्रों में होने वाले भूस्खलन से बचाव के उपाय साझा किए वही छात्र अनुराग सिंह तथा वर्षा यादव ने भूकंप के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भूकंप आने पर अपना बचाव करने के बारे में प्रियंका, दिशा, हिमांशी, श्रद्धा, संजय गोगोई प्राची, वसुंधरा एवं गौरव ने भूमिका निभाई। कार्यक्रम में डॉ.राजीव मिश्रा, डॉ.प्रमोद यादव, डॉ.मधुलिका सिंह डॉ.अखिलेश भारती, डॉ.चंद्रेश शर्मा, डॉ.द्रौपदी यादव, डॉ.अनिका सिंह, डॉ.स्वस्ति, डॉ.एकता खरे, डॉ.धर्म सिंह सहित सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### मुख्य सचिव की सराहनीय पहल का स्वागत

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष राजा भरत अवस्थी ने मुख्य सचिव के सेवानिवृत कर्मचारी के सभी देहकों का भुगतान व सम्मानपूर्वक विदाई का परिषद द्वारा स्वागत करते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति के समय विदाई समारोह केवल कर्मचारी संगठनों द्वारा ही किया जाता था वही अब शासन द्वारा शासनादेश जारी कर इसको प्रभावी ढंग से लागू करने का कदम प्रशंसनीय है। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत्ति के विदाई समारोह में ही सेवानिवृत होने वाले सेवकों को उनके सभी देयकों का भुगतान भी कर दिया जाएगा।



### सीएसए में अमृत कलश यात्रा का भव्य आयोजन




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शनिवार को अमृत कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति आनंद कुमार सिंह ने कहा कि ये कार्यक्रम लोगों में राष्ट्रीय प्रेम की भावना को विकसित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं । उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर यह अभियान अमर बलिदानियों को सम्मान और एक भारत श्रेष्ठ भारत की दिशा में सार्थक होगा। उन्होंने कहा कि मेरी माटी मेरा देश में देशभक्ति और गर्व की भावना होती है। यह वाक्य भारत के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश लेकर आता है। देश की आजादी में अपना सर्वस्व निछावर करने वाले अमर शहीदों के सम्मान में विभिन्न गांवों, शहरों से मिट्टी संग्रह कर अमर वाटिका में सम्मान के साथ रखा जाएगा। इस अवसर पर कुलपति ने सभी को पंच प्रण प्रतिज्ञा भी दिलाई। इस अवसर पर कुल सचिव डॉ.पी.के.उपाध्याय, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ.सी.एल.मौर्य, एनएसएस की कोऑर्डिनेटर डॉ.अर्चना सिंह, डॉ.रश्मि सिंह सहित सभी प्रोफेसरों और छात्राओं ने राष्ट्रगान कर वीरों को सम्मान दिया।

## भाजपाई चलाएंगे वोटर चेतना अभियान, बैठक में बनी रणनीति

जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा




केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को जिला बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि आगामी 27 अक्टूबर से मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत पार्टी वोटर चेतना अभियान शुरू करेगी। वही 29 अक्टूबर को सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद पार्टी के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मण्डल,शक्तिकेंद्र, वार्ड और बूथों के पदाधिकारी, सांसद, विधायक , विधान परिषद सदस्य,जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख,पार्षद सहित सभी जनप्रतिनिधि मतदाता पुनरीक्षण अभियान में जुटेंगे। उन्होंने कहा कि 30 अक्टूबर से 5 नवंबर और 25 नवंबर से 3 दिसंबर तक घर-घर संपर्क का विशेष अभियान चलाया जाएगा। सभी जनप्रतिनिधि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में मतदाता बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर 100 और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बीस हजार मतदाता बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पार्टी कार्यकर्ता मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में जांच कर फर्जी बांग्लादेशी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटवाएं। बूथ सशक्तिकरण अभियान के दौरान बहुमंजिला आवासीय भवनों, नए बसे आवासीय क्षेत्र में मतदाताओं को जोड़ने पर फोकस करना है।18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में प्राथमिकता से जुड़वाने के साथ उन्हें पार्टी से जोड़ने के लिए युवा मोर्चा और महिला मोर्चा द्वारा डिग्री कॉलेजों में शिविर भी लगाए जाएंगे। उन्होंने 28 अक्टूबर को अनुसूचित सम्मेलन और महिला सम्मेलन की तैयारियों के संबंध में चर्चा कर सम्मेलन की कार्य योजना तैयार की। मनीष त्रिपाठी ने बताया कि 17अक्टूबर को वोटर चेतना अभियान की कार्यशाला क्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में होगी। जिसमे जिला प्रभारी, सांसद, विधायक,विधान परिषद सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर, ब्लॉक प्रमुख ,पार्षद सहित प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल संगठन के सभी पदाधिकारी, मौजूद रहेंगे। 18,19,20 अक्तूबर को मण्डलवार कार्यशालायें आयोजित की जाएगी। बैठक मे रामबहादुर यादव, प्रबोध मिश्रा, ज्ञानू मिश्रा, जसविंदर सिंह, गणेश शुक्ला, राजन चौहान,अर्जुन बेरिया, वंदना गुप्ता,संजय कटियार, रजनीश गर्ग, शिवपूजन सविता, विनय मिश्रा, वीरेंद्र दिवाकर, अमित मिश्रा सहित सभी मोर्चा अध्यक्ष मौजूद रहे।

# ।। शीघ्र फलदायी है माँ की नवरात्रि ।।



देवी दुर्गा, महिषासुरमर्दिनी,जगदम्बा, जगतजननी सहित अन्य कई नामो से विख्यात माँ की शारदीय नवरात्रि आज 15 अक्टूबर 2023 दिन रविवार से प्रारम्भ हो रही है। देवी उपासना का शीघ्र फलदायी समय नवरात्रि होता हैं। पूरे एक वर्ष में चार नवरात्रि होती है जिनमे प्रथम नवरात्रि वर्ष के प्रथम महीने चैत्र में होती है,दूसरी आषाढ़,तीसरी आश्विन एवं चौथी माघ में होती है। आषाढ़ एवं माघ मास की नवरात्रि गुप्त नवरात्रि है। इस नवरात्रि की जानकारी बहुत लोगो को नही होती है। वही चैत्र मास या वासन्तिक एवं आश्विन मास या शारदीय नवरात्रि काफी प्रचलित है। देवी भागवत और अन्य धार्मिक ग्रंथों में इन चारों नवरात्रि का जिक्र मिलता हैं।

दुर्गा सप्तशती में कवच स्तोत्र में नवदुर्गा का नव नाम मिलता है-

*आपसभी पाठक अपने लोकप्रिय समाचार पत्र जन एक्सप्रेस में नवरात्रि के नव दिन क्रमश: माँ के नवों स्वरूप मन्त्रादि के बारे में पढ़ेंगे। आपसभी को नवरात्रि की ढेरों शुभकामनाओं के साथ जय माता दी।*

### देवी की शक्ति

देवी शैलपुत्री मूलाधार मस्तिष्क से होते हुए सीधे ब्रह्मांड का प्रथम संपर्क सूत्र है। यदि शरीर में शैलपुत्री को जागृत कर लिया जाए, तो संपूर्ण सृष्टि को नियंत्रित करने वाली शक्ति शनै: शनै: शरीर में प्रकट हो जाती है।

### देवी को प्रिय

देवी को श्वेत रंग अत्यंत प्रिय है इसलिए इन्हें पूजन में श्वेत पुष्प, दुग्ध में बने श्वेत भोग , श्वेत वस्त्रादि अर्पित करना चाहिए।



### स्तोत्र

प्रथम दुर्गा त्वंहि भवसागर: तारणीम्।
धन ऐश्वर्य दायिनी शैलपुत्री प्रणमाम्यहम् ॥
त्रिलोजननी त्वंहि परमानन्द प्रदीयमान्।
सौभाग्यरोग्य दायिनी शैलपुत्री प्रणमाम्यहम् ॥
चराचरेश्वरी त्वंहि महामोह विनाशिनीम् ।
मुक्ति भुक्ति दायिनीं शैलपुत्री प्रणमाम्यहम् ॥



*राजीव नन्दन मिश्र*
*सरना, भोजपुर*
*(बिहार)*

*प्रथमं शैलपुत्री च द्वितीयं ब्रह्मचारिणी।*
*तृतीयं चन्द्रघण्टेति कूष्माण्डेति चतुर्थकम्।।*
*पंचमं स्कन्दमातेति षष्ठं कात्यायनीति च।*
*सप्तमं कालरात्रीति महागौरीति चाष्टमम्।।*
*नवमं सिद्धिदात्री च नवदुर्गा प्रकीर्तिता।*
*उक्तान्येतानि नामानि ब्रह्मणैव महात्मना।।*

*माँ का प्रथम स्वरूप शैलपुत्री है।*
*माँ शैलपुत्री का ध्यान मंत्र-*
*वन्दे वांछितलाभाय, चंद्रार्धकृतशेखराम्।*
*वृषारूढां शूलधरां, शैलपुत्रीं यशस्विनीम् ॥*

*शैल अर्थात पर्वत, पर्वत राज हिमालय के घर पुत्री रूप में जन्म लेने के कारण इनका नाम शैलपुत्री हुआ। माँ शैलपुत्री वृषभ पर सवार हैं। इनके दाहिने हाथ में त्रिशूल है और बाएँ हाथ में कमल पुष्प सुशोभित है। त्रिशूल जहाँ पापियों का विनाश करता है, वहीं भक्तों को अभयदान देता है। बाएँ हाथ में सुशोभित कमल का पुष्प ज्ञान और शांति का प्रतीक है।*

### कथा

एक बार जब दक्ष प्रजापति ने यज्ञ किया तो उन्होंने समस्त देवताओं को निमंत्रित किया परन्तु भगवान शिव को नहीं। यह देखने शिव की भार्या सती को ठेस पहुँचा। भगवान शिव की अर्धांगिनी सती यज्ञ में जाने के लिए विकल हो उठीं। शंकरजी ने कहा कि सारे देवताओं को निमंत्रित किया गया है, उन्हें नहीं। ऐसे में वहां जाना उचित नहीं है। परन्तु सती बार- बार निवेदन करती रही। उनका प्रबल आग्रह देखकर शंकरजी ने उन्हें यज्ञ में जाने की अनुमति दे दी। सती जब घर पहुंचीं तो सिर्फ उनकी माँ ने ही उन्हें स्नेह दिया। बहनों की बातों में व्यंग्य और उपहास के भाव थे। भगवान शंकर के प्रति भी तिरस्कार का भाव था। दक्ष ने भी उनके प्रति अपमानजनक वचन कहे। इससे सती को और अधिक क्लेश पहुंचा। वो पति का यह अपमान न सह सकीं और हवन कुण्ड में प्रवेश कर अपने को जलाकर भस्म कर लिया। इस दारुण दु:ख से व्यथित होकर शंकर भगवान ने उस यज्ञ का विध्वंस करा दिया। पुन: प्रजापति एवं समस्त देवों के क्षमा याचना से शिव शान्त हुए। यही देवी सती ने अगले जन्म में शैलराज हिमालय की पुत्री के रूप में जन्मीं और शैलपुत्री कहलाईं।

# हमास हमले का कमांडर अली कादी ढेर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। येरुशलम**

इस्राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा है कि उसने हमास के कमांडो बलों में एक कमांडर को मार डाला है। इस्राइल का दावा है कि अली कादी ने पिछले हफ्ते दक्षिणी इस्राइल समुदायों पर हमलों में से एक का नेतृत्व किया था। द टाइम्स ऑफ इस्राइल की रिपोर्ट के अनुसार, आईडीएफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- %एक्स% पर लिखा, ÷अली कादी ने 7 अक्टूबर को इजराइल में नागरिकों के अमानवीय, बर्बर नरसंहार का नेतृत्व किया। हमने उसे मार गिराया। हमास के सभी आतंकवादियों का यही हश्र होगा।

### गाजा पट्टी पर रिहाई

आईडीएफ के अनुसार, शिन बेट सुरक्षा एजेंसी और सैन्य खुफिया निदेशालय के खुफिया प्रयासों के बाद एक ड्रोन हमले में तथाकथित नुखबा इकाई के कंपनी कमांडर अली कादी की मौत हो गई। आईडीएफ ने कहा कि कादी को 2005 में इजरायली नागरिकों के अपहरण और हत्या के आरोप में इस्राइल ने गिरफ्तार किया था। 2011 की गिलाद शालित (2011 Gilad Shalit) कैदी विनिमय योजना के हिस्से के रूप में कादी को गाजा पट्टी पर रिहा किया गया था। इस्राइल में हमास के आतंकी हमलों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई में, इस्राइली सैनिकों उनके टैंकों और हथियारों को गाजा सीमा के पास तैनात किया गया है। वे हमास के खिलाफ पूरे जमीनी हमले की तैयारी कर रहे हैं।



### शनिवार के अहम अपडेट्स

- अमेरिका भी इजराइल से अपने नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन चलाएगा। बाइडेन ने हमास के हमले के बाद इजराइल में लापता नागरिकों के परिजनों से 90 मिनट तक मुलाकात की।
- इजराइली फौज ने उन खबरों को गलत बताया है, जिनमें दावा किया गया था कि उसने गाजा पर कार्रवाई के दौरान फास्फोरस बम का इस्तेमाल किया। इजराइल फौज ने कहा- ये बेबुनियाद बातें और प्रोपेगैंडा है।
- तुर्किये सरकार ने कहा है कि गाजा को 24 घंटे में खाली कराना नामुमकिन है और इजराइल का यह ऑर्डर कबूल नहीं किया जा सकता। इस बारे में दुनिया के तमाम देशों को आवाज उठानी चाहिए। उत्तरी गाजा से आम नागरिकों को निकलने के लिए पर्याप्त समय मिलना चाहिए।
- अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन शुक्रवार को कतर पहुंचे। उन्होंने कहा- कतर को चाहिए कि वो हमास पर दबाव बनाए और बंधकों को रिहा कराए। इजराइल सरकार की यह कोशिश है कि गाजा में मिलिट्री एक्शन के दौरान आम लोगों को नुकसान ना हो।

### भारत ने अबतक 447 लोगों को निकाला

भारत सरकार के ऑपरेशन अजय के तहत इजराइल के तेल अवीव से आज सुबह भारतीयों का दूसरा जत्था दिल्ली पहुंचा है। शुक्रवार देर रात 235 लोगों को लेकर फ्लाइट रवाना हुई थी।भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इनके फ्लाइट में बैठने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की थीं। इजराइल में फंसे 447 लोगों का अब तक रेस्क्यू किया गया है। शुक्रवार सुबह एअर इंडिया की फ्लाइट से 212 लोग दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे थे।

### इजराइल में भी घर छोड़ रहे लोग

हमास ने शुक्रवार देर रात इजराइल की राजधानी तेल अवीव पर कई रॉकेट दागे। इसके बाद रेहोवोत में भी रॉकेट हमले हुए। हमास के हमलों के चलते इजराइल में भी लोग घर छोड़ रहे हैं। देर रात दूसरी बार सायरन बजने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वे भारतीय रेस्टोरेंट में डिनर कर रहे थे। इसी दौरान सायरन बजने लगा। इसके 15 सेकेंड बाद 5-6 धमाके हुए। सायरन बजने के बाद सभी लोगों को बम शेल्टर में शिफ्ट किया गया। इससे पहले दिन में सायरन की आवाज पर इजराइली मिलिट्री ने आम इजराइलियों के साथ वैभव को एक बम शेल्टर में शिफ्ट किया था।

### इजराइल के हमले में एक पत्रकार की मौत, छह घायल

दक्षिणी लेबनान में इजराइली हमले में न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के एक वीडियोग्राफर की मौत हो गई है। उनका नाम इसाम अब्दुल्लाह बताया गया है। रॉयटर्स ने भी एक बयान जारी किया। इसमें बताया गया कि इसाम अपनी टीम के साथ साउथ लेबनान से लाइव वीडियो सिग्नल भेज रहे थे। इसी दौरान उनकी मौत हुई। इसी टीम के दो जर्नलिस्ट्स ताहेर अल सुदानी और मेहर नाजेह सहित छह और पत्रकार जख्मी हुए हैं।

### हमास ने तेल अवीव पर 250 रॉकेट दागे

हमास ने तेल अवीव पर करीब 250 रॉकेट दागे। इसके बाद कुछ बम धमाके भी हुए। इजराइली सेना ने खतरे को देखते हुए सायरन अलर्ट बजाया ताकि लोग महफूज ठिकानों पर चले जाएं। इस दौरान रुक-रुककर फायरिंग की आवाज भी आती रही। सेंट्रल इजराइल के रेहोवोत इलाके में कुछ मकान रॉकेट हमलों की चपेट में आ गए। हालांकि, किसी नागरिक को नुकसान पहुंचने की खबर नहीं है। इजराइली फौज ने एक नया एंबुलेंस नेटवर्क तैयार किया है। इसमें आम नागरिकों और फौजियों के लिए अलग एंबुलेंस रखी गई हैं।

## फर्जी पासपोर्ट घोटाला, सीबीआई की 50 ठिकानों पर छापेमारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल और सिक्किम में करीब 50 ठिकानों पर सीबीआई की टीम ने छापा मारा। कोलकाता, दार्जीलिंग और सिलीगुड़ी में कार्रवाई हुई। फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट जारी करने के लिए सरकारी अधिकारियों समेत 24 लोगों पर आरोप लगाया गया है। दो लोगों को डिटेन किया गया है। गंगटोक में सीबीआई अधिकारी ने बताया कि एफआईआर में 16 अधिकारियों समेत 24 लोगों के नाम हैं, जो कथित रूप से रिश्वत लेकर जाली दस्तावेजों के आधार पर देश में ना रहने वाले लोगों को पासपोर्ट जारी कर रहे थे।

## पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के दो संदिग्धों को पकड़ा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पंजाब पुलिस ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के दो निवासियों को गिरफ्तार कर लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार संदिग्धों के पास से दो आईईडी , दो हथगोले, एक पिस्तौल, दो मैगजीन, 24 कारतूस, एक टाइमर स्विच, आठ डेटोनेटर और चार बैटरियां बरामद की गई हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि अमृतसर पुलिस के राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ ने एक केंद्रीय एजेंसी के साथ मिलकर यह अभियान चलाया।

## चीन ने एलएसी पर सैन्य अड्डे बनाए

- लद्दाख से अरुणाचल तक बॉर्डर पर गांव बसाने के नाम पर चौकियां बनाईं
- एलएसी की रखवाली से जुड़ी सुरक्षा एजेंसियों ने इस बारे में केंद्र सरकार को विस्तृत जानकारी दी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

चीन की सेना लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक एलएसी के उस पार गांव बसाने के नाम पर सैन्य अड्डे बना रही है। इन गांवों का इन्फ्रास्ट्रक्चर इस तरह से बनाया जा रहा है कि इनका इस्तेमाल सैन्य अड्डों के रूप में किया जा सके। गांवों में बनाए गए वॉच टावर, बड़े वेयर हाउस और कॉन्क्रीट के ढांचे इसी ओर इशारा करते हैं। एलएसी की रखवाली से जुड़ी सुरक्षा एजेंसियों ने इस बारे में केंद्र सरकार को विस्तृत जानकारी दी है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, 3,488 किलोमीटर लंबी एलएसी के पास चीन ने 'शियाओकांग' नाम से 628 गांव बसा लिए हैं। शियाओकांग का मतलब चीनी भाषा में 'समृद्ध' होता है। इनमें से ज्यादातर गांव उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश से लगे बॉर्डर के पास हैं। इन गांवों में निगरानी चौकियां, स्टोरेज और हेलीपैड जैसी सुविधाएं बना ली गई हैं।

### चीन ने हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ा

भारत के सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि चीनी सेना शांतिकाल के दौरान इन गांवों को निगरानी चौकियों के रूप में इस्तेमाल करना चाहती है। जबकि सैन्य टकराव की स्थिति में इन गांवों को अग्रिम छावनियों की तरह इस्तेमाल किया जाएगा। खास बात यह है कि इन गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ दिया गया है। उत्तर, मध्य और पूर्वी सेक्टर में सड़कें बनाने का काम तेजी से चल रहा है।

### नए गांव बसाने पर खर्च किए 34,400 करोड़ रु.

सुरक्षा एजेंसियों की जानकारी के अनुसार, चीन ने नए गांव बसाने पर 30 अरब युआन यानी करीब 34,400 करोड़ रु. खर्च किए हैं। इसके अलावा इन गांवों में रहने वाले लोगों को विशेष सब्सिडी भी दी जा रही है, जो 55,000 से 85,000 रु. सालाना है।

### चीन के जवाब में भारत की 'वाइब्रेंट विलेज योजना'

भारत ने वाइब्रेंट विलेज योजना बनाई है। इसके तहत 2,900 गांवों को जोड़ा जाएगा। सभी गांव एलएसी पर हैं। वहां इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप करना चीनी क्षेत्र के मुकाबले कठिन है। इसलिए सरकार उन गांवों को चिह्नित कर चुकी है, जहां से पलायन हुआ है। ऐसे ज्यादातर गांव उत्तराखंड में हैं।




# पुलिस के बच्चों पर गर्व लेकिन बहकावे में मत आना : विवेक फणसलकर

**जन एक्सप्रेस। अंकित मिश्रा**

**मुंबई।** एसएससी परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले पुलिस अधिकारियों के 13 (प्रतिनिधि) बच्चों को हाल ही में पुलिस क्लब (आजाद मैदान) के प्रेरणा सभागार में मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर और विशेष पुलिस आयुक्त देवेन भारती ने नकद और उपहार देकर सम्मानित किया। उस वक्त पुलिस कमिश्नर विवेक फणसलकर ने कहा था, %मुझे गर्व है कि आप पुलिस के बच्चे हैं। आप सही दिशा में जा रहे हैं, लेकिन इस सफलता से प्रभावित न हों। अपना ध्यान रखना मुझे यह भी विश्वास है कि आप भविष्य में मुंबई पुलिस का नाम सफलता के शिखर पर ले जाएंगे, यह गौरव उद्गार पुलिस आयुक्त फणसलकर ने कहे। 10 वीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले दिव्या दत्तू शेलके (97.40), अथर्व संजय बाईत (97.40), सिद्धिका विनोद महाडिक (96.40), संवेदी महेश राठौड़ (95.60), ऋषिकेश गोविंद सांगले (95.40) आदि 50 मेधावी बच्चे जन सहयोग फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया गया। उस समय मुंबई के विशेष पुलिस आयुक्त देवेन भारती ने कहा था, जब हमारे पुलिस अधिकारी 24 घंटे ड्यूटी पर रहते हैं, तब भी उनके बच्चों द्वारा अपनी मां की मदद से हासिल की गई यह सफलता वाकई सराहनीय है। एसएससी परीक्षा में बड़ी सफलता हासिल करने वाले हमारे अधिकारियों के बच्चे आज देश-विदेश में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। मुझे गर्व है कि वे हमारे देश का नाम रोशन कर रहे हैं। आज जिन बच्चों को सम्मानित किया गया है मुझे यह भी आशा है कि उनमें से कई कल डिप्टी कमिश्नर, कमिश्नर बनेंगे या उच्च पदों पर नियुक्त होंगे। देवेन भारती ने जन सहयोग फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रभाकर पवार की भी सराहना की और धन्यवाद दिया। उन्होंने अपने भाषण में यह भी कहा कि समाज को पवार जैसे लोगों की जरूरत है, जो लगातार पुलिस के लिए लड़ रहे हैं. सम्मान समारोह में उपायुक्त प्रवीण मुंडे, प्रफुल्ल भोसले, मिलन मेहता, शशांक शाह, ललित मांगे, अनिल गलगली और अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। विशेष पुलिस आयुक्त देवेन भारती ने संगठन की ओर से प्रकाश साबले को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन संदीप छौंकर ने किया। जब पुलिसकर्मियों के बच्चों का सम्मान समारोह चल रहा था तभी कमिश्नर विवेक फणसलकर को मुख्यमंत्री का फोन आया। इसलिए उन्होंने संक्षेप में अपना भाषण समाप्त किया और चले गए। लेकिन वह पुलिस अधिकारियों के मेधावी बच्चों में, परिवार में, उनके बच्चों में शामिल होना चाहते थे। वे उनसे संवाद करना चाहता था। लेकिन मंत्रालय के %कॉल% के कारण कमिश्नर ऐसा नहीं कर सके। संक्षेप में कहें तो पुलिस कमिश्नर को भी सांस लेने, अपने पुलिस परिवार के सदस्यों से दो शब्द बोलने की फुर्सत नहीं मिली। इससे पता चलता है कि पुलिस कितने तनाव में है।





## हर साल 23 अगस्त को मनाया जाएगा 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस', जारी की अधिसूचना : केंद्र

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है। यह फैसला चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर विक्रम लैंडर की लैंडिंग और प्रज्ञान रोवर की तैनाती के साथ चंद्रयान-3 मिशन की सफलता का जश्न मनाने के लिए की गई है। इसको लेकर एक अधिसूचना भी जारी की गई गई है। अंतरिक्ष विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया, ÷23 अगस्त, 2023 को विक्रम लैंडर की लैंडिंग और चंद्रमा की सतह पर प्रज्ञान रोवर की तैनाती के साथ चंद्रयान -2023 मिशन की सफलता के साथ भारत अंतरिक्ष यात्रा करने वाले देशों के एक विशिष्ट समूह में शामिल हो गया, जो चंद्रमा पर उतरने वाला चौथा देश और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला राष्ट्र बन गया। इस ऐतिहासिक मिशन के परिणाम आने वाले वर्षों में मानव जाति को लाभान्वित करेंगे।÷ इसमें आगे कहा गया, यह दिन अंतरिक्ष मिशनों में देश की प्रगति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित को आगे बढ़ाने के लिए युवा पीढ़ी को प्रेरित करता है और अंतरिक्ष क्षेत्र को एक प्रमुख प्रेरणा प्रदान करता है। इसलिए, भारत सरकार ने इस ऐतिहासिक क्षण को मनाने के लिए हर साल अगस्त के 23वें दिन को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में घोषित किया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेड: कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)